अम्बर ऑफसेट प्रा. लि.
केडलगंज, अलवर
अत्याधुनिक छपाई का विश्वसनीय स्थान
अत्याधुनिक तकनीक से प्लेट मेकिंग, ग्राइंडिंग एवं नेगेटिव, पोजिटिव के लिए सम्पर्क करें-
फोन नं.- 2335105


# सांध्य ज्योति दर्पण

www.dainiksandhyajyotidarpan.com

वर्ष 35 | अंक 127 | अलवर, गुरुवार, 8 मई 2025 | जयपुर, अलवर, नागौर व भरतपुर से एक साथ प्रकाशित | पृष्ठ 8 मूल्य : एक रु.

बहरोड़, भिवाड़ी, राजगढ़, तिजारा, कोटकासिम, थानागाजी, मालाखेड़ा, लक्ष्मणगढ़, किशनगढ़बास, कठूमर, खेड़ली, बानसूर, खैरथल, गुरुग्राम, धारूहेड़ा व रेवाड़ी से प्रसारित


अम्बर ऑफसेट प्रा. लि.
केडलगंज, अलवर
अत्याधुनिक छपाई का विश्वसनीय स्थान
अत्याधुनिक तकनीक से प्लेट मेकिंग, ग्राइंडिंग एवं नेगेटिव, पोजिटिव के लिए सम्पर्क करें-
फोन नं.- 2335105

## ब्लैक आउट


शहर


होपसर्कस

फोटो : राजेश सैन


बाला किला


मोती डूंगरी

अलवर में भीषण गर्मी के उपरांत सूर्यदेव के ढलते ही पूरे भारतवर्ष में ब्लैक आउट की तैयारियां परवान चढ़ने लगी। ब्लैक आउट पूर्वाभ्यास के दौरान जहां सन्नाटे का प्रभुत्व रहा वहीं चकाचौंध भरी जिंदगी से दूर होपसर्कस, मोती डूंगरी और बाला किले पर अंधेरे का साम्राज्य कायम हो गया। जबकि शाम 7 बजे के लगभग सूर्यदेव से राहत नजर आई। इससे पूर्व दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक बादलों से हल्की-फुल्की बूंदाबांदी से गर्मी से राहत मिली।

## थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए रक्तदान शिविर

**अलवर, 8 मई ( निसं )।** थैलेसीमिया डे पर लाईफ सेवर टीम की ओर से थैलेसीमिया पीड़ति बच्चों के लिए आयोजित विशेष रक्तदान शिविर 8 मई 2025 गुरुवार को सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक राजीव गांधी सामान्य जिला अस्पताल, ब्लड बैंक, अलवर में आयोजित किया जा रहा है।

## रेलवे जंक्शन पर जीआरपी-आरपीएफ ने की गश्त

**अलवर, 8 मई ( निसं )।** देश में बुधवार को सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल हुई। जिले में ब्लैक आउट का पूर्वाभ्यास शाम 7:45 बजे से 8 बजे तक हुआ।

इससे पहले रात को अलवर रेलवे जंक्शन पर जीआरपी और आरपीएफ की टीम गश्त करती रही।

# जिले में ब्लैक आउट का पूर्वाभ्यास

**अलवर, 8 मई ( नसं )।** गृह मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशों की अनुपालना में आज 'हवाई हमले की स्थिति' में बचाव व सुरक्षा के लिए जिले के नागरिकों को प्रशिक्षित करने के लिए स्वैच्छिक ब्लैक आउट का पूर्वाभ्यास आयोजित किया गया।

जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बताया कि जिला प्रशासन के आह्वान पर जिले में रात्रि 7:45 बजे से रात्रि 8 बजे तक जिले के नागरिकों के द्वारा स्वैच्छिक ब्लैक आउट रहा। इस ब्लैक आउट का उद्देश्य किसी भी प्रकार के हवाई हमले की स्थिति में नागरिकों को अपने बचाव व सुरक्षा हेतु उन्हें प्रशिक्षण दिया जाना है। इस ब्लैक आउट की सूचना सोशल मीडिया व इलैक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम के अलावा सायरन बजाकर नागरिकों को दी गई। उन्होंने बताया कि इस प्रकार ब्लैक आउट व मॉक ड्रील का पूर्वाभ्यास पुन: भी किया जा सकता है।

**ब्लैकआउट की स्थिति में क्या करें, क्या ना करें :** उन्होंने बताया कि हवाई हमले की स्थिति में ब्लैक आउट किए जाने पर निर्धारित समय में सायरन या हूटर बजते ही बिना घबराए सभी नागरिक अपने घरों में रहे व अनावश्यक घर से बाहर न निकलें, प्रत्येक स्थान की लाइट बंद कर दें, भगदड न मचाए व धूम्रपान न करें, माचिस, मोबाइल, टॉर्च एवं फ्लैश लाइट का इस्तेमाल न करें, यदि किसी घर अथवा प्रतिष्ठान की खिडकी से प्रकाश बाहर निकलता दिखें तो उस स्थान पर काला कागज लगाये, सडक पर चलने वाले वाहनों की लाइट बंद करें तथा जहां जो हो वहीं वाहन के साथ रूक जाएं, ब्लैक आउट में क्षेत्र के सिविल डिफेन्स के वार्डनों की सहायता करें, दो मिनट तक सायरन बजने पर बचाव कार्य व अन्य गतिविधि में लग जाएं, ऐयर रेड सायरन बजने पर शांतिपूर्वक सुरक्षित स्थान पर शरण ले, अफवाहों से बचे और प्रशासन द्वारा दिए गए निर्देशों की पालना करें, नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों व स्थानीय प्रशासन का सहयोग करें, मोबाइल या रेडियो पर सरकारी अलर्ट सुने, सुरक्षित शरण स्थल की जानकारी लें, शरण स्थल तक जल्दी से पहुंचने का रास्ता पहले से तय करें, पीने का पानी कम से कम तीन दिन का व सूखा भोजन (बिस्किट, ड्राई फूट आदि) जैसी जरूरी वस्तुएं तैयार रखें, प्राथमिक चिकित्सा कीट, टार्च एवं एक्स्ट्रा सेल रखे, जरूरी दस्तावेज जैसे आईडी मेडिकल रिपोर्ट आदि सुरक्षित रखे, शीशे से दूर रहे जमीन पर लेट जाए, हवाई हमले के बाद तभी बाहर निकले जब सरकारी निर्देश मिले, घायल हो तो प्राथमिक उपचार करें, संदिग्ध वस्तु या बम दिखे तो छुए नहीं व पुलिस को इसकी सूचना देवे, यदि रोड पर हो तो वाहन किनारे खडा कर वाहन की लाइट ऑफ कर दें, समय-समय पर जिला प्रशासन द्वारा जारी आदेशों/निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें, घबराये नहीं ट्रैफिक नियमों और आपदा प्रबंधन कर्मियों व पुलिस के निर्देशों का पालन करें। हवाई हमले का रेड सिग्नल 2 मिनट तक ऊंची-नीची आवाज में सायरन बजाकर दिया जाएगा तथा खतरा टलने की सूचना 2 मिनट तक सायरन को एक ही आवाज में बजाकर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि नागरिक हवाई हमले की आपातकालीन स्थिति में किसी भी सूचना के लिए नागरिक सुरक्षा नियंत्रण कक्ष दूरभाष नं. 0144-2338000 व मो.नं. 8290026219 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

## पहलगाम आतंकी हमले के बाद 117 बांग्लादेशी पकड़े

**अलवर, 8 मई ( नसं )।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद पुलिस अलर्ट मोड़ पर है। पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई में राजगढ़, बगड़ तिराहा और मालाखेड़ा क्षेत्र से 117 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है।

पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद गृह विभाग के निर्देश पर की गई छापेमारी में ये गिरफ्तारियां हुई हैं। अलवर के पुलिस अधीक्षक संजीव नैन के अनुसार, अधिकतर गिरफ्तार किए गए लोग स्थानीय ईंट भट्टों पर कार्यरत थे।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तेजपाल सिंह ने बताया कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद उच्च अधिकारियों के निर्देश पर अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान और पड़ताल की गई।

उन्होंने बताया कि ये सभी लोग कई वर्षों से भारत में अवैध रूप से निवास कर रहे थे। फिलहाल इन सभी को विभिन्न थानों में रखा गया है और जल्द ही इन्हें डिटेंशन सेंटर भेजने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

एएसपी ने यह भी बताया कि ये सभी लोग अवैध रूप से सीमा पार कर भारत में प्रवेश कर गए थे और लंबे समय से यहां रह रहे थे। अब इन सभी को चिह्नित कर लिया गया है और जल्द ही इन्हें बांग्लादेश वापस भेजा जाएगा। वर्तमान में इन्हें विभिन्न थानों में रखा गया है, जहां से इन्हें डिटेंशन सेंटर स्थानांतरित किया जाएगा।

## भगवत-चिंतन

### गुरु की पहचान

एक नवयुवक जल्दी ही बोध प्राप्त करना चाहता था। रोज गुरु से कहता कि कब बोध होगा, कब बोध होगा? एक दिन युवक को पता चला कि दूर शहर में एक ऐसा गुरु है, जिसके पास लोगों की बड़ी जल्दी उन्नति होती है. वह अपने गुरु के पास जाकर बोला-'गुरुदेव ! मैने सुना है एक गुरु हैं, जो जल्दी ही उन्नति करा देते हैं. तो क्या आप अनुमति देंगे कि मैं उन गुरु के पास चला जाऊं ?'

गुरु ने कहा- 'हां, चले जाओ' वह लंबी यात्रा करके उन गुरु तक पहुंच गया. जब मिला, तो गुरु ने पूछा कि कहां से आये हो? उसने अपने मठ का नाम लिया. सुनकर गुरु के होंठो पर मुस्कान आ गयी. वह युवक बीस वर्ष तक उनके पास रहा.

साधना करते हुए बड़े उतार-चढ़ाव आये. एक दिन उसके भीतर साधना का कमल खिल गया. बहुत आनंदित होकर गुरु के पास गया. प्रणाम करके उनको धन्यवाद दिया और कहा, 'आपकी कृपा से अंतत: मेरी इच्छा पूर्ण हो गयी?'

गुरु ने कहा, 'क्या तुम जानते हो कि मेरे गुरु कौन हैं?' युवक ने कहा, 'यह तो आज तक मैने पूछा ही नहीं! कृपया आज मुझे बता दीजिए. गुरु ने कहा, 'बेटे! तुम जिस गुरु को छोड़ कर आये हो, वही मेरे गुरु हैं. जो तुम्हें यहां बीस वर्षों में प्राप्त हुआ है, वह मुझे मेरे गुरु ने दो वर्षों में दिया था. तुमने जब कहा कि तुम वहां से आ रहे हो, तो इस नाते तुम मेरे गुरु भाई थे. मुझे तुम पर बड़ी करुणा आ रही थी कि अपने महान गुरु की महिमा को तुम पहचान ही नहीं पाये. तुम कहीं भटक न जाओ इसलिए मैंने तुमको यह रहस्य उस समय नहीं बताया, पर तुम्हारी जल्दबाजी के कारण और तुम्हारी गुरु को जांचने-परखने की कमी के कारण तुमने इतना समय गंवाया है. मैं जानता हूं कि अगर तुम वहां रहते, तो शायद यह कार्य आधे समय में ही हो जाता. क्योंकि गुरु तो गुरु ही हैं, कोई चेला गुरु के बराबर नहीं हो सकता.'

आगे गुरु बोले, 'मैं जिनकी धूल माथे पर लगा कर बुद्धत्व को प्राप्त हुआ था, तुम ऐसे महान गुरु को छोड़ कर मेरे पास आये थे.' इंसान के पास जो होता है, वह उसको पहचान ही नहीं पाता.

– **आनंदमूर्ति गुरु मां**

## नारायणपुर में पेयजल संकट के लिए महिलाओं का हंगामा

**नारायणपुर, 8 मई ( निसं )।** उपखंड क्षेत्र में बढ़ती गर्मी के साथ गहराते पेयजल संकट को लेकर बुधवार को एसडीएम कार्यालय में ब्लॉक स्तरीय बैठक का आयोजन उपखंड अधिकारी दिनेश शर्मा की अध्यक्षता में किया गया।

बैठक के दौरान रैगरों की बावड़ी, खेंटा, बलाईयों का मोहल्ला और बागाला की ढाणी से आई महिलाओं ने उपखंड कार्यालय के बाहर जोरदार हंगामा किया। महिलाओं ने पेयजल संकट को लेकर तहसीलदार अनिल कुमार, एईएन विजय मीरवाल, जेईएन सुशीला सैनी, मनीष आदित्य व चेयरमैन प्रतिनिधि भवानी शंकर सैनी को जमकर खरी-खोटी सुनाई। प्रदर्शनकारी महिलाओं ने बताया कि उन्होंने कई बार जलदाय विभाग के अधिकारियों व चेयरमैन को पानी की समस्या से अवगत कराया, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं हुआ है। हंगामे के बीच अधिकारियों ने महिलाओं को समस्या समाधान का आश्वासन दिया और समझाइश के बाद महिलाएं शांत हुई।



बैठक में ग्रामीण जयराम सैनी और धुडाराम यादव ने मोरडी की ढाणी में जल जीवन मिशन (जेजेएम) के तहत डाली गई पाइपलाइन में अनियमितताओं की शिकायत की और पाइपलाइन को ड्राइंग के अनुसार डालने की मांग की। इसके अलावा अन्य ग्रामीणों ने भी अपने-अपने क्षेत्रों की पेयजल समस्याएं अधिकारियों के सामने रखीं। एसडीएम दिनेश शर्मा ने जलदाय विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे मौके पर जाकर समस्याओं की जांच करें और तुरंत प्रभाव से पेयजल व्यवस्था में सुधार करें। उन्होंने निर्देश दिए कि जहां पाइपलाइन से पानी नहीं पहुंच रहा है, वहां टैंकर से आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।

बैठक में बिजली एईएन नितिन गुप्ता, विधायक के निजी सहायक मनीष आत्रै, कराणा सरपंच देवीसिंह शेखावत, विजयपुरा सरपंच मोहनलाल वर्मा, चतरपुरा सरपंच नीरज तोंणगरिया, सरपंच भागीरथ सैनी, उपप्रधान रामनिवास भादू, मातादीन गुर्जर, हरद्वारी लाल शर्मा, जलेसिंह मीणा, कैलाश चंद सैनी, नत्थुराम प्रजापत, मीना देवी, धमली देवी, बिमला, ममता देवी, कोशल्या देवी, लीलो देवी सहित बड़ी संख्या में पुरुष और महिलाएं उपस्थित रहीं।

## रिमझिम बारिश से तापमान में गिरावट

**अलवर, 8 मई ( नसं )।** शहर सहित जिले में बुधवार को दिनभर आसमान में बादल छाए रहे। इससे तापमान में भी गिरावट रही। रामगढ़ में सुबह तेज धूप के बाद दोपहर 1 बजे से रिमझिम बारिश शुरू हो गई। मौसम विभाग ने कई जिलों में भारी बारिश और ओलावृष्टि को लेकर रेड अलर्ट जारी किया है।

बारिश से पहले काली घटाएं छाई और बादलों की गर्जना हुई। बारिश के कारण तापमान में गिरावट आई है।

रामगढ़ कस्बे की गलियों में पानी भर गया है। स्थानीय दुकानदारी भी प्रभावित हुई है। रामगढ़ में खाटू श्याम मंदिर पर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम चल रहा है।

स्थानीय निवासियों ने कहा कि भीषण गर्मी से लोगों को परेशानी हो रहे थे। जिसके बाद बारिश ने लोगों को राहत दी है। वहीं किसानों के लिए भी बारिश फायदेमंद है।

उन्होंने मिर्च, भिंडी, ककड़ी, बैंगन और टमाटर की फसल लगाई है। हालांकि, ओलावृष्टि की स्थिति में फसलों को नुकसान की आशंका है।

## जिला कलक्टर ने किया मत्स्य औद्योगिक क्षेत्र का निरीक्षण

**अलवर, 8 मई ( निसं )।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने मत्स्य औद्योगिक क्षेत्र (एमआइए) का दौरा कर पार्कों व सडक के किनारे कराए गए पौधारोपण, सडकों, नालियों व विद्युत आपूर्ति व्यवस्था आदि औद्योगिक क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

जिला कलक्टर ने निरीक्षण के दौरान रीको के वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक को निर्देशित किया कि वर्षा ऋतु से पूर्व नालों की सफाई का कार्य पूर्ण कर लिया जावें तथा सडकों की मरम्मत के प्रस्ताव यथाशीघ्र मुख्यालय भिजवाकर उन्हें स्वीकृत करवाकर कार्य करावे।

उन्होंने औद्योगिक इकाइयों से निस्तारित प्रदूषित जल के डिस्पोजल पोईन्ट का भी अवलोकन किया गया तथा प्रदूषण नियंत्रण मण्डल व रीको को कमेटी बनाकर इकाइयों का सर्वे करने तथा केमिकल इकाईयों को ईटीपी संचालित करने के लिए पाबंन्द करने के लिए निर्देशित किया।



उन्होंने हैवल्स इण्डिया लि. में किये गये वृक्षारोपण का निरीक्षण भी किया तथा उनके द्वारा किये गये एमओयू की प्रगति के संबंध में फीडबैक लिया।

जिला कलक्टर ने प्रदूषण नियंत्रण मण्डल कार्यालय के सभागार में रीको, जिला उद्योग केंद्र, प्रदूषण नियंत्रण मंडल एवं संबंधित अधिकारियों तथा मत्स्य उद्योग संघ के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर मत्स्य औद्योगिक क्षेत्र के समन्वित विकास, औद्योगिक इकाइयों द्वारा किए गए एमओयू की प्रगति, केंद्र व राज्य सरकार की औद्योगिक प्रोत्साहन योजनाओं व नीतियों, एसटीपी के शोधित पानी का औद्योगिक उपयोग आदि के संबंध में बिन्दुवार समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

बैठक में रीको के वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक परेश सक्सेना, जीएम डीआईसी एम.आर मीना, प्रदूषण नियंत्रण मंडल के सहायक अभियन्ता रवि तिवाड़ी सहित संबंधित अधिकारी एवं मत्स्य औद्योगिक संघ के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# 'ऑपरेशन अभ्यास' के तहत डी-मार्ट मॉल में मॉक ड्रील

## हवाई हमले की आपातकालीन स्थिति में राहत, बचाव व सुरक्षा व्यवस्था के उपायों को परखा

**अलवर, 8 मई ( नसं )।** जिले में 'ऑपरेशन अभ्यास' के तहत हवाई हमले के दौरान आपातकालीन स्थिति में बचाव, राहत एवं आवश्यक व्यवस्थाओं हेतु अरावली विहार थाने के पास स्थित 'डी-मार्ट मॉल' में मॉक ड्रील कर पूर्वाभ्यास किया गया।

इंसीडेंट कमांडर एवं उपखण्ड अधिकारी अलवर यशार्थ शेखर के नेतृत्व में विभिन्न विभागों की प्रतिक्रिया और समन्वय कर मॉक ड्रील की गई। जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला एवं पुलिस अधीक्षक श्री संजीव नैन ने मौके पर पहुंचकर मॉक ड्रील की कार्यवाही एवं व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया।

जिला कलक्टर ने बताया कि भारत सरकार के निर्देशों की पालना में आयोजित मॉक ड्रील के तहत आज अपराह्न 3.55 बजे नियंत्रण कक्ष से डी-मार्ट मॉल में हवाई हमले की सूचना प्रसारित कराई गई तथा सायरन बजाकर नागरिकों को हवाई हमले के संबंध में सूचित किया गया।

सूचना मिलते ही तुरन्त जिला प्रशासन, पुलिस, चिकित्सा दल, अग्निशमन, एम्बुलेंस, सिविल डिफेंस, नगर निगमकर्मी, एसडीआरएफ दल सहित अन्य संबंधित विभागों की टीमों ने मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव के लिए रेस्क्यू अभियान तुरन्त प्रारम्भ किया। मॉक ड्रील के दौरान डी-मार्ट परिसर को खाली कराने व वहां लगी आग को बुझाने की त्वरित कार्यवाही कर संबंधित दलों द्वारा वहां पर मिले 15 घायलों को तुरन्त रेस्क्यू कर उपचार हेतु चिकित्सालय में एम्बुलेंस के माध्यम से भिजवाने की कार्यवाही की गई।





साथ ही परिसर को सेनेटाइज करने, राहत व बचाव कार्य करने तथा रेस्पॉन्स टाइम पर उपकरण सही तरीके से करें आदि तैयारियों समीक्षा की गई।

उन्होंने बताया कि हवाई हमले की चेतावनी प्रणाली, हॉटलाइन/रेडियो लिंक, नियंत्रण कक्षों की कार्यप्रणाली, ब्लैकआउट तैयारी, मेडिकल, रसद और अग्निशमन व्यवस्था जैसी व्यवस्थाओं का अभ्यास इस ड्रिल में किया गया।

इस दौरान एडीएम प्रथम मुकेश कायथवाल, एडीएम द्वितीय योगेश डागुर, एडीएम शहर बीना महावर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय तेजपाल सिंह, जिला परिषद के सीईओ सालुखे गौरव रवीन्द्र, यूआईटी सचिव धीगदे स्नेहल नाना, नगर निगम आयुक्त जितेन्द्र सिंह नरूका, सीएमएचओ डॉ. योगेन्द्र शर्मा, पीएमओ डॉ. सुनील चौहान, डीएसओ विनोद जुनेजा, विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियन्ता सुधीर पाण्डे, जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियन्ता रमेश चंद सैनी, डीटीओ सुरेश यादव सहित संबंधित विभागीय अधिकारी एवं कार्मिक मौजूद रहे।

## गोविंदगढ़ सीएचसी का मेडिकल संयुक्त निदेशक ने किया निरीक्षण

**गोविंदगढ़, 8 मई ( नसं )।** जयपुर से मेडिकल संयुक्त निदेशक डॉक्टर दिनेश पारीक और अलवर से डिप्टी सीएमएचओ डॉ. महेश बैरवा ने गोविंदगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल की लैबोरेट्री और कार्यप्रणाली की सराहना की।

निरीक्षण के दौरान कई कमियां सामने आईं। अस्पताल में नए ऑपरेशन थिएटर की आवश्यकता है। एक्स-रे के लिए फिल्म उपलब्ध नहीं है। स्वास्थ्य केंद्र में 50 बेड की घोषणा के बावजूद, जनरल वार्ड में केवल 10 और प्रसूता वार्ड में 20 बेड हैं। डॉक्टर और कर्मचारियों के क्वार्टर जर्जर हालत में हैं। इन्हें पहले ही कंडम घोषित किया जा चुका है। नई बिल्डिंग के लिए बजट और सर्वे की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

नवजात बच्चों के लिए मिली मशीनें उपयोग में नहीं आ रही हैं। अस्पताल में जनरेटर और ऑक्सीजन प्लांट नहीं है। चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर एस के शर्मा के अनुसार, बजट और प्रशिक्षित स्टाफ की कमी के कारण मशीनों का उपयोग नहीं हो पा रहा है। निरीक्षण में स्टेट नॉडल ऑफिसर डॉक्टर दिनेश पारीक, डिप्टी सीएमएचओ डॉ महेश बैरवा, बीसीएमएचओ रूपेंद्र शर्मा, चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर एस के शर्मा और अन्य स्टाफ उपस्थित थे।

## तीन गांवों के लोगों ने उठाई पानी की समस्या

**बानसूर, 8 मई ( नसं )।** पानी के संकट को लेकर एसडीएम दिनेश कुमार शर्मा ने जनसुनवाई की। चतरपुरा, मोलडी और खेटा के ग्रामीणों ने पीने के पानी की कमी की शिकायत की।

ग्रामीणों ने बताया कि वे पानी के लिए इधर-उधर भटक रहे हैं। एसडीएम ने जलदाय विभाग के अधिकारियों को मौके पर जाकर समस्या की जांच करने और तुरंत पेयजल व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए। मंगलवार को चतरपुरा के ग्रामीणों ने पानी की सप्लाई बंद होने को लेकर विभाग के अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा था। इसके बाद एसडीएम ने सभी ग्राम पंचायतों के सरपंच और जलदाय विभाग के अधिकारियों के साथ ग्रामीणों की समस्या को लेकर जनसुनवाई की। उन्होंने जहां पानी नहीं पहुंच रहा है, वहां टैंकर से पानी पहुंचाने के आदेश दिए।

# ऑपरेशन सिंदूर के लिये भारतीय सेना और मोदी जी को साधुवाद - राजेश बिरला

## आपरेशन सिंदूर पहलगाम आतंकी हमले का बदला

**कोटा।** भाजपा शहर जिलाध्यक्ष राकेश जैन एवं राजस्थान रेडक्रॉस सोसायटी के प्रदेश अध्यक्ष राजेशकृष्ण बिरला के सानिध्य में, बुधवार अपराह्न में जीएमए सभागार जीएमए प्लाजा के बाहर रोड पर भाजपा कार्यकर्ताओं नें भारतीय सेना द्वारा चलाये गये आपरेशन सिंदूर की सफलता पर भव्य आतिशबाजी कर खुशीयां मनाते हुए लड्डुओं से मुंह मीठा करवाकर जश्न मनाया ।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष राकेश जैन ने कार्यकर्ताओं को अपने हाथों से लड्डू खिला कर मुंह मीठा किया एवं मॉकड्रिल का प्रशिक्षण के दौरान क्या क्या सावधानियां रखनी हैं उसके बारे में विस्तार से बताया।

राजस्थान रेडक्रॉस सोसायटी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कृष्ण बिरला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मजबूत नेतृत्व ही हैं कि आज विश्व में सभी देश भारत के पक्ष में खडे हैं और पाकिस्तान द्वारा किये गये कायराना घटना की सभी निंदा कर रहे है। आज हम ऑपरेशन सिंदूर के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व भारतीय सेना को ह्दय से साधुवाद देते है। पूरा भारत देश मोदी जी व भारतीय सेना के साथ है। जिलाध्यक्ष राकेश जैन ने कहा कि पाक द्वारा प्रशिक्षित आतंकी भारत में आकर बेकसूर आमजन की जाति, धर्म पूंछकर निर्मम हत्या करते है, महिलाओं से कहते हैं मोदी से कह देना इस का जवाब मोदी जी ने पूरे विश्व को संदेश देकर दे दिया ,प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, 140 करोड देशवासियों का नेतृत्व करते है। उनको चौलेंज करने का मतलब भारत देश को चौलेंज करना है। गत रात्री को 140 करोड के देश की भारतीय सेना ने अपना पराक्रम दिखा दिया

मोदी जी ने कहा था आतंक के आकाओं को मिट्टी में मिला देंगे ,सो मिट्टी में मिला दिया। भारतीय सेना ने अपना शौर्य, पराक्रम व वीरता का प्रदर्शन करते हुए, पाक में पनप रहे आतंक के अड्डो को बर्बाद कर दिया। मात्र 25 मिनट में आतंक के 9 ठिकानों पर स्थित 21 अड्डो को मिट्टी में मिला दिया। अनेको आतंकवादी मार गिराये। भारत ने स्पष्ट कर दिया कि हमने किसी आम नागरिक, सेना को टार्गेट नहीं किया हमने सिर्फ आतंक को टार्गेट किया है। इसके बाद भी यदि पाक ने कोई हिमाकत की तो भारत उसका मुंहतोड जवाब देगा। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष राकेश जैन ने प्रशासन द्वारा चलाये जा रहे मॉक ड्रिल के बारे में विस्तार से समझाते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ता के मन में हमेशा सेवाभाव रहा हैं। कैसी भी कठिन स्थिती हो भाजपा कार्यकर्ता आमजन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खडा रहा है। आज प्रशासन द्वारा मॉक ड्रिल करवाया जायेगा हम सभी को प्रशासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों की पालना करना है। आपात स्थिती में हमारे आस पास रहने वाले सभी को आवश्यक सुरक्षात्मक उपाय बताने है तथा प्रशासन व आमजन का पूरा सहयोग करना है। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता विशाल शर्मा, सोशल मिडिया प्रदेश से मयंक सेठी, जिला उपाध्यक्ष देवेन्द्र राही, जिला मंत्री राजेन्द्र अग्रवाल, जिला कोषाध्यक्ष मुकेश हरचंदानी, सोशल मिडिया से मोनिका माहेश्वरी, हीमांशु सेनी, महिला मोर्चा से पूनम जैन, ओबीसी मोर्चा से अमित उराडिया, अल्पसंख्यक मोर्चा से साहिल मिर्जा, मण्डल अध्यक्ष महेन्द्र सिंह निर्भय, दीनू बंजारा, चंद्रप्रकाश महावर, पन्नालाल बंजारा, अक्षय चौधरी, मण्डल प्रतिनिधि धर्मेन्द्र सिंह हाडा, हरकचंद जैन, महेन्द्र गर्ग, रितु शर्मा, नारित्य शर्मा, प्रदीप राठौर, रोहित चंदेल, अभीषेक जैन सहित बडी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

# रवींद्रनाथ टैगोर जयंती पर श्रद्धा और सम्मान के साथ अर्पित किए गए श्रद्धासुमन

## गुरुदेव की शिक्षाओं को आत्मसात करने का लिया संकल्प

**उदयपुर।** विश्वविख्यात साहित्यकार, दार्शनिक और नोबेल पुरस्कार विजेता गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती के पावन अवसर पर बुधवार को रवींद्रनाथ टैगोर मेडिकल कॉलेज, उदयपुर में विशेष श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया। कॉलेज परिसर स्थित गुरुदेव की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। इस अवसर पर अनेक गणमान्य नागरिक, शिक्षकगण, विद्यार्थी तथा स्थानीय जन उपस्थित रहे। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं प्रवक्ता पंकज कुमार शर्मा ने गुरुदेव की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा, गुरुदेव टैगोर न केवल एक महान कवि और साहित्यकार थे, बल्कि भारतीय संस्कृति, शिक्षा और आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में भी उनका योगदान अविस्मरणीय है। उनकी कालजयी रचनाएं आज भी जनमानस को दिशा देती हैं और प्रेरणा प्रदान करती हैं।

# श्री देवनानी की कथावाचक पं. मिश्रा से भेंट

**जयपुर।** राजस्थान राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी ने कथा वाचक श्री प्रमोद मिश्रा से भेंट की। श्री देवनानी ने पं. मिश्रा का दुपट्टा पहनाकर अभिनन्दन किया। पं. मिश्रा ने श्री देवनानी को माला पहनाकर आशीर्वाद दिया। पं. मिश्रा ने श्री देवनानी को सिहोर आने का निमन्त्रण दिया।

# कालीबाई भील मेधावी स्कूटी योजना के अन्तर्गत छात्राओं को मिली स्कूटी

**श्रीमाधोपुर।** राजस्थान सरकार द्वारा आयोजित व आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा जयपुर द्वारा जारी कालीबाई भील मेधावी स्कूटी योजना के अन्तर्गत श्री राधास्वामी कॉलेज, खेजरोली की दो छात्राओं का चयन हुआ है। छात्राओं को कॉलेज पहुंचने पर निदेशक मोहर सिंह खर्रा, सचिव गीता खर्रा, प्रवक्ता राकेश यादव ने माला पहनाकर, मिठाई खिलाकर, प्रतीक चिन्ह के साथ स्कूटी के दस्तावेज, हेलमेट सौपे।कार्यालय प्रभारी महिपाल देवंदा ने बताया की छात्रा सिमरन सबल पुत्री रामनिवास सबल, निवासी करीरी, मोनिका योगी पुत्री नरेंद्र कुमार योगी, निवासी -खेजरोली को टीवीएस जुपिटर स्कूटी प्रदान कर हेलमेट और स्कूटी के दस्तावेज सोपकर सम्मानित किया। राजस्थान सरकार की अन्य योजनाओं की जानकारी दी। सभी विद्यार्थियों के नियमित उपस्थिति के साथ अच्छे परिणाम की कामना की। सुनीता बिजारणिया, संगीता कुम्हार, रामलाल यादव, समस्त



स्टाफ द्वारा भी स्कूटी प्राप्त छात्राओं को मिठाई खिलाकर प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मान किया गया।

# महाराणा प्रताप की 485 वी जयंती पर शोभायात्रा 29 मई को

**मेवाड़।** क्षत्रिय महासभा शहर अध्यक्ष चंद्रवीर सिंह करेलिया ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रात: स्मरणीय महाराणा प्रताप की जन्म जयंती पर मोती मगरी स्थित महाराणा प्रताप पर पुष्पांजलि के पश्चात शोभायात्रा विभिन्न मार्ग से होती हुई टाउन हॉल पर नगर निगम में पहुंचेगी। जहां मुख्य समारोह आयोजित होगा। इस कार्यक्रम की तैयारी के निमित्त कार्यकारिणी के उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह पाखंड, कोषाध्यक्ष राम सिंह खेड़ा, कुंदन सिंह मुरोली, सप्त दिवसीय कार्यक्रम संयोजक कमलेंद्र सिंह पंवार ने बैठक कर आगामी तैयारी हेतु रूपरेखा तय की गई।

# पुण्यतिथि पर बेटों-पोतों ने की गौ सेवा



**रींगस।** भैरुजी मंदिर पुजारी स्वर्गीय जग्गुराम गुर्जर की प्रथम पुण्यतिथि पर परिवार जनों के द्वारा गौ शाला पहुंच कर गायों को हरा चारा, गुड़, दलिया आदि खिला कर गौ सेवा की गई। भैरुजी मंदिर कमेटी के कोषाध्यक्ष फूलचंद गुर्जर ने बताया कि मेरे पिता जग्गुराम का स्वर्गवास 6 मई 2024 को हुआ था जिनकी प्रथम पुण्यतिथि पर गौ सेवा की गई। पौत्र विनोद गुर्जर व दिनेश गुर्जर ने बताया कि दादा जी के द्वारा किए गए सद्कार्यों से आज भी हमें प्रेरणा मिलती है इसी के साथ बेसहारा पशु-पक्षियों की सेवा, जरूरतमंदों की सेवा का संकल्प लिया गया। इस दौरान ग्यारसी देवी, हर्षिता गुर्जर, विजेंद्र सिंह गुर्जर, मिहिर गुर्जर, दौलत कुमावत आदि मौजूद थे।

# पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक ने की समीक्षा बैठक

## अधोसंरचना कार्य, सेफ्टी एवं ट्रेन पंच्कुवेलिटी पर हुई चर्चा

**कोटा।** पश्चिम मध्य रेलवे महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय की अध्यक्षता में को-आर्डिनेशन रिव्यु मीटिंग सम्पन्न हुई। इस बैठक में अपर महाप्रबंधक प्रमोद कुमार खत्री एवं प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी प्रवीन खोराना, प्रमुख मुख्य यांत्रिकी इंजीनियर एम विजय कुमार, प्रमुख मुख्य दूरसंचार एवं संकेत इंजीनियर एकनाथ मोहकर, प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक गुरिंदर मोहन सिंह, प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधल कुशाल सिंह, प्रमुख मुख्य इंजीनियर आशुतोष, प्रधान वित्त सलाहकार मनजीत कौर, प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी एस डी पाटीदार, प्रमुख मुख्य इलेक्ट्रिकल इंजीनियर मुकेश, प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक मनोज कुमार गुप्ता, प्रमुख मुख्य सुरक्षा आयुक्त राजीव कुमार यादव, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) एम, एस हाशमी सहित मुख्यालय के अन्य विभाग के प्रमुख मुख्य विभागाध्यक्ष भी उपस्थित थे। इसके आलावा जबलपुर, भोपाल एवं कोटा के मंडल रेल प्रबंधक भी वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से जुड़े रहे। बैठक में सेफ्टी, पंक्चुवेलिटी, रेलगाड़ियों के सुरक्षित परिचालन पर जोर देने पर बात हुई। इसके साथ ही अधोसरंचनात्मक कार्यों की समीक्षा, अमृत स्टेशनों के पुर्नविकास, रेल मदद, माल ढुलाई से आय की वृद्धि जैसे अनेक विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। महाप्रबंधक ने पश्चिम मध्य रेलवे में चल रही रेल परियोजनाओं और अन्य विकासात्मक अधोसरंचना कार्यों के निर्धारण, समाप्?ति क्रियान्वयन और प्रगति के लिए पश्चिम मध्य रेल के पूंजी व्यय योजना पर विस्तार से चर्चा की। संरक्षा पश्चिम मध्य रेलवे की प्राथमिकता हैं। उन्होंने ने संरक्षा एवं सुरक्षा के सम्बन्ध में रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने संरक्षा से सम्बंधित सुधारों को योजनाबद्ध तरीके से पालन करने हेतु निर्देशित किया। साथ ही रेलपथों, वेल्डों के अनुरक्षण मानकों को बेहतर बनाने तथा मानसून के तहत संरक्षा के मानकों के दिशा-निर्देशों के नियमों का पालन सुनिश्चित करने जैसे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने रेलगाड़ियों की पंक्चुअलिटी मॉनिटर करने, एवं ट्रेनों की स्पीड सबंधी कार्यों तथा सेफ्टी पर जोर देने की बात कही। मीटिंग के दौरान महाप्रबंधक ने कहा कि ओरजिनेटिंग रेवन्यू बढ़ाने के हेतु कारगर उपायों पर ध्यान दिया देने की आवश्यकता है। इसके अलावा स्टेशन पुनर्विकास अधोसरंचना निर्माण कार्यो में तेजी लाने और समयसीमा में पूर्ण करने सम्बन्धी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके अलावा अमृत स्टेशन योजना के तहत चल रहे स्टेशन रि-डेवलपमेंट के कार्यो में तेजी लाने और समयसीमा में पूर्ण करने सम्बन्धी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मीटिंग के दौरान महाप्रबंधक ने कहा कि यात्री सुविधाओं के तहत रेल मदद एनालिसिस पर विशेष जोर देने की जरुरत है। उन्होंने मंडलों को निर्देश दिए कि वे रेलगाड़ियों के सुरक्षित परिचालन के लिए संरक्षा अभियानों का अनुपालन सुनिश्चित करें और जहां भी जरूरी हो वहां कर्मचारियों को परामर्श दें। उन्होंने कहा कि सिग्नलों, रेल फ्रेक्चरों और रेल वेल्डों की व्यापक निगरानी की जानी चाहिए। उन्होंने रेल परिचालन में मानव विफलता को कम करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि रेल दुर्घटनाएं न हों इसके लिए ड्यूटी पर सतर्क रहें। बंदोपाध्याय ने विभागीय प्रमुखों और मंडल रेल प्रबंधकों को निर्देश दिए कि वे सुरक्षा एवं संरक्षा और यात्री सुविधाओं की समस्याओं को प्राथमिकता देते हुए समय से ट्रेनों का संचालन सुनिश्चित करे।

# लू-तापघात प्रबंधन के लिए आरएमएससीएल का सघन निरीक्षण अभियान

**जयपुर।** राज्य में लू-तापघात की स्थितियों के दृष्टिगत दवाओं की निर्बाध एवं समुचित आपूर्ति तथा चिकित्सा उपकरणों की क्रियाशीलता को लेकर राजस्थान मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन की ओर से ग्रीष्मकालीन सघन निरीक्षण अभियान चलाया जाएगा। अभियान के लिए 27 टीमों का गठन किया गया है।

# 21 जिलों में आज भी आंधी-बारिश का अलर्ट

**जयपुर।** प्रदेश में मंगलवार को भी पश्चिमी विक्षोभ का असर जारी रहा। जोधपुर, बाड़मेर, जालोर, उदयपुर, सवाई माधोपुर, टोंक समेत कई जिलों में बारिश हुई। जोधपुर, उदयपुर, भीलवाड़ा समेत 7 जिलों में अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुआ। मौसम विज्ञान केंद्र, जयपुर के अनुसार बुधवार को 6 जिलों में 40 से 70 किलोमीटर की आंधी चलने और बारिश होने का ऑरेंज अलर्ट है। साथ ही 15 जिलों में येलो अलर्ट है। राज्य में 10 मई तक आंधी-बारिश का दौर जारी रहने की संभावना जताते हुए 30 जिलों में येलो अलर्ट जारी किया है। उधर मंगलवार को उदयपुर में 15.2 एमएम बारिश हुई। बाड़मेर में 3 एमएम, सीकर में 1 एमएम जबकि कुछ स्थानों पर बूंदाबांदी हुई। बारिश-बादल छाने से प्रदेश में गर्मी कम रही। दिन का तापमान औसत से नीचे दर्ज हुआ है। सबसे ज्यादा तापमान बाड़मेर और जैसलमेर में 36.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। गंगानगर में अधिकतम तापमान 36.2, बीकानेर में 35.2, चूरू में 35.7, धौलपुर में 35.1, झुंझुनूं में 34, फतेहपुर में 34.4, हनुमानगढ़, पिलानी में 34.5, अलवर में 34.6 और जयपुर में 32.5 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ।

# बड़े भाग्य से मिला है ये मानव कुलः विभोरसागर महाराज

## आस्रव 108 प्रकार के हैं इनसे मानव को बचना चाहिए-पंडित पारस जी शास्त्री

**कोटा।** पुण्योदय अतिशय क्षेत्र नसियां जी दादाबाड़ी कोटा में परम पूज्य आचार्य भगवन 108 श्री विद्या सागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य गुरूदेव निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्री 108 सुधा सागर जी महाराज के पावन आशीर्वाद एवं प्रेरणा से आठ दिवसीय पुण्योदय सम्यग्ज्ञान शिक्षण शिविर का तृतीय दिवस पर अध्यक्ष जम्बू जैन सर्राफ ने बताया कि नसियां जी में 108 विभोर सागर जी महाराज व श्री दिगम्बर जैन श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर जयपुर के विद्वान पारस शास्त्री व विद्वतजनों ,सौरभ सिद्धार्थ शास्त्री,अभिषेक शास्त्री,दीपांशु शास्त्री, हेमन्त शास्त्री, शुभम शास्त्री, शशांक शास्त्री,रविन्द्र शास्त्री द्वारा बच्चों महिलाओं और पुरुषों को जैन धर्म की शिक्षण से बह रही है। धर्म व अध्यात्म की गंगा...समोशरण जैसी लग रही है संत श्री के सानिध्य में नसिया जैन मंदिर 108 परम पूज्य




मुनि श्री विभोर सागर जी महाराज ने प्रवचन के माध्यम से बताया कि जैन कुल मिलना बहुत दुर्लभ है, उसमें भी सम्यक अंगोपांग का मिलना, अगर अंगोपांग विकृत होते तो हम सही से धर्म का पालन नहीं कर पाते। पंडित पारस जी शास्त्री ने तत्त्वार्थ सूत्र जी की कक्षा में बताया कि शुभ योग से पुण्य और अशुभ योग से पाप 108 प्रकार के है आस्रव का कारण है। इसलिए हमें अशुभ आस्रव से बचना चाहिए। संयोजक धर्मचंद जैन धनोप्या ने बताया कि आज के अल्पहार पुण्यार्जक श्री राजकुमार जी प्रीति जी पीहू जी सिद्धार्थ जी बाबरिया ने दीप प्रज्जवन कर महाराज श्री को श्रीफल अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया कार्यकारणी ने पुण्यार्जक परिवार का तिलक माला दुप्पटे पगड़ी पहनाकर कर सम्मान किया संयोजिका अर्चना रानी जैन सर्राफ ने बताया कि मंगल देशना बाद सभी शिविरार्थी अपनी अपनी बालबोध भाग (1) एक, बालबोध भाग ( 2) दो, छहढाला (पूर्वार्ध), छहढाला (उत्तरार्द्ध), इष्टोपदेश ग्रंथ,तत्वार्थ सूत्र,प्रश्नोत्तरी रत्नमालिका,समेत अन्य विषयों की वातानुकूलित कमरों में सामूहिक कक्षाएं में गयें, बालबोध भाग (1) की कक्षा, 8गुणा12 डिजिटल डिस्प्ले एलईडी सॉफ्टवेयर से बच्चों को अध्ययन करवाया जा रहा हें निदेशक हुकम जैन काका ने बताया अपने विषय की प्राथमिक जानकारी के बाद 10 बजे सभी शिविरार्थी एवं आगन्तुक अतिथियों ने अल्पाहार ग्रहण किया। शाम कक्षाओ के बाद शीतल पैय प्रतिदिन पिलाया जायेगा और प्रतिदिन सुबह- शाम विधिवत कक्षाएं लगेगी । प्रतिवर्ष अधिक भव्यता से शिक्षण शिविर का आयोजन किया जायेगा।

# रेल कर्मचारियों के लिए 15 मई तक आधार सेवा शिविर बढ़ाया गया

## पिछले 5 दिवसीय आधार सेवा शिविर में 208 कर्मियों ने कराया आधार अपडेट

**कोटा।** रेल कर्मचारियों एवं उनके आश्रितों के लिए नए आधार बनवाना एवं अपडेशन हेतु शिविर ढ्ढष्ठढ्ढ द्वारा संचालित आधार सेवा केंद्र कोटा द्वारा डीआरएम कार्यालय में वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी सुप्रकाश के नेतृत्व में वेलफेयर विभाग में 5 दिवसीय आधार सेवा शिविर का आयोजन 1 मई से 06 मई के बीच किया गया। रेल कर्मचारियों एवं उनके आश्रितों की सुविधा के लिए इस आधार सेवा शिविर की अवधि कुल 7 कार्यदिवस के लिए बढ़ाई गई है जोकि दिनाँक 07 मई से 10 मई एवं दिनाँक 13 मई से 15 मई 2025 तक कार्यालय समय में संचालित हो रहा है। पिछले 5 दिवसीय शिविर में कुल 208 रेल कर्मचारियों व उनके आश्रितों ने अपना आधार कार्ड अपडेट कराया एवं इस आधार सेवा शिविर का लाभ लिया। शेष बचे रेल कर्मचारी व उनके आश्रित अपने मूल दस्तावेज के साथ बढ़े हुए आधार सेवा शिविर अवधि में अपना नया आधार अथवा अपडेशन करा सकते है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन ने बताया कि रेल कर्मचारियों व उनके आश्रितों के कल्याण के लिए मंडल कार्यालय में आधार सेवा शिविर की अभूतपूर्व पहल की गई है। जिसका कर्मचारियों द्वारा अधिक संख्या में इस सेवा का लाभ लिया जा रहा है।



# आज का राशिफल

गुरुवार, 8 मई, 2025

- **मेष :** आज कुछ राहत मिलेगी। अनुभवी और प्रभावशाली लोगों का सानिध्य भी मिलेगा। जिससे आपकी विचारों में भी सकारात्मकता आएगी। कामों में सफलता मिलेगी। तनाव की वजह से निजी काम अधूरे रह सकते हैं।
- **वृष :** और मेहनत करने की जरूरत है। अपनी समस्याओं का समाधान पाने के लिए थोड़े स्वार्थी भी रहें। भावनाओं पर काबू रखें तथा प्रैक्टिकल बने इससे आप और अधिक सहजता से निर्णय ले पाएंगे।
- **मिथुन :** रोजमर्रा की व्यस्त दिनचर्या से राहत के लिए आज अपने पसंदीदा काम निपटाने पर ध्यान देंगे। इससे खुशी मिलेगी। बुजुर्गों के मार्गदर्शन से मुश्किल रास्ता आसान हो जाएगा। धैर्य से किए गए कामों का नतीजा भी अच्छा होगा। फायदा होगा पर धीमी गति से। आलस्य के कारण काम में रुकावट आ सकती है।
- **कर्क :** ग्रह गोचर अनुकूल है। किसी दोस्त या रिश्तेदार के साथ चल रही गलतफहमियां दूर होगी। आपसी संबंधों में सुधार होगा। युवाओं को करियर संबंधित मेहनत के मनचाहे नतीजे मिल सकते हैं। अत्यधिक कार्य का बोझ आपके लिए परेशानी का कारण भी बन सकता है।
- **सिंह :** सुकून भरी दिनचर्या रहेगी। युवा वर्ग कोई दुविधा दूर होने से राहत की सांस लेंगे तथा कोई बड़ा फैसला लेने की भी हिम्मत आएगी। यह समय उन्नति दायक है। मेहनत के मनोनुकूल परिणाम मिलेंगे।
- **कन्या :** वरिष्ठ लोगों का सानिध्य और मार्गदर्शन मिलेगा। लंबे समय से चल रही किसी चिंता व तनाव से राहत मिलेगी। कार्य को करने से पहले उसके सकारात्मक और नकारात्मक पहलुओं पर सोच-विचार कर ले, निश्चित ही सफलता मिलेगी।
- **तुला :** मित्रों तथा संबंधियों के साथ मुलाकात के अवसर बनेंगे। किसी पारिवारिक अविवाहित सदस्य के लिए अच्छा रिश्ता भी आ सकता है। कुछ समय से आप अपने जिस कार्य को लेकर अधिक मेहनत कर रहे थे।
- **वृश्चिक :** अचानक ही कोई रुका हुआ या उधार दिया हुआ पैसा वापस मिलने से तनाव दूर होगा। अपनी दिनचर्या में कुछ बदलाव लाने के लिए आध्यात्मिक और धार्मिक कार्यों में भी आपकी रुचि रहेगी। अपने अंदर सकारात्मक ऊर्जा महसूस करेंगे।
- **धनु :** आज ग्रह स्थिति कुछ अनुकूल रहेगी। पिछले कुछ समय से चल रहे तनाव से भी राहत मिलेगी। घर की सुख-सुविधाओं संबंधी जरूरतें पूरी करने में आपका विशेष प्रयास रहेगा। युवा वर्ग भी अपने भविष्य को लेकर ज्यादा सक्रिय और गंभीर रहेंगे।
- **मकर :** मित्रों तथा संबंधियों के साथ मुलाकात के अवसर बनेंगे। किसी पारिवारिक अविवाहित सदस्य के लिए अच्छा रिश्ता भी आ सकता है। कुछ समय से आप अपने जिस कार्य को लेकर अधिक मेहनत कर रहे थे, आज उसके अच्छे परिणाम मिलने की संभावना है।
- **कुंभ :** वाहन अथवा जमीन-जायदाद के क्रय-विक्रय संबंधी योजना बनेगी। अगर कोई फाइनेंस संबंधी काम रुका हुआ है, तो उस पर जरूर ध्यान दें। घर में कोई धार्मिक आयोजन करवाने का भी प्रोग्राम बनेगा।
- **मीन :** ग्रह स्थिति आपके भाग्य को प्रबल कर रही है। आपको अपने कामों में उम्मीद से ज्यादा सफलता मिल सकती है। कहीं निवेश करने का प्लान है तो तुरंत फैसला लें। फायदा होगा।

# हमें कभी भी परिस्थितियों में हताश नहीं होना चाहिए - मुनि श्री विभोरसागर जी महाराज

## बहुत आरम्भ बहुत परिग्रह करने से नरक आयु का आस्त्रव होता है - पंडित पारस जी शास्त्री






**कोटा, 8 मई।** पुण्योदय अतिशय क्षेत्र नसियां जी दादाबाड़ी कोटा में परम पूज्य आचार्य भगवन 108 श्री विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य गुरूदेव निर्यापक श्रमण मुनिपुंगव श्री 108 सुधासागर जी महाराज के पावन आशीर्वाद एवं प्रेरणा से आठ दिवसीय पुण्योदय सम्यग्ज्ञान शिक्षण शिविर का चतुर्थ दिवस पर अध्यक्ष जम्बू जैन सर्राफ ने बताया कि नसियां जी में प्रातः काल पूज्य मुनि श्री 108 विभोरसागर जी महाराज श्री के प्रवचन हुए।

जिसमें उन्होंने बताया की जो होता है अच्छे के लिए होता है अकबर और बीरबल के दृष्टांत को समझाते हुए पूज्य मुनि श्री ने कहा की बीरबल कहता है अकबर से कि जो होता है अच्छे के लिए होता है अकबर का एक बार एक अंगूठा कट जाता है तो बीरबल कहता है जो हुआ अच्छा हुआ भविष्य में एक जंगल में जब भीलों के द्वारा अकबर को पकड़ लिया जाता है बलि चढ़ाने के लिए उसके खंडित अंग को देखकर के उसकी बलि नहीं चढ़ाई जाती है।

तब अकबर समझ जाता है कि बीरबल का कहना ठीक था, इसलिए हमें कभी भी परिस्थितियों में हताश नहीं होना चाहिए यदि हम अच्छे हैं तो हमारे साथ कभी बुरा नहीं हो सकता है।

संयोजक धर्मचंद जैन धनोप्या ने बताया कि प्रवचनों के पश्चात सांगानेर से पधारे पंडित श्री पारस जैन शास्त्री ने तत्वार्थ सूत्र की कक्षा में सभी को बताया की नरक, मनुष्य आयु का आस्त्रव कैसे होता है? तत्वार्थ सूत्र जी में आचार्य श्री से उमास्वामी महाराज ने कहां है कि बहुत आरम्भ बहुत परिग्रह करने से करने से नरक आयु का बंध होता है और अल्प परिग्रह रखने से और सरल स्वभावी होने से मनुष्य आयु का बंध होता है इसलिए हमारे लिए मायाचारी नहीं करनी चाहिए और हमेशा दूसरों का हित करना चाहिए तभी हमें पुनः यह मनुष्य पर्याय प्राप्त हो सकती है।

शिविर संयोजिका अर्चना रानी जैन सर्राफ ने बताया कि जहां देव शास्त्र गुरु धर्म, अध्यात्म आध्यात्मिक ज्ञान और भक्ति का अद्भुत संगम से बालबोध भाग (1) एक, बालबोध भाग ( 2) दो, छहढाला (पूर्वार्ध), छहढाला (उत्तरार्द्ध), इष्टोपदेश ग्रंथ, तत्वार्थ सूत्र, प्रश्नोत्तरी रत्नमालिका, आदि ग्रंथों के गहन ज्ञान का महाकुम्भ।

देव-शास्त्र-गुरुवर अहो मम स्वरूप दर्शाय 7 किया परम उपकार मैं नमन करूँ हर्षाय 77 जब मैं आता आप ढिंग, निज स्मरण सु आय 7 निज प्रभुता मुझमें प्रभो! प्रत्यक्ष देय दिखाय

**युगों का पुण्य... जहां है मोक्ष का द्वार, भक्ति और अध्यात्म का अद्भुत महाकुम्भ संगम देखने को मिल रहा हे-** निदेशक हुकम जैन काका ने बताया आज के अल्पाहार पुण्यार्जक श्रीमति कमलेश जी चक्रेश जी अन्जू जी निलेश जी निधि मयुर कोटिया परिवार ने दीप प्रज्जवन कर महाराज श्री को श्रीफल अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया कार्यकारणी ने पुण्यार्जक परिवार का तिलक माला दुप्पटे पगड़ी पहनाकर कर सम्मान किया बच्चों के लिए रुचिकर डिजिटल क्लासेस के माध्यम से जैन धर्म के बारे में अवगत कराया जा रहा है।

सभी साधर्मीजन बड़े ही इंटरेस्ट के साथ शिविर में भाग ले रहे हैं और धर्म के बारे में समझ रहे हैं शिविर को लेकर सभी लोग बड़े ही उत्साहित हैं। पुण्योंदय क्षेत्र कमेटी के निरन्तर स्व हित और परोपकारी कार्यो मे अग्रसर है, जिसकी मुनि श्री और विद्वानो ने सराहना की।

# नवगठित वेंडिंग कमीटी व पथ विक्रेता समिति की बैठक आयोजित



**कोटा, 8 मई।** नगर निगम कोटा उत्तर के प्रशासनिक भवन में बुधवार को आयुक्त अशोक त्यागी की अध्यक्षता में नवगठित वेंडिंग कमीटी व पथ विक्रेता समिति की बैठक आयोजित की गई और नवगठित समिति के सदस्यों का स्वागत भी किया गया। बैठक में कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा हुई।

नगर निगम कोटा उत्तर के आयुक्त अशोक त्यागी ने बताया कि बैठक मे वेंडिंग-नॉन वेंडिंग जोन पर चर्चा की गई। साथ ही उत्तर निगम क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त बनाने व यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए बैठक में मौजूद सदस्यों से विचार विमर्श करने के साथ सदस्यों से सुझाव भी लिए गए ।

आयुक्त त्यागी ने बताया कि इस नवगठित समिति के माध्यम से उत्तर के क्षेत्र को और बेहतर साफ-सुंदर व सुव्यवस्थित किया जा सकेगा। उन्होने बताया कि बैठक में पॉवर पॉइंट के माध्यम से स्ट्रीट वेंडर्स अजीविका संरक्षण एवं पथ विक्रेता नियमन विक्रय 2016 अधिसूचना के बारे में नवगठित कमिटि के सदस्यों को ग्रीन सिटी सर्वेयर एजेन्सी के प्रतिनिधि गर्वित शर्मा व तिलक राज के द्वारा जानकारी दी और स्ट्रीट वेंडर्स कमिटि का गठन किस प्रक्रिया से किया जाता है उसकी भी जानकारी दी ।

इस दौरान नगर निगम कोटा उत्तर के पार्षद अजय सुमन, अति.पुलिस अधीक्षक तरूणकांत सौमानी, उपायुक्त महावीर सिंह सिसोदिया, स्वास्थ्य अधिकारी मोती लाल चौधरी, अग्रणी बैंक के जिला प्रबंधक, डेएनयूएलएम की जिला प्रबंधक हेमलता गांधी व स्ट्रीट वेंडर्स निर्वाचन प्रतिनिधि सदस्य अयोध्या बाई, कांता बाई, जानू, नितिन सैनी, पितांबर,बृजमोहन नामा,सुरेश ढोली, महावीर वर्मा एवं विजय प्रजापती तथा व्यापारी मंडल के प्रतिनिधि सदस्य महेन्द्र गर्ग व राजेश शर्मा के साथ ही गैर सरकारी संगठन प्रतिनिधि सदस्य जितेन्द्र चौहान, नरेन्द्र चौरसीया तथा रेजिडेंसी वेलफेयर सोसाईटी के सदस्य चमन कलेवा बैठक में उपस्थित रहें।

# विद्यापीठ - मातृ संस्था की व्यवस्थापिका की बैठक सम्पन्न



उदयपुर 07 मई / राजस्थान विद्यापीठ की मातृ संस्था जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ कुल की व्यवस्थापिका एवं साधारण सभा के सदस्यों की बैठक बुधवार को प्रतापनगर स्थित कुलपति सचिवालय के सभागार में कुल प्रमुख एवं कुलाधिपति भंवर लाल गुर्जर की अध्यक्षता व कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुई। बैठक में 2025-26 के लिए मातृ संस्था एवं विश्वविद्यालय का 80 करोड़ रू. का वार्षिक बजट सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैठक में पिछले दिनों पहलगाव में हुए आतंकी हमले में दिवंगत हुए के प्रति दो मिनिट का मोन रखकर गहरी संवेदना व्यक्त की गई। भारतीय सेना द्वारा रात्रि को किये गये ऑपरेशन सिंदूर के तहत की गई कार्यवाही की सभी सदस्यों ने एक स्वर में सेना के पराक्रम की सराहना की।

कुलाधिपति भंवर लाल गुर्जर ने बताया कि नवीन सत्र से कुराबड़ स्थित बेमला में पूर्व में संचालित योगिता एज्यूकेशन सोसायटी को मातृ संस्था ने टेकऑवर कर लिया है जिसमें नवीन सत्र से विद्यापीठ द्वारा विद्यालय एवं महाविद्यालय संचालित करने के साथ रोजगारोन्मुख पाठ्यक्रमों को भी संचालित किया जायेगा। बैठक में डिफेंस अकादमी खोलने के प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पास किया गया। संस्था को ओर अधिक उंचाईयों पर पहुंचाने व वैश्विक प्रतिस्पर्धा में लाने के लिए आवश्यक गुणात्मक अकादमिक शोध एवं नवाचार के क्षेत्र में ओर अधिक कार्य करने पर जोर दिया।

कुलपति प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत ने कहा कि संस्थापक जनुभाई ने आजादी के 10 वर्ष पूर्व 1937 में पांच कार्यकर्ता एवं तीन रूपये के बजट से शुरू आज संस्थान का 80 करोड़ का वार्षिक बजट है व 10 हजार से अधिक विद्यार्थी नियमित अध्ययनरत है जिसका श्रेय मैं संस्थान के निष्ठावान एवं ईमानदार कार्यकर्ताओं को देना चाहूंगा जिसकी बदौलत संस्था आज इस मुकाम पर है। संस्थान ने शिक्षा के हर क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई है।

1987 में यूजीसी ने संस्थान को पांच कोर्स के साथ विश्वविद्यालय का दर्जा प्रदान किया था, आज 75 से अधिक मान्यता प्राप्त पाठ्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है। प्रो. सारंगदेवोत ने कहा कि नवीन सत्र से विश्वविद्यालय में चार वर्षीय बीफार्मा पाठ्यक्रम संचालित किया जायेगा जिसकी तैयारियॉ अंतिम स्तर पर है, नवीन सत्र से एग्रीकल्चर महाविद्यालय में विद्यार्थी जेट के द्वारा भी प्रवेश ले सकेंगे। प्रतापनगर परिसर में नवीन सत्र से अत्याधुनिक 120 बेड़ वाले हॉस्टल का शुभारंभ किया जायेगा जिसमें विद्यार्थी को एक ही छत के नीचे सभी सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा।

श्रमजीवी महाविद्यालय परिसर में बनाई जा रही राजस्थान की सबसे उत्कृष्ट शूटिंग रेंज का कार्य अंतिम स्तर पर है इसका शुभारंभ में अतिशीघ्र नवीन सत्र से किया जायेगा जिससे शहर के युवाओं को इसका लाभ मिल सकेगा।

प्रारंभ में सचिव भैरूलाल लौहार ने अतिथियों का स्वागत करते हुए वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। बैठक में उदयपुर, अजमेर, हटुण्डी व झाड़ोल के सदस्यों ने भाग लिया।

बैठक में पीठ स्थविर डॉ. कौशल नागदा, डॉ. युवराज सिंह राठौड़, डॉ. बलिदान जैन, डॉ. ओम पारीक सहित कार्यकर्ताओं ने संस्थान को ओर अधिक उंचाईयों पर ले जाने के लिए अपने सृजनात्मक सुझाव दिये।

बैठक में पीठ स्थविर डॉ. कौशल नागदा, रजिस्ट्रार डॉ. तरूण श्रीमाली, संगठन सचिव प्रवीण गुर्जर, परीक्षा नियंत्रक डॉ. पारस जैन, भेरूलाल लौहार, डॉ. युवराज सिंह राठौड़, डॉ. धमेन्द्र राजौरा, डॉ. भवानीपाल सिंह राठौड़, डॉ. रविकांत यादव, डॉ. बलिदान जैन, डॉ. अमी राठौड़, डॉ. अलका देपड़ा, डॉ. कुलशेखर व्यास, डॉ. चन्द्रेश छतलानी, डॉ. संतोष लाम्बा, रामप्रकाश चौहान, डॉ. अमिया गोस्वामी, बालकृष्ण शुक्ला, बीएल डांगी, डॉ. ओम पारीक, डॉ. विजय दलाल, उमराव सिंह राणावत, डॉ. मनोज रायल, डॉ. सपना श्रीमाली, डॉ. मधु मुर्डिया सहित सदस्य उपस्थित थे।

# मीट व मांस की 6 दुकानों को सीज किया



**कोटा, 8 मई।** नगर निगम कोटा उत्तर के आयुक्त अशोक त्यागी के निर्देशानुसार बोरखेडा व नयापुरा क्षेत्र मे बुधवार को अवैध रूप से संचालित मीट व मांस की 6 दुकानों को सीज किया गया।

नगर निगम कोटा उत्तर के उपायुक्त महावीर सिह सिसोदिया ने बताया कि अति.पुलिस अधीक्षक तरूणकांत सौमानी के साथ बोरखेडा व नयापुरा क्षेत्र मे मीट व मांस की दुकानो का निरीक्षण किया और इस दौरान अवैध रूप से संचालित 6 मीट व मांस की दुकानों को सीज भी किया गया। निगम उत्तर के उपायुक्त सिसोदिया ने बताया कि सीजिंग की कार्यवाही बोरखेडा क्षेत्र से प्रारंभ कर इस क्षेत्रो में नहर के किनारे अवैध रूप से संचालित न्यू जनता मीट शॉप, इंडियन मीट शॉप,शाकिर चिकन सेंटर व साहिल मीट शॉप को सीज किया गया। साथ ही इस दौरान नयापुरा क्षेत्र में चमन हॉटल के पीछे एमएस चिकन सेंटर,एस चिकन सेंटर को भी सीज किया।

उन्होंने बताया कि इससे पूर्व की गई कार्यवाही में मीट व मांस के 66 दुकानदारों व विक्रेताओं को दस्तावेज जांच हेतु नोटिस दिए गए थे। जिनमे से लगभग 35 दुकानदार अवैध रूप से मीट व मांस का कारोबार कर रहे है और अभी तक इनमें से अवैध रूप से संचालित 13 दुकानो को सीज किया जा चुका है।

साथ ही उन्होने बताया कि अवैध रूप से संचालित मीट-मांस की दुकानो के विरूद्ध आगे भी इसी प्रकार से कार्यवाही जारी रहेगी।

# कोटा के सी.पी. विजयवर्गीय बने वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर

**कोटा, 8 मई।** लायंस क्लब कोटा द्वारा नवनिर्वाचित वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर (VDG-II) सी.पी. विजयवर्गीय के सम्मान में एक भव्य अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। क्लब अध्यक्ष प्रमोद विजय ने बताया कि विजयवर्गीय ने वीडीजी द्वितीय के चुनाव में भारी मतों से विजय प्राप्त की, जिसके उपलक्ष्य में यह समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की विशिष्टता 14 से अधिक पूर्व गवर्नरों की उपस्थिति से और बढ़ गई।

क्लब सदस्यों ने विजयवर्गीय का 21 किलोग्राम फूलों की माला से स्वागत किया। अजमेर, चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा, उदयपुर सहित हाड़ौती क्षेत्र के विभिन्न लायंस क्लबों के प्रतिनिधियों ने भी उन्हें मालाएं और पुष्पगुच्छ भेंट कर शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का प्रारंभ विश्व शांति की प्रार्थना एवं ध्वज वंदना से हुआ।

**ग्रीन कोटा के लिए स्थाई प्रोजेक्ट का संकल्प-** सी पी विजयवर्गीय ने अपनी सफलता का श्रेय संपूर्ण लायंस परिवार को देते हुए सभी को एकजुट होकर सेवा कार्यों के लिए समर्पित रहने का आह्वान किया। उन्होंने 'ग्रीन कोटा' के लिए एक स्थाई परियोजना पर बल देते हुए इसे अपनी प्राथमिकताओं में शामिल करने की बात मंच से दोहराई। उन्होंने बताया कि वन विभाग और लायंस क्लब कोटा संयुक्त रूप से एमओयू पर हस्ताक्षर कर विशेष बंजर वन भूमि पर लाखों वृक्ष लगाने का प्रोजेक्ट लाकर ग्रीन कोटा अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

**विशिष्ट अतिथियों द्वारा सम्मान-** अध्यक्ष प्रमोद विजय, सचिव वीरेन्द्र विजय, कोषाध्यक्ष लायन शिव नुवाल सहित वरिष्ठ लायन सदस्यों ने मंचासीन गवर्नर रामकिशोर गर्ग एवं पूर्व गवर्नरों को माला, शॉल व साफा पहनाकर स्वागत किया और महिला लायन सदस्यों ने श्रीफल भेंट किया। कार्यक्रम का संचालन एमजेएफ अशोक नुवाल एवं सुधाकर बहेड़िया ने किया। इस अवसर पर मई माह में जन्मदिवस एवं विवाह की वर्षगांठ मनाने वाले सदस्यों को भी सम्मानित किया गया।

**शहर के लिए गौरव का क्षण-** पूर्व महापौर महेश विजय ने अपने उद्बोधन में कहा, विजयवर्गीय की यह सफलता कोटा शहर के लिए गौरव का क्षण है। उनकी दूरदर्शिता और समाजसेवा के प्रति समर्पण भाव से कोटा को एक नई पहचान मिलेगी।

# बॉसथूनी एवं भवरगढ़ ग्राम पंचायत में प्रदर्शनी के माध्यम से दी संविधान की जानकारी

## बॉसथूनी एव भवरगढ़ ग्राम पंचायत में प्रश्नोतरी प्रतियोगिता, प्रदर्शनी एवं संगोष्ठी का आयोजन






**बारां, 8 मई।** केंद्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, कोटा द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग ,किशनगंज के सहयोग से क्षेत्र में चलाये जा रहे विशेष प्रचार अभियान के तहत आज बॉसथूनी एव भवरगढ़ ग्राम पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र पर नागरिको को हमारा संविधान-हमारा स्वाभिमान विषय पर मोखिक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, प्रदर्शनी एवं संगोष्ठी का आयोजन कर नागरिको को संविधान की जानकारी देकर जागरूक किया गया।

बॉसथूनी एव भवरगढ़ ग्राम पंचायत में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में केंद्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, कोटा के सहायक निदेशक रामेश्वर लाल मीणा ने कहा की संविधान के 75 वर्ष पुरे होने के उपलक्ष्य में केंद्र सरकार द्वारा हमारा संविधान ङ्क हमारा स्वाभिमान पर कार्यक्रम आयोजित करने के आदेश की अनुपालना में हमारा - संविधान,हमारा स्वाभिमान पर प्रदर्शनी लगाकर संविधान में दिए गये मौलिक अधिकार अधिकार और कर्तव्यो के बारे में जानकारी देकर आमजन को जागरूक किया जा रह है।

श्री मीणा ने बाल विवाह के दुष्परिणाम,जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, तम्बाकू निषेध, लू ताप घात से बचाव और केंद्र सरकार की अनेक जन कल्याणकारी योजनाओ के बारे में जानकारी देते हुए कहा की हमे समाज के हर तबके को जागरूक करने के लिए आगे की आवश्यकता जोर दिया । उन्होंने कहा की संविधान के 75 वर्ष पुरे होने के उपलक्ष्य में केंद्र सरकार द्वारा हमारा संविधान-हमारा स्वाभिमान पर कार्यक्रम आयोजित करने के आदेश की अनुपालना में हमारा - संविधान,हमारा स्वाभिमान पर प्रदर्शनी लगाकर संविधान में दिए गये मौलिक अधिकार अधिकार और कर्तव्यो के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर महिला बाल विकास विभाग की महिला पर्यवेक्षक मोबिन सदर ने भी महिलाओं के विकास के लिए केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर हमारा संविधान ङ्क हमारा स्वाभिमान विषय पर मोखिक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया एवं उक्त विषयों पर पूछे गये प्रश्नों का सही जबाब देने वाली महिला विजेता प्रतिभागियों को विभाग की ओर से सहायक निदेशक रामेश्वर लाल मीणा एवं महिला पर्यवेक्षक मोबिन सदर ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर महिला बाल विकास विभाग की महिला पर्यवेक्षक मोबिन सदर ने भी महिलाओं के विकास के लिए केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी। जागरूकता कार्यक्रम में गाव की महिलाओ एवं युवक और युवतियो के आलावा गणमान्य नागरिको ने भाग लिया।


**Office of The Urban Improvement Trust, Sawai Madhopur**

क्रमांक :- प.6(1)नविन्या/निविदा/स.मा./2025-26/264 दिनांक :- 06/05/2025

**Notice Inviting Bid (01/2025-26)**

Bids for Civil Work (One) is invited from interested bidders up to 06:00 PM (time) 22/05/2025 (date). Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal **http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in** of the state and departmental website. The approximate value of the procurement is Rs. 10.90 Lacs.

UBN - USM2526WSOB00002 Executive Engineer

Raj.Samwad/C/25/1881 UIT, Sawai Madhopur

**कार्यालय नगरपालिका विराटनगर (कोटपूतली-बहरोड)**

क्रमांक : न.पा.वि. / 2025-26 / 266 दिनांक : 05.05.2025

**ई-निविदा सूचना संख्या (05/2025-26)**

एतद्द्वारा यह है कि नगरपालिका विराटनगर द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए राजकीय विभाग में नियमानुसार उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में मोहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाईट www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.eproc.rajasthan.gov.in पर भी उपलब्ध हैं एवं किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय में आकर देखी जा सकती है।

| Sr. No. | NIB Code | UBN No. |
|---|---|---|
| 1. | DLB2526A0998 | DLB2526GLOB03850 |

निविदा के कुल कार्य - 01 (एक)

अधिशाषी अधिकारी

राज.संवाद / सी / 25 / 1855 नगरपालिका विराटनगर

**Office Of Krishi Upaj Mandi Samiti Kherli (Alwar)**

क्रमांक :- प.( )कृ.उ.म.स.-खेरली/लेखा/2025-26/ दिनांक : 06/05/2025

**NOTICE INVITING BID (01/2025-26)**

E-Bids are invited from manufacturers/direct importers/Authorized Dealer up to 6.00 P.M. of 15.05.2025 for procurement of oil Testing Machine NIR/ Grain Analyser on rate contract on behalf of office of the Secretary Krishi Upaj Mandi Samiti kherli for rate contract period of 18 Months. Details may be seen in the Bidding Document at the office of the Krishi Upaj Mandi Samiti kherli or State Public Procurement Portal website "sppp.raj.nic.in" or "https://eproc.rajasthan.gov.in" or website "www.mandi.agriculture.rajasthan.gov.in" The bidding document may be downloaded from either of the above websites and uploaded duly filled in with payment of Rs. 1180/- (1000+18% GST) through banker's cheque/demand draft in favour of Secretary Krishi Upaj Mandi Samiti kherli, payable at kherli. Details of bid are following:-

| Sr. No. | BID Title | UBN No |
|---|---|---|
| 1 | Oil Testing Machine-NIR/Grain Analyser | DAM2526GLOB00080 |

Raj.Samwad/C/25/1877 Secretary, Krishi Upaj Mandi Samiti, Kherli


# गीतांजली हॉस्पिटल बना शिक्षा गौरव का मंच, 60+ गुरुजनों को सम्मान

**उदयपुर, 8 मई।** गीतांजली हॉस्पिटल के स्व. नर्मदा देवी सभागार, उदयपुर में सिटी द्रोण अवार्ड का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले 60 से अधिक शिक्षकों को सम्मानित किया गया, जिनमें CBSE, RBSE, सरकारी विद्यालयों एवं कोचिंग संस्थानों के प्रतिनिधि शामिल थे। साथ ही, कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित सेमिनार में लगभग 500 विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस गरिमामय समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अतिरिक्त संभागीय आयुक्त श्री गितेशजी मालवीय उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में प्राइवेट स्कूल डायरेक्टर्स मैनेजमेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री जितेश्री श्रीमाली, उपाध्यक्ष डॉ. दिलीप सिंह यादव एवं सचिव डॉ. उपेंद्र रावल शामिल हुए। साथ ही आमंत्रितों में गीतांजली हॉस्पिटल के मार्केटिंग हेड कल्पेश चन्द रजबार, डॉ. एस. एम. प्रसन्ना (डायरेक्टर, GITS), बी. एल. जांगिड़ (CFO, GITS), श्री कृष्णा कौशिक (डायरेक्टर, आर.के. प्रॉपर्टी एंड कंसल्टेंट), सीए राहुल बदाला (डायरेक्टर, बदाला क्लासेस) एवं डॉ. अरविंदर सिंह (डायरेक्टर, Medipreneur) उपस्थित रहे।

इस अवसर पर शहर के प्रतिष्ठित विद्यालयों जैसे ष्ठक्क, मिरांडा, सेंट्रल एकेडमी, अलोक, द स्टडी, माउंट लिट्रा ज़ी स्कूल, शिशु भारती, सीडलिंग, MMPS, अभिनव सीनियर सेकेंडरी स्कूल, हैप्पी होम, श्रीराम स्कूल, स्वामी विवेकानंद, रॉयल एकेडमी, प्रयास, गुरु नानक, नीरजा मोदी, सेंट ग्रेगोरियस तथा अन्य स्कूलों के शिक्षक एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।गीतांजली हॉस्पिटल इस आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी गणमान्य अतिथियों, स्कूल प्रतिनिधियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का आभार प्रकट करता है। यह आयोजन शिक्षा और सम्मान की उस परंपरा को और मजबूत करता है, जो समाज की उन्नति में अहम भूमिका निभाती है।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, PHED, DIVISION RAJGARH (ALWAR)**

No. EE/Raj/NIT/2025-26/362-80 Date: 25.04.2025

**NOTICE INVITING BID (05/2025-26)**

Bid for Utility Shifting at LC No. 142 Railway Line Phatak Rajgarh on Jaipur Rewari Section are invited from interested bidders from 26.04.2025 to 15.05.2025 upto 6.00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal **(http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in)** the state and departmental website **(http://phedwater.rajasthan.gov.in/phed).** The approximate value of the procurement is **Rs. 20.87 Lakhs.**

UBN:- PHE2526WSOB01723 **Executive Engineer**

**DIPR/C/5911/2025 PHED Division Rajgarh**

## आज का दिन

वैशाख शुक्ल पक्ष एकादशी, विक्रम सं. 2082, शक संवत् 1947, हिजरी 1446, तद्नुसार अंग्रेजी दिनांक 8 मई, सन् 2025 ईस्वी। वार- गुरुवार, सूर्य-उत्तरायण, ऋतु-ग्रीष्म

## सम्पादकीय

# ट्रोलर्स ने तोड़ी मर्यादाएं

**मुसलमानों** या कश्मीरियों के खिलाफ नफरत न फैलाने की अपील करने वाली हिमांशी नरवाल और एक बच्ची से दरिंदगी के खिलाफ सड़क पर उतरे लोगों की मर्यादाहीन भाषा पर एतराज करने वाली शैला नेगी के साथ जिस तरह की अभद्र टिप्पणियों और धमकियों का सामना करना पड़ रहा है, वह पूरे देश के लिए शर्मनाक और अफसोसजनक है। ट्रोलिंग करने वालों ने सारी मर्यादा तोड़ दी। एक महिला की गरिमा का भी ख्याल नहीं किया। सोशल मीडिया पर किसी की ट्रोलिंग अब बेहद आम हो चुकी है। ट्रोलर्स ऐसी लहर की तरह बर्ताव करते हैं, जिसके सामने कोई नियम-कायदा, नैतिकता या मर्यादा नहीं टिकती। हिमांशी इसी ट्रेंड का शिकार हुईं और यही देखने को मिला नैनीताल में शैला नेगी के साथ। जरूरत यह थी कि समाज इन दोनों हिम्मती और विवेकशील लड़कियों का साथ देता। लेकिन इन्हें गालियां और धमकियां मिल रही हैं। संविधान ने सभी को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार दिया है। लेकिन इस आजादी का एक निश्चित दायरा है। यह अभिव्यक्ति किसी दूसरे की स्वतंत्रता और गरिमा पर चोट करने वाली नहीं होनी चाहिए। सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग करते हुए कई लोग इस बात को भूल जाते हैं। उन्हें बात रखने की अपनी आजादी तो नजर आती है, सामने वाले का अधिकार और उसकी गरिमा का ध्यान नहीं रहता। किसी की बातों से सहमत या असहमत हुआ जा सकता है, लेकिन इसे व्यक्त करने का तरीका शालीन होना चाहिए। सोशल मीडिया पर गाली-गलौज या अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल बिल्कुल स्वीकार्य नहीं है। जब ऐसी भाषा पारिवारिक या सामाजिक जीवन में नहीं चलती, तो सोशल मीडिया पर कैसे चल सकती है, जिसका दायरा कहीं ज्यादा बड़ा है। अगस्त 2023 में शीर्ष अदालत ने तमिलनाडु के पूर्व विधायक और अभिनेता एस वी शेखर को महिला पत्रकारों के खिलाफ फेसबुक पर अपमानजनक टिप्पणी लिखने के मामले में राहत देने से इनकार करते हुए कहा था कि सोशल मीडिया इस्तेमाल करते समय इसके प्रभाव और पहुंच को लेकर सतर्क रहना चाहिए। वैसे सोशल मीडिया पर ही हिमांशी और शैला को सपोर्ट करने वाले भी हैं। यह सुखद तो है, पर समस्या का हल नहीं। सोशल मीडिया पर गाइडलाइंस को लेकर सोचने की जरूरत है। रेप की धमकियों का सामना कर रहीं शैला का यह सवाल सबके लिए है कि लोग किस बात को लेकर सड़क पर उतरे थे और कहां पहुंच गए।

*संविधान ने सभी को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार दिया है। लेकिन इस आजादी का एक निश्चित दायरा है। यह अभिव्यक्ति किसी दूसरे की स्वतंत्रता और गरिमा पर चोट करने वाली नहीं होनी चाहिए।*

## विदेशी अखबारों से

### भारत की 'मॉक ड्रिल' से टेंशन में पाकिस्तान! आईएसआई हेडक्वार्टर पहुंचे शहबाज शरीफ

**जम्मू कश्मीर** के पहलगाम में हुए घातक आतंकवादी हमले के बाद भारत के साथ बढ़ते तनाव के बीच पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सोमवार को किसी भी संभावित खतरे के लिए देश की तैयारियों की समीक्षा करने के लिए इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) के मुख्यालय का दौरा किया। इस हमले में 26 लोग मारे गए थे। प्रधानमंत्री कार्यालय की एक विज्ञप्ति में कहा गया कि शहबाज शरीफ के साथ उप प्रधानमंत्री के अलावा विदेश मंत्री, रक्षा मंत्री और शीर्ष सैन्य नेतृत्व भी थे। विज्ञप्ति के अनुसार, प्रतिनिधिमंडल को राष्ट्रीय सुरक्षा परिदृश्य के बारे में जानकारी दी गई, जिसमें पाकिस्तानी अधिकारियों द्वारा भारत के बढ़ते आक्रामक और उत्तेजक रुख के कारण उत्पन्न होने वाले पारंपरिक खतरों पर ध्यान केंद्रित किया गया। यह यात्रा घातक पहलगाम आतंकी हमले के कुछ ही सप्ताह बाद हुई है, जिसमें पाकिस्तान से जुड़े संदिग्ध आतंकवादियों ने पर्यटकों पर गोलीबारी की, जिसमें 26 लोग मारे गए, जिनमें ज्यादातर नागरिक थे। पाकिस्तानी सरकार के एक बयान के अनुसार, आईएसआई नेतृत्व ने क्षेत्रीय गतिशीलता और उभरते खतरे के परिदृश्य का विस्तृत आकलन प्रस्तुत किया। प्रधानमंत्री शरीफ ने राष्ट्रीय सतर्कता बढ़ाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया और सभी सुरक्षा और खुफिया एजेंसियों के बीच निर्बाध समन्वय का आह्वान किया। आईएसआई की रणनीतिक भूमिका की प्रशंसा करते हुए शरीफ ने कहा कि इसने देश को जटिल और गतिशील परिस्थितियों में राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े निर्णय लेने में सक्षम बनाया। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि पूरा देश पाकिस्तानी सशस्त्र बलों के साथ खड़ा है। 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद से भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ गया है। इस हमले में 26 लोग मारे गए थे।

## प्रेरक प्रसंग

### संघर्ष क्षमता

**पुराने** समय में एक किसान की फसल बार-बार खराब हो रही थी। कभी तेज बारिश की वजह से, कभी तेज धूप की वजह से, कभी ठंड की वजह से उसकी फसल पनप नहीं पा रही थी। एक दिन इससे दुखी होकर किसान भगवान पर नाराज हो गया। वह भगवान को लगातार कोस रहा था। तभी वहां भगवान प्रकट हुए। किसान ने भगवान से कहा कि भगवन् आपको खेती की बिल्कुल भी जानकारी नहीं है, आपकी गलत समय पर बारिश कर देते हो, कभी भी तेज धूप और ठंड बढ़ा देते हो। इससे हर बार मेरी फसल खराब हो जाती है। आप मेरी अगली फसल तक मेरे अनुसार मौसम कर दीजिए। जैसा मैं चाहूं, वैसा ही मौसम रहे। ये बातें सुनकर भगवान ने कहा कि ठीक अब से ऐसा ही होगा। ये बोलकर वे अंतर्ध्यान हो गए। अगले दिन से किसान ने फिर से गेहूं की खेती शुरू कर दी। अब जब वह बारिश चाहता था, तब बारिश होती, फसल के लिए जब उसे धूप की जरूरत होती, तब धूप निकलती। इस तरह उसकी इच्छा के अनुसार मौसम चल रहा था। धीरे-धीरे उसकी फसल तैयार हो गई। हरे-भरे खेत को देखकर किसान बहुत खुश था। जब फसल कटाई का समय आया तो उसने देखा कि फसल की बालियों में गेहूं थे ही नहीं, सब की सब खोखली बालियां थीं। ये देखकर उसने फिर से भगवान को याद किया। भगवान प्रकट हुए तो इसकी वजह पूछी।

# पाक को एफएटीएफ ग्रे लिस्ट में लाने की भारतीय रणनीति

**के रवींद्रन**

*2022 में डीलिस्टिंग इस दक्षिण एशियाई राष्ट्र के लिए एक कूटनीतिक और आर्थिक सफलता थी, जिसने पाकिस्तान की पहले से ही लड़खड़ाती अर्थव्यवस्था को जीवन रेखा प्रदान की और वैश्विक वित्तीय संस्थानों के साथ नए सिरे से जुड़ाव को सक्षम किया। भारत अब उस लाभ को उलटने के लिए दृढ़ संकल्पित है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान को एफएटीएफ के निशाने पर वापस लाने का प्रयास तेज़ हो गया। हालांकि इस्लामाबाद ने किसी भी तरह की संलिप्तता से इनकार किया है, लेकिन भारतीय अधिकारियों ने एफएटीएफ के प्रमुख सदस्य देशों को नयी खुफिया जानकारी दी है, जिसमें वित्तीय बहाव का विवरण शामिल है जो कथित तौर पर हमले के अपराधियों को पाकिस्तान स्थित फंड प्रदाता संस्थानों से जोड़ता है।*

**भा**रत पाकिस्तान के खिलाफ अपने कूटनीतिक हमले को तेज कर रहा है,और अब वित्तीय कार्रवाई कार्य बल (एफएटीएफ) की ग्रे लिस्ट में इस्लामाबाद को फिर से सूचीबद्ध कराने के लिए प्रयास कर रहा है। ट्रम्प के नेतृत्व वाले अमेरिकी प्रशासन से समर्थन की असामान्य रूप से मजबूत अभिव्यक्ति द्वारा समर्थित यह नया प्रयास, सीमा पार आतंकवाद में अपनी निरंतर मिलीभगत के लिए पाकिस्तान को जवाबदेह ठहराने के लिए नयी दिल्ली द्वारा एक रणनीतिक कदम में तेजी को दर्शाता है। एफएटीएफग्रे लिस्ट- जिसे औपचारिक रूप से बढ़ी हुई निगरानी के तहत क्षेत्राधिकार के रूप में जाना जाता है- में पहले 2018 से 2022 तक पाकिस्तान शामिल था, जिससे देश को मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकी वित्तपोषण चैनलों पर गहन जांच के अधीन किया गया था। उस चार साल की अवधि में इस्लामाबाद ने अंतरराष्ट्रीय दबाव के तहत वित्तीय सुधारों को लागू करने के लिए संघर्ष किया, और इसने विदेशी निवेश, ऋण और विकास सहायता तक पाकिस्तान की पहुंच को काफी हद तक बाधित किया। 2022 में डीलिस्टिंग इस दक्षिण एशियाई राष्ट्र के लिए एक कूटनीतिक और आर्थिक सफलता थी, जिसने पाकिस्तान की पहले से ही लड़खड़ाती अर्थव्यवस्था को जीवन रेखा प्रदान की और वैश्विक वित्तीय संस्थानों के साथ नये सिरे से जुड़ाव को सक्षम किया। भारत अब उस लाभ को उलटने के लिए दृढ़ संकल्पित है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान को एफएटीएफ के निशाने पर वापस लाने का प्रयास तेज़ हो गया। हालांकि इस्लामाबाद ने किसी भी तरह की संलिप्तता से इनकार किया है, लेकिन भारतीय अधिकारियों ने एफएटीएफ के प्रमुख सदस्य देशों को नयी खुफिया जानकारी दी है, जिसमें वित्तीय बहाव का विवरण शामिल है जो कथित तौर पर हमले के अपराधियों को पाकिस्तान स्थित फंड प्रदाता संस्थानों से जोड़ता है।

भारतीय विदेश मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार, डोजियर में सैटेलाइट इमेजरी, इंटरसेप्ट किये गये संचार और लेन-देन रिकॉर्ड शामिल हैं जो जम्मू और कश्मीर में चरमपंथी गतिविधियों से जुड़े धन के सीमा पार प्रवाह का संकेत देते हैं। उद्देश्य स्पष्ट है: यह प्रदर्शित करना कि पाकिस्तान आतंकवाद वित्तपोषण के प्रति अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा करने में विफल रहा है, और इस प्रकार एफएटीएफ की बढ़ी हुई निगरानी व्यवस्था में पाकिस्तान की वापसी को उचित ठहराया जा सकता है। नये भू-राजनीतिक गठबंधनों के कारण इस प्रयास में तेजी आने की संभावना है। दक्षिण एशिया पर हाल ही में अमेरिका की अस्पष्टता से उल्लेखनीय रूप से हटकर, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पहलगाम की घटना के बाद भारत के सभी रूपों में आतंकवाद के खिलाफ खुद का बचाव करने के अधिकार का सार्वजनिक रूप से समर्थन किया है। पेरिस में एफएटीएफ मुख्यालय में भारत की वर्तमान पैरवी कथित तौर पर फ्रांस, जर्मनी और संयुक्त राज्य अमेरिका के समन्वय में की जा रही है- वे देश जिन्होंने पहले पाकिस्तान द्वारा आतंकवाद वित्तपोषण सुधारों के आधे-अधूरे कार्यान्वयन पर निराशा व्यक्त की थी। कहा जाता है कि भारतीय राजनयिक यह मामला बना रहे हैं कि पाकिस्तान द्वारा आतंकवाद वित्तपोषण गतिविधियों को सक्षम करने या अनदेखा करने की स्पष्ट पुनरावृत्ति न केवल एक क्षेत्रीय खतरा है, बल्कि एक वैश्विक खतरा भी है, विशेष रूप से अफगानिस्तान में तालिबान के पुनरुत्थान और व्यापक मध्य पूर्व में बढ़ती अस्थिरता पर चिंताओं के मद्देनजर। एफएटीएफ की अगली पूर्ण बैठक जून में होने वाली है और सूत्रों का कहना है कि भारत इस समयसीमा में ही काम कर रहा है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि पाकिस्तान की अनुपालन स्थिति के मुद्दे को एजेंडे में सबसे ऊपर रखा जाये। यह रणनीति पाकिस्तान के लिए विशेष रूप से कमज़ोर समय पर आई है, जिसकी अर्थव्यवस्था मुद्रास्फीति, मुद्रा अवमूल्यन और घटते विदेशी भंडार के बोझ तले दबी हुई है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के साथ देश की मौजूदा व्यवस्था 2025 के मध्य में समाप्त हो रही है, और नये बचाव कोष के लिए बातचीत कठिन होने की उम्मीद है। एफएटीएफ की ग्रे सूची में पाकिस्तान को फिर से शामिल करने का कोई भी कदम इन वार्ताओं को गंभीर रूप से जटिल बना देगा, जिसके परिणामस्वरूप ऋण की शर्तें सख्त हो सकती हैं या वितरण में देरी हो सकती है। इसके अलावा, अपर्याप्त धन शोधन नियंत्रण वाले क्षेत्राधिकार के रूप में टैग किए जाने से प्रतिष्ठा को होने वाला नुकसान निजी निवेशकों को हतोत्साहित करेगा और ऐसे समय में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को और ठंडा कर देगा जब इस्लामाबाद पूंजी आकर्षित करने के लिए बेताब है। इसके निहितार्थ केवल वित्तीय ही नहीं हैं। इस तरह के कदम से देश में राजनीतिक अस्थिरता भी बढ़ सकती है, जो पहले से ही तीव्र घरेलू उथल-पुथल और चल रहे नागरिक-सैन्य तनावों से जूझ रहा है।



इस्लामाबाद जोर देकर कहता है कि उसने अपनी पिछली ग्रे लिस्टिंग के दौरान एफएटीएफ द्वारा अनिवार्य सभी 34 कार्रवाई मदों का पूरी तरह से पालन किया है और मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकी वित्तपोषण से निपटने के लिए एक मजबूत ढांचा बनाये रखना जारी रखा है। पाकिस्तानी अधिकारियों ने भारत पर संकीर्ण भू-राजनीतिक एजंडे को आगे बढ़ाने के लिए बहुपक्षीय प्लेटफार्मों का फायदा उठाने का भी आरोप लगाया है और चेतावनी दी है कि इस तरह की कार्रवाइयों से क्षेत्रीय तनाव बढ़ सकता है। फिर भी, कूटनीतिक वास्तविकता यह है कि पाकिस्तान की विश्वसनीयता पिछली कई तिमाहियों से अस्थिर बनी हुई है, खासकर पिछले उदाहरणों के बाद जब यह पाया गया कि यह प्रमुख सुधारों को लागू करने में अपने पैर खींच रहा है या अपनी धरती पर सक्रिय संयुक्त राष्ट्र द्वारा नामित आतंकवादियों पर मुकदमा चलाने में विफल रहा है। जैसे-जैसे एफएटीएफ अपने मध्य-वर्ष सत्र की तैयारी कर रहा है, दांव बढ़ते जा रहे हैं। भले ही कुछ सदस्य देश एक तकनीकी निकाय के राजनीतिकरण से सावधान हों, लेकिन 2018 का उदाहरण-जब भारत ने आतंकवाद के वित्तपोषण पर चिंताओं के बीच पाकिस्तान को ग्रे लिस्टिंग में डालने के लिए सफलतापूर्वक पैरवी की थी-यह बताता है कि राजनीतिक इच्छाशक्ति और कूटनीतिक समन्वय तकनीकी अस्पष्टता पर भारी पड़ सकते हैं। भारत की अर्थव्यवस्था में उछाल और वैश्विक प्रभाव बढ़ने के साथ, यह आज खुद को बहुपक्षीय मंचों को प्रभावित करने के लिए सात साल पहले की तुलना में अधिक मजबूत स्थिति में पाता है। इसके अलावा, इजरायल-गाजा युद्ध, यूक्रेन संघर्ष और अफ्रीका और एशिया में फिर से उभर रही जिहादी गतिविधि से आकार लेने वाले वैश्विक सुरक्षा वातावरण ने आतंकवाद को फिर से अंतरराष्ट्रीय चिंता के केंद्र में ला दिया है, जिससे भारत के तर्कों के लिए ग्रहणशीलता का माहौल बन रहा है।

# महाराजा बालिका विद्यालयः 159 साल पहले हुई थी स्थापना

**मंजु शर्मा**

**छो**टी चौपड़ पर कोतवाली थाना और महाराजा बालिका विद्यालय जिस हवेली में चलते है वह कालांतर में नाटाणियों की हवेली के नाम पहचानी जाती थी। राजस्व रिकॉर्ड और पोथी खाने के रिकॉर्ड में भी यह नाटाणियों की हवेली के नाम से दर्ज है। कोतवाली थाने और महाराजा बालिका विद्यालय का संचालन यहां 6 मई 1866 से महाराजा सवाई रामसिंह के समय से हो रहा है। कन्या विद्यालय स्थापित करने हेतु इसमें बिछाने की दरियां, कुर्सियां और मेजे लाने पर 90 रुपए दो आने खर्च हुए थे। जयपुर ही नहीं राजस्थान भर में 1866 ई. से पूर्व आधुनिक अर्थों में कोई कन्या विद्यालय नहीं खुला था। सात चौकों की इस हवेली का निर्माण नगर सेठ स्वर्गीय लूणकरण भिखारीदास नाटाणी ने कराया था। वर्ष 1968 से यह हवेली राजस्थान पुरावशेष स्थान एवं प्राचीन वस्तु अधिनियम के तहत संरक्षित घोषित है। कला एवं संस्कृति विभाग ने भी इसे संरक्षित घोषित किया हुआ है। यहां संचालित स्कूल का अपना एक रिकॉर्ड है। राज्य का प्रथम फाईन आर्ट शुरू करने वाला यह बालिका विद्यालय है। जयपुर शहर का यह पहला बालिका विद्यालय है, जिसका परीक्षा परिणाम प्रत्येक वर्ष शत-प्रतिशत रहा। वर्तमान में यहां लगभग 1500 बालिकाएं अध्ययनरत् है। 159 साल पहले जयपुर में पहला कन्या विद्यालय शुरू हुआ। धीरे-धीरे यहां छात्राओं की संख्या बढ़ने लगी और इस विद्यालय की ख्याति पूरी जयपुर रियासत में फैलती गई। सन 1967 में विद्यालय का शताब्दी दिवस मनाया गया। इसके अगले साल ही 1967 में इसके हीरक जयंती समारोह में भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. जाकिर हुसैन शरीक हुए जो इसके लम्बे इतिहास और कन्या शिक्षा के क्षेत्र में किए गए अथक प्रयासों का सम्मान था।

इस विद्यालय में पढ़ने वाली छात्राओं ने समय समय पर खेल जगत, शिक्षा जगत एवं जन सामाजिक कार्यों के साथ ही कई पूर्व अध्ययनरत् छात्राएं राजकीय/प्रशासनिक सेवाओं के साथ साथ सामाजिक एवं राजनैतिक क्षेत्रों में भी अपना एवं अपने विद्यालय के साथ प्रदेश का नाम भी रोशन कर रही है। जिनमें से उल्लेखनीय है पूर्व राष्ट्रपति शंकर दयाल शर्मा की पत्नी विमला शर्मा, पूर्व राज्यपाल कमला बेनीवाल, अभिनेत्री एवं सिंगर ईला अरूणा, लेखिका रमा पाण्डे आदि यहीं अध्ययनरत रह चुकी है। इसके साथ ही स्कूल की कई छात्राएं आज यहां अध्यापिका भी है। वर्तमान में विद्यालय को स्मार्ट विद्यालय में शामिल किया गया है। साथ ही विधायक कोटे से बेटियों की सुरक्षा हेतु विद्यालय के समस्त प्रागंण में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। साथ ही विद्यालय में स्वच्छ एवं ठण्डे पेयजल की सम्पूर्ण व्यवस्था सुचारू रूप से अखिल भारतीय नाटाणी परिवार द्वारा की गई। साथ ही बेटियों के विकास हेतु समय समय पर सांस्कृतिक, सामाजिक, खेल कूद एवं विभिन्न तरह की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती रही है। वर्ष 2015 से विद्यालय में कक्षा प्रथम से बारहवीं तक कर दिया गया है। वर्तमान में विद्यालय में कृषि संकाय को छोडकर वाणिज्य, विज्ञान और कला वर्ग के सभी संकाय संचालित किए जा रहे हैं। अखिल भारतीय नाटाणी परिवार समिति के राष्ट्रीय महामंत्री एवं विद्यालय विकास प्रबंधन समिति के गोविन्द नाटाणी ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालय के विकास के लिए विद्यालय के सभागार भवन के जीर्णोद्धार एवं विद्यालय के विकास के लिए अखिल भारतीय नाटाणी परिवार समिति द्वारा जीर्णोद्धार करवाया गया। विद्यालय के सर्वांगीण विकास एवं जीर्णोद्धार कराने पर अखिल भारतीय नाटाणी परिवार समिति को 23वां राज्य स्तरीय भामाशाह सम्मान के रूप में भामाशाह सम्मान से 28 जून 2017 को राज्य सरकार के तत्कालीन मुख्यमंत्री श्रीमती वसुंधरा राजे द्वारा सम्मानित किया गया। विद्यालय की 150वीं जयंती 6 मई 2016 को मनाई गई। समिति के महामंत्री गोविन्द नाटाणी ने बताया कि विद्यालय में बालिकाओं के सर्वांगीण विकास के लिए 2014 से निरंतर बालिकाओं के उत्थान के लिए समय समय पर विभिन्न कार्यक्रम भी आयोजित करने के साथ ही शत प्रतिशत परिणाम देने वाली शिक्षिकाओं के साथ ही सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं को भी समय-समय पर सम्मानित किया जाता रहा है। विद्यालय की आचार्य श्रीमती पुखराज आर्य ने बताया कि विद्यालय में बालिकाओं के सर्वांगीण विकास के लिए सामाजिक कार्य के साथ ही पर्यावरण संरक्षण के लिए बालिकाओं को समय-समय पर प्रोत्साहित किया जाता रहा है। साथ ही बालिकाओं के उत्थान के लिये समय समय पर अखिल भारतीय नाटाणी परिवार समिति द्वारा सहयोग प्रदान किया जाता रहा है। विद्यालय की स्थापना के पूर्व संध्या पर अखिल भारतीय नाटाणी परिवार समिति राष्ट्रीय महामंत्री गोविन्द नाटाणी ने वर्ष 2025-26 में सर्वाधिक अंक पाने वाली छात्राओं एवं सर्वश्रेष्ठ परिणाम देने वाली शिक्षकों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। विद्यालय आचार्य श्रीमती पुखराज आर्य ने बताया कि विद्यालय की छात्रा निलांशी शर्मा सांस्कृतिक कार्यक्रम हेतु राष्ट्रीय स्तर पर एवं पलक सिंह, राघव खुशनुमा, शिवानी, तन्वी तंवर, मीनाक्षी शर्मा को राज्य स्तरीय हॉकी टीम एवं रग्बी फुटबाल टीम में चयन किया जा चुका है।



*इस विद्यालय में पढ़ने वाली छात्राओं ने समय समय पर खेल जगत, शिक्षा जगत एवं जन सामाजिक कार्यों के साथ ही कई पूर्व अध्ययनरत् छात्राएं राजकीय/प्रशासनिक सेवाओं के साथ साथ सामाजिक एवं राजनैतिक क्षेत्रों में भी अपना एवं अपने विद्यालय के साथ प्रदेश का नाम भी रोशन कर रही है।*

## हास्य-व्यंग्य

# मां प्लीज आप भी मर लें अभी...

**आलोक पुराणिक**

**मसले** टेंशनात्मक थे, परिचित के घर पर।

पिता इस दुनिया में नहीं रहे थे, पर शिकागो, अमेरिका में कार्यरत बेटे के पास छुट्टी के दिन नहीं बाकी ना बचे थे। मां डपट रही थीं बेटे को-हाय हाय बाप नहीं रहा, तो भी कोई फर्क नहीं पड़ा। पांचवे दिन ही चला जायेगा, वापस। कम से कम तेरह दिन तो रुक, तेरहवीं तक। बेटे ने पलट हड़काया-मां बी प्रेक्टीकल, पापा नहीं रहे, और मैं यहां रह गया, तो नौकरी भी नहीं रहेगी। यूएस में लोग ये सुनकर हंसते हैं कि तेरह-तेरह दिन तुम शोक मनाते हो। मां ने फिर डांटा-शर्म कर, तू यूएस वाला है या इंडिया वाला। बेटे ने सालिड जवाब दिया-यूएस वाला होना इतना आसान कहां है। ग्रीन कार्ड हो जाये, तब ही कह सकता हूं कि यूएस वाला हूं। पर अब मैं इंडियावाला तो पक्का नहीं हूं।

इधर ऐसे बहुत बंदे दिखते हैं, जो अमेरिकन तो ना हो पाये हैं, पर इंडियन तो पक्के तौर पर नहीं रह गये हैं।

बेटा थोड़ा कम बेशरम था, वरना वो ये भी गुजारिश मां से कर सकता था कि मां लगे हाथों अब तुम भी मर ही जाओ। साथ की साथ सब निपट जायेगा, वरना तुम निपटोगी बाद में, तुम्हे निपटाने फिर बाद में आना पड़ेगा। छुट्टी का प्राबलम्स। मसला रोने का है यह या हंसने का, समझना मुश्किल है। बेटे यूएस वाले हो गये हैं, पर बाप इंडिया में मर रहे हैं। माएं मौत के बाद की सारी कार्रवाई इंडियन स्टाइल में चाहती हैं। तेरह दिन तो छोड़ो, बेटों का बस चले तो बाप को फूंककर सीधे शमशान से ही वापसी की फ्लाइट पकड़ लें। या कोई नया साफ्टवेयर डेवलप हो आनलाइन क्रिया कर्म का, बंदा लास एंजेल्स में बैठा बैठा ही हाथरस स्थित अपने पिताजी को निपटा रहा है। क्रिया कर्म में एफडीआई टाइप कुछ ऐसे स्टेप्स लिये जायेंगे, जिनमें फारेन से डालर आयेंगे। वहीं से बैठे -बैठे मुरदे फुंक जायेंगे। होगा, जी होगा। इज्जतदार बाप ऐसे दिन देखना नहीं चाहेंगे कि बच्चे शमशान घाट से सीधे यूएस जाने की जिद मचायें। मैं निवेदन करना चाहूंगा कि विदेशगामी बच्चों को देखते हुए नयी परंपराएं बनें। पिता जीते जागते अपने सामने अपनी खुद की तेरहवीं करके जायें। जैसी चाहें वैसे करके जायें। रिटायर होने के बाद कोई अच्छा सा मुहूरत देखकर, बच्चों की व्यस्तता देखकर बंदा खुद ही तेरहवीं के कार्ड छपवाकर वितरित कर दे-फलां दिनांक को मेरी तेरहवीं में आप सादर आमंत्रित हैं। तेरहवीं मृत्यु के तेरहवें दिन होती है। पहले से मौत का दिन पता ना होने पर हर बंदा किसी भी महीने की तेरह तारीख को तेरहवीं मना सकता है। आर्थिक तौर पर कमजोर लोग सामूहिक तेरहवीं मना सकते हैं। मित्र लोग परस्पर सामूहिक तेरहवीं भोज मना सकते हैं- गुप्ताजी, पुराणिकजी और शर्माजी की सामूहिक तेरहवीं में आप सब आयें, टाइप्स निमंत्रण छप सकते हैं।

# आईपीएल 2025: नजदीकी मुकाबले में गुजरात टाइटंस ने मुंबई इंडियंस को तीन विकेट से हराया



**मुंबई।** मुंबई इंडियंस (एमआई) और गुजरात टाइटंस (जीटी) के बीच आईपीएल 2025 का 56 वां मुकाबला मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला गया। बारिश से प्रभावित नजदीकी मुकाबले में जीटी ने एमआई को तीन विकेट से हरा दिया और पाइंट टेबल में टॉप पर पहुंच गई। जीत के लिए 156 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुजरात टाइटंस को पहला झटका साईं सुदर्शन के रूप में दूसरे ओवर में लगा। वहीं दूसरे विकेट के लिए कप्तान शुभमन गिल (43) और विकेटकीपर बल्लेबाज जोस बटलर (30) के बीच 72 रनों की साझेदारी हुई। चौथे नंबर पर इम्पैक्ट प्लेयर के रूप में रदरफोर्ड ने 15 गेंदों पर तेजी से 28 रन बनाए। बारिश से प्रभावित मैच में गुजरात को अंत के दो ओवर में जीत के लिए 24 रनों की जरुरत थी और टीम के चार विकेट हाथ में थे। बारिश के कारण दूसरी इनिंग में मैच को 19 ओवर का कर दिया गया। मैच का नतीजा आखिरी गेंद पर निकला, जिस पर जीत के लिए एक रन की जरूरत थी और गुजरात ने जीत दर्ज की। मुंबई की तरफ से जसप्रीत बुमराह, ट्रेंट बोल्ट और अश्विनी कुमार को दो-दो सफलता मिली। वहीं, दीपक चाहर को एक विकेट मिला। इससे पहले टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी मुंबई इंडियंस की शुरुआत कुछ खास नहीं रही। सलामी बल्लेबाज रायन रिकलटन दूसरे ही गेंद पर कैच आउट हो गए। वहीं, रोहित शर्मा भी जल्द ही पवेलियन लौट गए। तीसरे नंबर पर बैटिंग करने आए विल जैक्स ने अर्धशतकीय पारी खेली। वहीं, सूर्यकुमार यादव ने 34 रन बनाकर उनका अच्छा साथ दिया। इसके अलावा कोई बल्लेबाज कुछ खास योगदान नहीं दे पाया। अंत के ओवर में कॉर्बिन बॉश ने 27 रन बनाए और टीम का स्कोर 150 के पास पहुंचाया। एमआई निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 155 रन बना सकी।

गुजरात टाइटंस की तरफ से सभी छह गेंदबाजों को विकेट मिला। साई किशोर को सर्वाधिक 2 सफलता मिली। उनके अलावा मोहम्मद सिराज, अरशद खान, प्रसिद्ध कृष्णा, राशिद खान और कोट्ज़े को एक-एक विकेट मिला। इस जीत के बाद गुजरात 16 अंकों के साथ अंकतालिका के टॉप पर पहुंच गई है, जबकि मुंबई चौथे पोजीशन पर है।

# कर्नाटक ने अंडमान और निकोबार को 10 गोल से हराया, गुजरात विजयी

**नारायणपुर।** गुजरात और कर्नाटक ने मंगलवार को रामकृष्ण मिशन आश्रम ग्राउंड में मेजबान छत्तीसगढ़ और अंडमान और निकोबार के खिलाफ अपने-अपने ग्रुप बी मैचों में जीत हासिल की। ??गुजरात ने मेजबान छत्तीसगढ़ को 3-2 से हराया, जबकि कर्नाटक ने स्वामी विवेकानंद अंडर 20 पुरुष राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप में अंडमान और निकोबार के खिलाफ 10-0 से जीत दर्ज की।

कर्नाटक ने ग्रुप बी में अपने शानदार अभियान का अंत अंडमान और निकोबार के खिलाफ 10-0 की बड़ी जीत के साथ किया, जो इतने ही मैचों में उनकी चौथी जीत है।

सैखोम बोरिश सिंह (14', 39', 42', 45+1', 45+5') शो के स्टार रहे, जिन्होंने पहले हाफ में ही पांच गोल किए। बी अभिराम (8', 19') ने दो गोल किए, तथा प्रज्वल वी गौड़ा (65') और प्रेमिश टी (90+4') ने दो-दो गोल किए, जबकि अजीम तारिक (54' ओजी) को खुद का गोल करने का दोषी पाया गया। कर्नाटक, जिसने अपने अंतिम ग्रुप चरण के मैच से पहले ही क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली थी, अब शुक्रवार, 9 मई, 2025 को सुबह 7.30 बजे अंतिम आठ में ग्रुप ए के विजेता मेघालय से भिड़ेगा। कर्नाटक ने मंगलवार को कार्यवाही शुरू होने से पहले ही ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया था, जिससे दोनों मैच अनिवार्य रूप से बेमेल हो गए। ग्रुप बी के शीर्ष पर रहने वाले खिलाड़ियों ने चार मैचों में 12 अंक हासिल किए, जिसमें गुजरात ने नौ, तमिलनाडु ने छह, छत्तीसगढ़ ने तीन और अंडमान एवं निकोबार ने शून्य अंक हासिल किए।



गुजरात ने मेजबान छत्तीसगढ़ को एक उतार-चढ़ाव भरे मैच में 3-2 से हराया, जिसमें प्रत्येक पक्ष ने कम से कम एक बार बढ़त हासिल की। जेसी कॉम (4%) ने गुजरात के लिए शुरुआत में ही बढ़त बना ली, उन्होंने बॉक्स के बाहर से शॉट को निचले कोने में लगाया। हालांकि, मेजबान टीम अपने अभियान को परिणाम के साथ समाप्त करने के लिए दृढ़ थी, और आदित्य विश्वकर्मा (29%) के माध्यम से वापसी की, जिन्होंने एक जटिल जवाबी हमले को पूरा किया।

## व्यापार समाचार

# टाटा एसेट मैनेजमेंट ने अस्थिर बाजारों में संभावित स्थिरता और कर दक्षता को मद्देनज़र रखते हुए टाटा इनकम प्लस आर्बिट्रेज एक्टिव फंड ऑफ फंड लॉन्च किया

**मुंबई, एजेंसी।** टाटा एसेट मैनेजमेंट ने टाटा इनकम प्लस आर्बिट्रेज एक्टिव फंड ऑफ फंड के लॉन्च की घोषणा की है। यह एक अभिनव फंड ऑफ फंड योजना है। जिसका लक्ष्य आर्बिट्रेज फंड की कम अस्थिरता वाली रणनीति और उच्च गुणवत्ता वाले कॉरपोरेट बॉन्ड की स्थिर संचय क्षमता को साथ मिलाना इसका उद्देश्य है। नया फंड ऑफर (NFO) 5 मई, 2025 को खुलेगा और 19 मई, 2025 को बंद होगा।

घरेलू म्यूचुअल फंड योजनाओं में निवेश करने वाला यह ओपन-एंडेड फंड ऑफ फंड कॉर्पोरेट बॉन्ड और इक्विटी आर्बिट्रेज रिटर्न पर अर्जित ब्याज के संतुलित मिश्रण के माध्यम से निवेशकों को एक बहुमुखी समाधान प्रदान करता है।

टाटा इनकम प्लस आर्बिट्रेज एक्टिव एफओएफ दो साल के होराइज़न वाले निवेशकों के लिए डिज़ाइन किया गया है, जो संभावित रूप से स्थिर, संचय-उन्मुख और कर-कुशल रिटर्न चाहते हैं। यह फंड अधिकतम 65% टाटा कॉर्पोरेट बॉन्ड फंड को और न्यूनतम 35% टाटा आर्बिट्रेज फंड को आवंटित करता है, जो 2 साल के होराइज़न को ध्यान में रखते हुए ऋण की स्थिरता को कर कुशल रिटर्न के साथ जोड़ता है।

टाटा आर्बिट्रेज फंड, अपने 100% हेज्ड इक्विटी पोर्टफोलियो के साथ, अल्पकालिक स्थिर लाभ का लक्ष्य रखता है, जबकि टाटा कॉर्पोरेट बॉन्ड फंड चुनिंदा अवधि प्रबंधन के साथ अर्जित रिटर्न पर ध्यान केंद्रित करता है। 'फंड ऑफ फंड' संरचना के तहत यह मिश्रण, दो साल से अधिक समय तक रखे जाने पर स्टैंडअलोन आर्बिट्रेज या कॉर्पोरेट बॉन्ड फंड की तुलना में बेहतर कर बचत क्षमता के साथ एक संतुलित दृष्टिकोण प्रदान करता है। टाटा एसेट मैनेजमेंट के फंड मैनेजर, शैलेश जैन ने कहा, 'मौजूदा माहौल में जहां ऋण पर कमाई आकर्षक हैं और इक्विटी बाजार में अस्थिरता बनी हुई है, इस तरह की एक हाइब्रिड रणनीति पारंपरिक ऋण फंड की तुलना में बेहतर कर-पश्चात रिटर्न दे सकती है। फंड का सक्रिय आवंटन और स्मार्ट लिक्विडिटी प्रबंधन रिटर्न को अनुकूलित करने का लक्ष्य रखता है।' हाल के वर्षों में आर्बिट्रेज और हाइब्रिड रणनीतियों ने जोर पकड़ा है क्योंकि निवेशक ऐसे विकल्पों की तलाश कर रहे हैं जो ऋण की सापेक्ष सुरक्षा को इक्विटी-लिंक्ड उत्पादों की कर बचत क्षमता और लचीलेपन के साथ जोड़ते हैं।

टाटा कॉर्पोरेट बॉन्ड फंड - रेगुलर प्लान ने 1 साल की अवधि में 8.43त्न का वार्षिक रिटर्न दिया है, जबकि इसी अवधि में क्रिसिल कॉरपोरेट बॉन्ड ए-II इंडेक्स ने 7.97% रिटर्न दिया है। 2021 में अपनी स्थापना के बाद से, फंड ने 5.96% का रिटर्न दिया है (स्रोत- प्रेजेंटेशन)।

इस बीच, वैल्यू रिसर्च के अनुसार, टाटा आर्बिट्रेज फंड - डायरेक्ट प्लान 1 साल और 5 साल के एसआईपी रिटर्न दोनों के लिए आर्बिट्रेज फंडों में तीसरे स्थान पर है। इसने 1 साल के एसआईपी पर 8.05% और 5 साल के एसआईपी पर 7.06% रिटर्न दिया है।

टाटा इनकम प्लस आर्बिट्रेज एक्टिव एफओएफ की मुख्य विशेषताओं में 5,000 रुपये की न्यूनतम निवेश राशि, दो साल के बाद इक्विटी टैक्सेशन लाभ और 30 दिनों के रिडीम किए जाने पर 0.25त्न का मामूली निकास भार शामिल है।

टाटा एसेट मैनेजमेंट निवेशकों को अच्छी तरह से रिसर्च किए गए, अभिनव समाधान प्रदान करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता को मज़बूत करना जारी रखता है, जो बदलते बाज़ार की गतिशीलता और दीर्घकालिक धन सृजन लक्ष्यों के अनुरूप हैं।

# एचडीएफसी फ्लेक्सी कैप फंड ने हर उतार-चढ़ाव में बेहतर प्रदर्शन किया

## शुरुआत के दौरान निवेश किए गए रु.1 लाख बढ़कर हुए रु.1.84 करोड़

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एचडीएफसी फ्लेक्सी कैप फंड एक डायनामिक इक्विटी फंड है जो लार्ज, मिड और स्मॉल कैप कंपनियों में निवेश करता है। इस फंड ने पिछले 30 वर्षों में बाज़ार के कई उतार-चढ़ावों के बावजूद शानदार प्रदर्शन किया है। फंड की शुरुआत 1 जनवरी 1995 को हुई थी और इसका अब तक का औसत वार्षिक रिटर्न (CAGR): 18.82% (31 मार्च 2025 तक) रहा है। इस तरह फ़ंड की शुरुआत के दौरान निवेश किए गए रु.1 लाख की आज की वैल्यू: रु.1.84 करोड़ हो गई है। फ़ंड ने Nifty 500 TRI से रु.1.51 करोड़ अधिक रिटर्न दिया है। इसके अलावा, शुरुआत से हर महीने के पहले कारोबारी दिन मासिक निवेश किए गए रु.10,000 की एक व्यवस्थित निवेश योजना (SIP) (कुल निवेश रु.36.20 लाख) की रकम 31 मार्च, 2025 तक लगभग रु.20.24 करोड़ हो गई होगी।

पिछले तीन दशकों में एचडीएफसी फ्लेक्सी कैप फंड ने बाज़ार के कई उतार-चढ़ावों का सफलतापूर्वक सामना किया है, और अपनी मज़बूत निवेश रणनीति को बार-बार सिद्ध किया है। यह रणनीति उच्च गुणवत्ता वाली, मजबूत बुनियादी संरचना वाली कंपनियों और दीर्घकालिक विकास क्षमता पर केंद्रित रही है। अच्छी कंपनियों की पहचान, उचित मूल्यांकन और दीर्घकालिक दृष्टिकोण के चलते यह फंड निवेशकों के बीच एक भरोसेमंद विकल्प बन चुका है।

फंड की निवेश रणनीति 'बॉटम-अप' पद्धति पर आधारित है, जिसमें ग्रोथ की संभावना रखने वाली कंपनियों को उचित मूल्य पर चुना जाता है। किसी भी कंपनी में निवेश से पहले उस सेक्टर की स्थिति, उद्योग चक्र और कंपनी की भूमिका का गहराई से मूल्यांकन किया जाता है, जिसके आधार पर रिस्क-एडजस्टेड पोर्टफोलियो पोजिशन बनाई जाती है। एचडीएफसी फ्लेक्सी कैप फंड एक संरचित (Structured) रिस्क मैनेजमेंट रणनीति अपनाता है, जो चार प्रमुख स्तंभों पर आधारित है। फंड नियामक और आंतरिक जोखिम-नियंत्रण मानकों का सख्ती से पालन करता है, जिससे निवेश की दिशा तय किए गए मापदंडों के अनुरूप बनी रहती है। इसके लिए रीयल-टाइम चेक्स और लगातार निगरानी की व्यवस्था की गई है।

फंड का निवेश निर्णय पूरी तरह रिसर्च-आधारित होता है, जिसे इन-हाउस रिसर्च टीम द्वारा संचालित किया जाता है। यह टीम मात्रात्मक (quantitative) और गुणात्मक (qualitative) दोनों ही पहलुओं का विश्लेषण करती है। पोर्टफोलियो निर्माण की प्रक्रिया रणनीतिक होती है, जिसमें किसी स्टॉक का पोर्टफोलियो में आकार उद्योग चक्र और कंपनी की बाज़ार में स्थिति को ध्यान में रखकर तय किया जाता है। सेक्टर और विषयों में विविधता (diversification) तथा विभिन्न कैटेगरी की कंपनियों (लार्ज, मिड और स्मॉल कैप) में लचीलापन — यह सब दर्शाता है कि फंड अच्छी तरह प्रबंधित, संतुलित और टिकाऊ निवेशों के प्रति प्रतिबद्ध है।

श्री नवनीत मुणोत, मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ, एचडीएफसी एएमसी ने कहा कि एचडीएफसी फ्लेक्सी कैप फंड की पिछले तीन दशकों की यात्रा हमारे अनुशासित निवेश दर्शन और निवेशकों की संपत्ति निर्माण के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है। यह फंड विभिन्न बाजार चक्रों से सफलतापूर्वक गुजरा है और हर बार और अधिक मजबूत बनकर उभरा है, जो हमारी निवेश प्रक्रिया की मजबूती को दर्शाता है। फंड का प्रदर्शन हमारे निवेशकों के लिए दीर्घकालिक मूल्य सृजन के दृष्टिकोण को और भी मजबूत करता है।

सुश्री रोशी जैन, सीनियर फंड मैनेजर, एचडीएफसी एएमसी ने कहा कि इस फंड के माध्यम से निवेशकों को धन सृजन में मदद कर पाना हमारे लिए गर्व की बात है। हमने हमेशा ऐसी उच्च गुणवत्ता वाली कंपनियों की पहचान पर ध्यान केंद्रित किया है जिनमें टिकाऊ विकास की क्षमता हो।

एचडीएफसी फ्लेक्सी कैप फंड के साथ हमारा लक्ष्य है — संतुलित और विविध निवेश दृष्टिकोण के जरिए निवेशकों को बेहतर रिस्क-एडजस्टेड रिटर्न प्रदान करना।

# एसीसी सिंदरी में अदाणी फाउंडेशन ने धनबाद के 4 गांवों में सौर ऊर्जा के माध्यम से स्वच्छ पेयजल तक पहुंच की सुनिश्चित

**झारखंड, एजेंसी।** विविधतापूर्ण अदाणी पोर्टफोलियो की सीमेंट और निर्माण सामग्री कंपनी एसीसी, अदाणी फाउंडेशन के साथ मिलकर स्वच्छ पेयजल की सुलभता को आसान बनाकर ग्रामीण स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ा रही है। धनबाद में छत्ताटांड ग्राम पंचायत के अंतर्गत चार गांवों में सौर ऊर्जा से चलने वाले पेयजल प्रणालियों के माध्यम से, कंपनी और अदाणी फाउंडेशन ने 100 से अधिक परिवारों को सुरक्षित पेयजल तक निरंतर पहुंच सुनिश्चित की है। यह पहल पानी की कमी को दूर करती है, नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देती है और कम लागत वाले, टिकाऊ बुनियादी ढांचे के माध्यम से जीवन की गुणवत्ता में सुधार करती है - खासकर महिलाओं और बच्चों के लिए। प्रत्येक गांव में अब जल भंडारण टैंकों के साथ 2 एचपी सौर पंप प्रणाली है, जो सुरक्षित पेयजल तक निर्बाध पहुंच सुनिश्चित करती है। इस पहल से जलजनित बीमारियों और जल संग्रह के बोझ में भारी कमी आई है, खासकर महिलाओं और बच्चों पर, साथ ही सौर ऊर्जा के कारण परिचालन लागत में भी कमी आई है। यह पहल अभिनव और टिकाऊ समाधानों के माध्यम से ग्रामीण बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए एसीसी की गहरी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। स्वच्छ जल प्रदान करने के अलावा, इसने दैनिक जीवन में गरिमा और सहजता बहाल की है - खासकर महिलाओं के लिए, जिन्हें अब पानी लाने के लिए लंबी दूरी तय करने की आवश्यकता नहीं है। आवश्यक सार्वजनिक उपयोगिताओं में सौर ऊर्जा को एकीकृत करके, एसीसी एक समय में एक गांव, स्वस्थ, अधिक लचीले समुदायों के निर्माण में मदद कर रहा है।

# बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने घटाई होम लोन की ब्याज दरें, नई दरें 8.00% प्रति वर्ष से शुरू

**मुंबई, एजेंसी।** भारत के अग्रणी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में से एक, बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने अपने होम लोन की ब्याज दरों में कमी किए जाने की घोषणा की है। बैंक की होम लोन ब्याज दरें अब 8.00% प्रति वर्ष (पहले 8.40% प्रति वर्ष) से शुरू होंगी। ये दरें नए होम लोन और होम इमप्रूवमेंट लोन पर लागू होंगी। दरें उधारकर्ता के क्रेडिट स्कोर से लिंक्ड हैं और 15 लाख रुपये और उससे अधिक के ऋण पर लागू होंगी। बैंक ने रेपो रेट से लिंक्ड ऋण वाले अपने मौजूदा उधारकर्ताओं को रेपो रेट में कटौती का लाभ पहले ही दे दिया है।

इसके अलावा, बैंक तैयार संपत्तियों, होम लोन शिफ्टिंग आदि के लिए महिला उधारकर्ताओं के लिए 0.05% प्रति वर्ष और 40 वर्ष से कम आयु के उधारकर्ताओं के लिए 0.10% प्रति वर्ष की रियायत भी दे रहा है।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा के कार्यपालक निदेशक श्री संजय मुदालियर ने कहा, बैंक ऑफ़ बड़ौदा के होम लोन पर घटी हुई दरें घर की खरीद को और अधिक किफायती बना देंगी।

हम कुछ विशेष महत्वपूर्ण सेगमेंट के लिए विशेष रियायतें भी दे रहे हैं। जहां एक ओर ये संशोधित दरें घर खरीदने का सपना देखने वाले ग्राहकों को प्रतिस्पर्धी ऋण समाधान प्रदान करने की बैंक की प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं, वहीं दूसरी ओर इससे पसंदीदा हाउसिंग फायनांस भागीदार के रूप में हमारी स्थिति और सुदृढ़ होगी।

बैंक की होम लोन बैलेंस ट्रांसफर योजना, अन्य बैंकों और एनबीएफसी के उधारकर्ताओं को न्यूनतम दस्तावेज़ीकरण और शीघ्र प्रोसेसिंग के साथ, अपने होम लोन को बैंक ऑफ़ बड़ौदा में अंतरित करने का एक उत्कृष्ट अवसर प्रदान करते हुए उन्हें कम ब्याज दरों का लाभ प्रदान करती है।

**बैंक ऑफ़ बड़ौदा होम लोन की मुख्य विशेषताएं-** ब्याज दरें 8.00% प्रति वर्ष से शुरू। महिला उधारकर्ताओं के लिए 0.05% प्रति वर्ष, 40 वर्ष से कम आयु के उधारकर्ताओं के लिए 0.10% प्रति वर्ष तथा टेक ओवर/ बैलेंस ट्रांसफर, पूरी तरह से तैयार संपत्तियों और सरकारी प्रोजेक्ट के मामलों में बैंक के न्यूनतम ब्याज दर दिशानिर्देश के अधीन 0.10% प्रति वर्ष की रियायत देय है। न्यूनतम दस्तावेज़ीकरण के साथ होम लोन टेक ओवर की सुविधा। डिजिटल गृह ऋण के साथ, कुछ ही चरणों में त्वरित मंजूरी।

# बजाज आलियांज लाइफ ने की अपने अब तक के सबसे बड़े बोनस 1,833 करोड़ रुपये की घोषणा, पॉलिसीधारकों को मिलेगा लाभ

**पुणे, एजेंसी।** बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस, भारत की अग्रणी निजी जीवन बीमा कंपनियों में से एक, ने वित्तीय वर्ष 2024-25 (FY25) के लिए अब तक का सबसे बड़ा 1,833 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड बोनस घोषित किया है। यह FY24 में घोषित 1,383 करोड़ रुपये के बोनस की तुलना में 32% की उल्लेखनीय वृद्धि दर्शाता है। इस बोनस से कंपनी के भाग लेने वाले (लाभ के साथ) उत्पादों में निवेश करने वाले 11.71 लाख से अधिक पॉलिसीधारकों को लाभ होगा। इस घोषणा के साथ, बजाज आलियांज लाइफ ने लगातार 24 वर्षों तक वार्षिक बोनस घोषित करके ग्राहकों को मूल्य प्रदान करने की अपनी मजबूत परंपरा को जारी रखा है। 31 मार्च 2025 तक लागू पारंपरिक भाग लेने वाली पॉलिसियों के पॉलिसीधारक इस बोनस के लिए पात्र होंगे, जो भाग लेने वाले फंड से उत्पन्न अधिशेष से घोषित किया गया है। बजाज आलियांज लाइफ विभिन्न प्रकार के भाग लेने वाले उत्पाद प्रदान करता है, जिनमें शामिल हैं- बजाज आलियांज लाइफ ACE (एक गैर-लिंक्ड, भाग लेने वाला, व्यक्तिगत जीवन बीमा बचत योजना), बजाज आलियांज लाइफ ACE एडवांटेज (एक गैर-लिंक्ड, भाग लेने वाला, जीवन बीमा बचत योजना), और बजाज आलियांज लाइफ एलीट एश्योर (एक गैर-लिंक्ड, भाग लेने वाला, व्यक्तिगत जीवन बीमा बचत योजना) जो ग्राहकों को उनकी विविध जीवन लक्ष्यों को पूरा करने के लिए बढ़ी हुई लचीलापन प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं। इन योजनाओं के पॉलिसीधारक, अन्य के साथ, घोषित बोनस से लाभान्वित होंगे इसके अतिरिक्त, कंपनी ने उच्च इक्विटी आवंटन वाले उत्पादों, बजाज आलियांज लाइफ ACE – वेल्थ ऑप्शन और बजाज आलियांज लाइफ फ्लेक्सी इनकम गोल-एन्हांस्ड बेनिफिट (एक गैर-लिंक्ड, भाग लेने वाला, गारंटीशुदा आय जीवन बीमा योजना) के पॉलिसीधारकों के लिए 5% का विशेष रिवर्शनरी बोनस घोषित किया है, जो 206 करोड़ रुपये का है। इस घोषणा पर बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस के एमडी और सीईओ तरुण चुघ ने कहा, हमें इस वर्ष अपने अब तक के सबसे बड़े वार्षिक भाग लेने वाले (PAR) बोनस 1,833 करोड़ रुपये की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। यह हमारी समझदारीपूर्ण निवेश रणनीतियों और मजबूत वित्तीय नींव की ताकत को दर्शाता है, जो हमें अपने ग्राहकों के लिए लाभ प्रदान करने में मदद करता है। एक ग्राहक-प्रथम जीवन बीमाकर्ता के रूप में, हम प्रदर्शन-आधारित समाधानों के लिए प्रतिबद्ध हैं जो वास्तव में लोगों को आत्मविश्वास के साथ अपने जीवन लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करते हैं।

# टीसीएस ने देश के क्वान्टम उद्योग को गति देने के लिए आईबीएम के साथ की साझेदारी

**मुंबई, एजेंसी।** टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेस (टीसीएस) और आईबीएम ने आंध्र प्रदेश सरकार के नए, अपनी तरह के पहले क्वान्टम वैली टेक पार्क और भारत के क्वान्टम उद्योग को और विकसित करने के लिए साझेदारी की है। इसे वर्तमान में अमरावती शहर में बनाया जा रहा है। टेक पार्क का संचालन आईबीएम क्वान्टम सिस्टम टू इंस्टॉलेशन द्वारा किया जाएगा। इसमें 156-क्यूबिट हेरॉन क्वान्टम प्रोसेसर होगा, जो भारत का सबसे बड़ा क्वान्टम कंप्यूटर है। टीसीएस एल्गोरिदम और एप्लिकेशन के विकास का समर्थन करने के लिए आईबीएम के साथ साझेदारी कर रही है।

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने कहा, 'आईबीएम, टीसीएस, एलएंडटी और अन्य सदस्यों के साथ, क्वान्टम वैली टेक्नोलॉजी पार्क दर्शाता है कि कैसे भारत का उद्योग और शिक्षा जगत जल्द ही हमारे मिशन के लक्ष्यों को पूरा करने में तेज़ी लाने में एक महत्वपूर्ण कदम आगे बढ़ा पाएगा।' आईबीएम क्वांटम के उपाध्यक्ष जय गैम्बेटा ने कहा, 'टीसीएस के साथ हमारा सहयोग देश के डेवलपर्स, वैज्ञानिकों और उद्योग विशेषज्ञों के संपन्न इकोसिस्टम को एल्गोरिदम और एप्लिकेशन विकसित करने के लिए आकर्षित करने में मदद करेगा।'

टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेस के मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी डॉ. हैरिक विन ने कहा, 'हम क्वांटम वैली टेक पार्क में आईबीएम और आंध्र प्रदेश सरकार के साथ साझेदारी करके उत्साहित हैं और क्वांटम एल्गोरिदम और एप्लिकेशन के विकास में तेज़ी लाने के लिए भारत के राष्ट्रीय क्वांटम मिशन का समर्थन करते हैं।'

# जियोस्टार ने टाटा आईपीएल 2025 के पहले 'जीतो धन धना धन' एसयूवी विजेता की घोषणा की

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जैसे-जैसे टाटा आईपीएल 2025 सीज़न रोमांचक मोड़ पर पहुँच रहा है और टीमें प्लेऑफ की दौड़ में जुटी हैं, जियोस्टार ने अपने लोकप्रिय फैन एंगेजमेंट कॉन्टेस्ट 'जीतो धन धना धन' के पहले एसयूवी विजेता की घोषणा की। ओडिशा के भद्रक जिले के निवासी रजकिशोर खुंटिया, इस सीज़न में इस मुफ्त प्रतियोगिता में एसयूवी जीतने वाले पहले प्रतिभागी बने हैं।

'जीतो धन धना धन' कॉन्टेस्ट दर्शकों को टाटा आईपीएल का सीधा प्रसारण देखते हुए रियल-टाइम प्रेडिक्शन और ट्रिविया सवालों के ज़रिए इनाम जीतने, ब्रांड कूपन प्राप्त करने और एक रोमांचक अनुभव का हिस्सा बनने का मौका देता है। हार्दिक पंड्या और मुंबई इंडियंस के बड़े प्रशंसक रजकिशोर खुंटिया एक निजी कंपनी में सुरक्षा गार्ड के रूप में कार्यरत हैं और अपने खाली समय में जियोहॉटस्टार पर क्रिकेट और अन्य खेल देखना पसंद करते हैं। खुंटिया ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा, 'एसयूवी जीतकर मैं बहुत खुश और उत्साहित हूँ।'


**Office of Gram Panchayat Rajpurbada, P. S. Rajgarh, Alwar**

No. 41 Date-05/05/2025

**Notice Inviting Bid**

Bids for Selection of सिंगल फेज बोरिंग निर्माण देवती के बंध रामसागर पाल वाल हनुमान मंदिर के पास ग्रा.पं. राजपुरबड़ा is invited from interest bidders upto 13/05/25 time 6.00 pm. Other particulars of the bid may be visited on the http:// sppp. rajasthan. gov.in,www.eproc.rajasthan.gov.in of the state portal. Approximate value of the procurement is Rs.-8.0 Lac.( with demand notice) UBN No-ZAL2526WSOB00375

**VDO Gram Panchayat Rajpurbada**



**कार्यालय ग्राम पंचायत रानोठ**
**पंचायत समिति मुण्डावर (खैरथल-तिजारा)**

क्रमांकः पचा./2025/44 दिनांक : 7.05.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना सं. 2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्न कार्यो हेतु पंचायती राज विभाग / जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग / सार्वजनिक निर्माण विभाग / जल संसाधन विभाग / नगर निगम एवं राजस्थान में पंजीकृत संवेदको एवं केन्द्रीय / राज्य सरकार व उनके अधिकृत संगठनों में पंजीकृत उपयुक्त श्रेणी संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार कमेटी को होगा। यदि कारणवश उसी दिन अवकाश रहता है तो अगले दिन उसी समय व उसी स्थान पर निविदाये खोली जायेगी। अमानत राशि ड्राफ्ट/नगद स्वीकार होगी। उक्त निविदा sppp पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है।

NIB No. ZAL2526A0211 UBN No. ZAL2526WSLB00423

| क्र. सं. | कार्य का नाम | निविदा प्रपत्र विक्रय दिनांक | निविदा प्रपत्र जमा कराने की दिनांक | निविदा खोलने की दिनांक | अनु.राशि (लाखों में) | अमानत राशि 2 प्रतिशत | निविदा फार्म राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ग्राम रानोठ में खो-खो मेट निर्माण कार्य ग्राम पंचायत रानोठ | 16.5.2025 10 AM | 16.5.2025 3 PM | 16.5.2025 3 PM | 993600 | 19872 | 500 |

उक्त कार्यों के दोष निवारण एवं उनके सुधार (डिफेक्ट लाईबिल्टी पीरियड) का उत्तरदायित्व कार्य पूर्णता के पश्चात नियमानुसार रहेगा, अन्य विवरण, निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है।

सुभरामदास-सरपंच
ग्राम पंचायत रानोठ
पं.स. मुण्डावर (अलवर)

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत रानोठ
पं.स. मुण्डावर (अलवर)

### पानी के टैंकरों की बढ़ती कीमतों का किया विरोध

# सर्वसमाज संघर्ष समिति ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, 4 सूत्री मांगों पर कार्रवाई की मांग

नोखा, 8 मई। नोखा में सर्वसमाज संघर्ष समिति ने बुधवार को एसडीएम कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। समिति ने कस्बे में पानी के टैंकरों की बढ़ी कीमतों और जलदाय विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। समिति ने 28 अप्रैल 2025 को प्रशासन को चार सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपा था। पहली मांग में गर्मी के मौसम में निजी पेयजल ट्यूबवेल संचालकों द्वारा बढ़ाई गई दरों को कम करने की मांग की गई है। दूसरी मांग में निजी पेयजल टैंकरों के ड्राइवरों के लाइसेंस और अन्य दस्तावेजों की जांच करने को कहा गया है। तीसरी मांग में नोखा कस्बे के गरीब परिवारों को मुफ्त पेयजल टैंकर की व्यवस्था करने की बात कही गई है। चौथी मांग में जलदाय विभाग में भ्रष्टाचार की उच्च स्तरीय जांच की मांग की गई है।

साथ ही लंबे समय से काम कर रहे ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट करने और अनुशासनहीन कर्मचारियों व अधिकारियों का स्थानांतरण करने की मांग की गई है। समिति ने कहा कि ज्ञापन देने के बाद एक सप्ताह में कार्रवाई का आश्वासन दिया गया था। लेकिन 10 दिन से अधिक समय बीत जाने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई है। अब समिति ने प्रशासन से इन मांगों पर की गई कार्रवाई का पूरा विवरण मांगा है। इस अवसर पर सर्व समाज संघर्ष समिति अध्यक्ष जगदीश भार्गव, सचिव जेठू सिंह राजपुरोहित, कानूनी सलाहकार राम निवास बिश्नोई, गोपाल सोनी, रामदयाल सोनी, बगसीराम कुम्हार, हुलाश भार्गव, सीता राम सोनी, पेमा राम सोनी, मघाराम कुम्हार, पूनम चंद कुम्हार सहित जोरावरपुरा और कानपुरा के अनेक लोग शामिल रहे।

# जालोर ने राज्य स्तरीय वूशु प्रतियोगिता में 14 मेडल जीते

जालोर, 8 मई। राजस्थान वूशु संघ के तत्वावधान में 2 से 5 मई तक बीकानेर में आयोजित 19वीं राज्य स्तरीय सब जूनियर वूशु प्रतियोगिता में जालोर के खिलाड़ियों ने कुल 14 पदक हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। जिला वूशु संघ के महासचिव कन्हैयालाल मिश्रा ने बताया कि जिला वूशु संघ के अध्यक्ष शिवदत्त आर्य के नेतृत्व में जिले के खिलाड़ियों ने 5 स्वर्ण पदक, 7 रजत पदक व 2 कांस्य पदकों पर कब्जा जमाकर राजस्थान में चौथा स्थान हासिल किया तथा जालोर की आराध्या सुंदेशा को उनके दमदार खेल प्रदर्शन के कारण बालिका वर्ग में प्रतियोगिता की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया। सचिव मिश्रा ने प्रतियोगिता के परिणामों की जानकारी देते हुए बताया कि मयंक भादरु, रुद्राक्ष, काव्या गुप्ता, आराध्या सुंदेशा व वैष्णवी सिंह ने स्वर्ण पदक, कर्तव्य गुप्ता, सिद्धार्थ गौड़, भानुप्रताप सिंह, प्रिंस जादम, मित्तल कुमारी, आलिया अली व सोनाक्षी सोलंकी ने रजत पदक तथा जयश्री भादरु व सोनाक्षी शर्मा ने कांस्य पदक अर्जित कर जिले का नाम रोशन किया। खिलाड़ियों के इस बेहतरीन प्रदर्शन पर राजस्थान वूशु संघ के अध्यक्ष हीरानंद कटारिया, महासचिव ममता वर्मा, अंतर्राष्ट्रीय वूशु कोच राजेश कुमार टेलर, जिला वूशु संघ के संरक्षक दलपतसिंह आर्य, आर्य वीर दल के अध्यक्ष कृष्ण कुमार तिवारी, संचालक प्रशांत सिंह, जिला खेल अधिकारी भरत सिंह गुर्जर, जिला सेपक टकरा संघ के अध्यक्ष विनोद आर्य, जिला कुश्ती संघ के अध्यक्ष महेन्द्र मुनोत, जिला तीरंदाजी संघ के सचिव वरुण शर्मा, पॉवर लिफ्टिंग संघ के सचिव कांतिलाल आर्य व जिला एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष भरत मेघवाल, सहित जिले भर के खेल प्रेमियों ने खुशी जाहिर की।

## कलेक्टर ने बंदियों को किताब पढ़ने को प्रेरित किया

चूरू, 8 मई। कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने मंगलवार को जिला जेल का निरीक्षण किया गया। इस दौरान कलेक्टर सुराणा ने बंदियों से संवाद किया तथा उन्हें किताबें पढ़ने के लिए प्रेरित किया। कलेक्टर ने कहा कि किताबों को अपना मित्र बना लें और उन्हें पढ़कर अपने समय का सदुपयोग करें। इससे आपका ज्ञान बढ़ेगा, आपके विचारों में सकारात्मकता आएगी और मन को शांति मिलेगी। इस दौरान उन्होंने जेल उप अधीक्षक नरेंद्र कुमार स्वामी से बंदियों के बैरक, भोजन और चिकित्सा व्यवस्था की जानकारी ली। ओमप्रकाश तंवर ने जेल में कैदियों के लिए बनाए गए पुस्तकालय की जानकारी दी। इस मौके पर चैनरूप दायमा ने विचार व्यक्त किए व कुलदीप व्यास ने गीत प्रस्तुति दी। इस अवसर पर एएओ इकरार अहमद, रोहिताश कुमार, मुख्य प्रहरी मोहरसिंह जड़िया, महेंद्र सिंह, प्रहरी नरेश कस्वां, नरेंद्र, महेंद्र डूडी, मेनका, अनिता, सरोज आदि उपस्थित थे।

## नोहर में 20 ग्राम हेरोइन सहित 2 तस्कर गिरफ्तार

हनुमानगढ़, 8 मई। हनुमानगढ़ के नोहर में पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने डीएसटी सेक्टर नोहर के सहयोग से दो तस्करों को 20 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से एक कार भी जब्त की गई है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अकरम खान (33) और अलताफ खान (30) के रूप में हुई है। अकरम खान नोहर के वार्ड नंबर 29 का रहने वाला है। वहीं, अलताफ खान वार्ड नंबर 27 का निवासी है। यह कार्रवाई बीकानेर रेंज के आईजी ओमप्रकाश और एसपी हनुमानगढ़ अरशद अली के निर्देशन में की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजकंवर और वृताधिकारी ईश्वर सिंह के सुपरविजन में उप निरीक्षक रमेश कुमार पन्नू की टीम ने यह कार्रवाई की। पुलिस ने आरोपियों से एक कार भी जब्त की है। मामले में पुलिस थाना फेफाना के थानाधिकारी नरेंद्र कुमार आगे की जांच कर रहे हैं। यह कार्रवाई जीरो टॉलरेंस अभियान के तहत की गई है। इस अभियान में अवैध मादक पदार्थों, जुआ, सट्टा और क्रिकेट बुकी जैसी गतिविधियों पर रोक लगाई जा रही है।

# जालोर में सीवरेज का पानी गलियों में बह रहा

जालोर, 8 मई। जालोर में पहली बारिश से सीवरेज जाम हो गई और गंदा पानी मुख्य हॉल से बाहर निकल गया और लोगों के घरों में घुस गया। जालोर के रामपुरा कॉलोनी में सीवरेज तीन दिन से लीकेज हो रही है। जिससे गलिया गंदे पानी से भर गई।

लोगों की शिकायत के बाद भी नगर परिषद के द्वारा कोई सफाई नहीं की जा रही है। इस दौरान कॉलोनी की एक महिला रोती हुई देर शाम को जिला कलेक्ट्रेट पहुंच गई। जालोर के रामपुरा कॉलोनी निवासी एक महिला बुधवार की देर शाम करीब 8 बजे रोती हुई जिला कलेक्ट्रेट पहुंची। हालांकि, इस दौरान कलेक्टर डॉ प्रदीप के गवांडे वीसी में होने के कारण कलेक्टर के पीए सुरेन्द्र मेवाड़ा से मिल कर कहा कि सर मेरी गली में तीन दिन से सीवरेज का पानी भर रहा है। आज बारिश होने से पानी घरों में भर गया है। पिछले 3 दिन से नगर परिषद के अधिकारियों को शिकायत की जा रही। लेकिन, परिषद की और से कोई समाधान नहीं किया जा रहा है। अब पानी घर में आ गया है। मेरे बच्चों को चारपाई पर बैठा कर आई हूं। घर में गंदगी भर जाने से आज घर में नहीं तो भोजन बना है और ना ही किसी ने भोजन किया है। महिला की मांग पर पीए ने नगर परिषद को सूचना दी। महिला को सुबह तक समाधान का आश्वासन दिया। गुरुवार को सुबह 9 बजे नगर परिषद के द्वारा एक जेसीबी से नालियों की सफाई की जा रही हैं।

## शैलेन्द्र गोदारा को नोखा पालिका ईओ पद से हटाया

नोखा, 8 मई। राजस्थान हाईकोर्ट ने नोखा नगर पालिका के कार्यकारी अधिकारी (ईओ) शैलेन्द्र गोदारा को पद से हटाने का आदेश दिया है। यह आदेश स्थानीय निवासी मोहन सुथार द्वारा दायर की गई याचिका पर की गई है। शैलेन्द्र गोदारा मूल रूप से एक टैक्स ऑफिसर हैं, जिन्हें नगर पालिका के ईओ का अतिरिक्त प्रभार दिया गया था। मोहन सुथार ने इस नियुक्ति को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। याचिका में गोदारा की नियुक्ति की वैधता पर सवाल उठाए गए थे। हाईकोर्ट ने मामले की सुनवाई के बाद टैक्स ऑफिसर की ईओ पद पर नियुक्ति को अनुचित मानते हुए उन्हें पद से हटाने का निर्णय लिया।

## गोमती- उदयपुर फोरलेन की सर्विस लाइन पर पानी भरा

राजसमंद, 8 मई। नाथद्वारा में मंगलवार को बेमौसम की झमाझम बारिश ने गोमती उदयपुर फोरलेन की सर्विस लाइन पर एनएचएआई के कार्यों की पोल खोल दी। नगर में आज की बारिश के बाद नेशनल हाईवे नंबर 8 पर बनी सर्विस लाइन पर पानी भर गया। इस दौरान सर्विस लाइन से गुजरने वाले वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा, वही पैदल राहगीरों को भी सड़क पार करने मे बड़ी मुश्किल हुई। इस दौरान सर्विस लाइन पर वाहनों की लंबी कतारे लग गई। नाथद्वारा में लालबाग क्षेत्र में जारी ओवरब्रिज के कार्य से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा, काम के चलते हाइवे के दोनों ओर मिट्टी व भराव डालने से सर्विस रोड दरिया बन गई और पानी ओवरफ्लो होने लगा, कोई ऑप्शनल व्यवस्था नही होने से करीब 5 घंटे तक लोगों को भारी पानी के बीच जान जोखिम में डाल कर आवाजाही को मजबूर होना पड़ा। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से वैकल्पिक व्यवस्था करने की मांग की है।

# उद्योग केंद्र में आज लगेगा एक जिला एक उत्पाद पंजीयन शिविर

हनुमानगढ, 8 मई। जिले में एक जिला-एक उत्पाद योजना के तहत विनिर्माता इकाइयों को एसएसओ पोर्टल के माध्यम से निशुल्क ऑनलाइन पंजीयन की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए बुधवार को जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र में शिविर का आयोजन किया जाएगा। महाप्रबंधक आकाशदीप सिद्ध ने बताया कि उद्यमियों को अपनी फोटो, इकाई का पैन कार्ड, उद्यम रजिस्ट्रेशन, पहला और अंतिम विक्रय बिल, निर्मित उत्पाद की फोटो और अन्य आवश्यक दस्तावेज साथ लाने होंगे। नीति के तहत नए छोटे उद्यमों को 25 फीसदी या अधिकतम 15 लाख रुपए, लघु उद्यमों को 15 फीसदी या अधिकतम 20 लाख रुपए तक का अनुदान मिलेगा। महिला, अनुसूचित जाति/जनजाति, दिव्यांग और युवा उद्यमियों को अतिरिक्त 5 लाख रुपए तक की सहायता दी जाएगी। राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रदर्शनियों में भाग लेने वाले उद्यमियों को स्टॉल रेंट पर 75 फीसदी अनुदान और यात्रा व्यय पर 2 लाख रुपए तक की मदद दी जाएगी। राष्ट्रीय/अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता प्रमाणन के लिए खर्च पर 75 फीसदी जिसमें अधिकतम 3 लाख रुपए तक की पुनर्भरण सहायता दी जाएगी। एडवांस टेक्नोलॉजी और सॉफ्टवेयर के अधिग्रहण पर 50 फीसदी जो अधिकतम 5 लाख रुपए की मदद मिलेगी। साथ ही ब्रांडिंग और पैकेजिंग में भी सहायता दी जाएगी। ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म फीस का 75 फीसदी या अधिकतम 1 लाख रुपए प्रति वर्ष का दो वर्षों तक पुनर्भरण किया जाएगा। कैटलॉगिंग और वेबसाइट निर्माण के लिए 75,000 रुपए तक की एकमुश्त सहायता भी उपलब्ध है।

### टंकी के नीचे बिना कपड़ों के मिला युवती का शव

# रेप के बाद हत्या की आशंका, हनुमानगढ़ के पॉश एरिया में मचा हड़कंप

हनुमानगढ, 8 मई। हनुमानगढ़ जंक्शन के पॉश एरिया दुर्गा कॉलोनी स्थित परशुराम वाटिका में बुधवार सुबह एक युवती का निर्वस्त्र हालत में शव मिलने से सनसनी फैल गई। युवती का शव परशुराम वाटिका में बनी पानी की टंकी के नीचे पड़ा हुआ था। सूचना मिलने पर सीओ सिटी मीनाक्षी व जंक्शन थाना प्रभारी लक्ष्मण सिंह राठौड़ टीम के साथ मौके पर पहुंचे। एफएसएल की टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए। शव के पास से मिले मेडिकल दस्तावेज से मृतका की पहचान हुई। पुलिस ने युवती का शव कब्जे में लेकर जिला अस्पताल के मॉर्च्युरी कक्ष में भिजवाया। प्रथम दृष्टया महिला के साथ रेप के बाद गला दबाकर उसकी हत्या करने की आशंका जताई जा रही है। सीओ सिटी मीनाक्षी ने बताया कि बुधवार सुबह सूचना मिली कि जंक्शन की दुर्गा कॉलोनी स्थित परशुराम वाटिका में बनी पानी की टंकी के नीचे एक युवती का शव संदिग्धावस्था में पड़ा है। युवती निर्वस्त्र है और उसके साथ किसी तरह की घटना कर उसका मर्डर किया गया है। इस पर एफएसएल की टीम को मौके पर बुलाकर प्रथम दृष्टया मिले साक्ष्यों को जुटाया गया। प्रथम दृष्टया गला दबाने से या दम घुटने से युवती की मौत होने की बात सामने आई है। महिला की नाक से खून निकला हुआ था। आसपास लगे हुए सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चैक की जा रही है। मौके पर एकत्रित लोगों से पता चला है कि मंगलवार की शाम को उक्त महिला एक युवक के साथ पीपल के पेड़ के पास बैठी थी। फिलहाल महिला के शव को जिला अस्पताल के मॉर्च्युरी कक्ष में भिजवाया गया। सीओ के अनुसार शव के पास से कुछ मेडिकल के दस्तावेज मिले हैं। इससे मृतका की पहचान हुई है। महिला के परिजनों को सूचना दी गई है। परिजनों की रिपोर्ट के आधार पर आगामी कार्रवाई की जाएगी।

# बीकानेर में 7-साल की बच्ची की रेप के बाद हत्या

बीकानेर, 8 मई। बीकानेर में 7 साल की बच्ची की नाबालिग लड़के ने रेप के बाद हत्या कर दी। पुलिस ने नाबालिग को डिटेन कर लिया। लड़के के मोबाइल में कई पोर्न वीडियो मिले हैं।

वहीं दक्षिण की कई फिल्में भी मोबाइल में मिली है। आरोपी लड़का कई सोशल मीडिया एकाउंट्स पर भी पोर्न वीडियो देखता था, जिसमें अश्लील वीडियो लाइक किए गए हैं। डीएसपी संग्राम सिंह ने बताया- कोलायत में सोमवार रात बच्ची घर के पीछे शौच करने गई थी।

उसे छत पर खड़े लड़के ने देख लिया था। लड़का नीचे उतरकर पड़ोसी के घर पर पहुंच गया। वहां बच्ची को जबरन दबोचकर जबरदस्ती की। बच्ची ने शोर मचाने की कोशिश की तो एक प्लास्टिक उसके मुंह में डाल दिया। बच्ची के मुंह और नाक दोनों प्लास्टिक से कसकर बांध दिए। इसके बाद रेप किया। लड़की के बेहोश होने पर उसे एक फंदे पर लटकाकर अपने घर चला गया। रात को उधर से गुजर रहे एक व्यक्ति ने बच्ची को फंदे पर लटकते देखा। उसने सूचना घरवालों को दी। मौके पर गांव के लोग एकत्र हो गए। पुलिस ने मौके पर पहुंचने के बाद एफएसएल की टीम को बुलाया। जहां बच्ची की लाश लटक रही थी। उसके पास ही पुलिस को कुछ फुट प्रिंट मिले। ये फुट प्रिंट आगे जाकर एक घर में पहुंचे। पुलिस ने इसी घर में पूछताछ शुरू की तो एक नाबालिग लड़का मिला। लड़के से सख्ती से पूछताछ करने पर सारा राज खुल गया।

### सीकर में हवेलियां तोड़ने के विरोध में प्रदर्शन

# युवा बोले- फतेहपुर की प्राचीन हवेलियां तोड़ना राजस्थान की अस्मिता पर हमला, आंदोलन की चेतावनी दी

सीकर, 8 मई। फतेहपुर शेखावाटी में ऐतिहासिक प्राचीन हवेलियों को तोड़े जाने के विरोध में मंगलवार को फतेहपुर के सैकड़ों युवाओं ने सीकर जिला कलेक्ट्रेट के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान युवाओं ने प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और सांस्कृतिक धरोहरों को बचाने की मांग उठाई। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि प्रशासन की निष्क्रियता के कारण माफियाओं को हवेलियों को नष्ट करने का खुला संरक्षण मिल रहा है, जो न केवल फतेहपुर की अस्मिता पर हमला है, बल्कि राजस्थान की ऐतिहासिक पहचान को भी अपूरणीय क्षति पहुंचा रहा है। अंकित चौधरी ने कहा- फतेहपुर शेखावाटी जो अपनी अनूठी हवेलियों और भित्ति चित्रों के लिए विश्वविख्यात है, लंबे समय से सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक रहा है। ये हवेलियां राजस्थानी कला, संस्कृति और स्थापत्य कला का जीवंत उदाहरण हैं। हालांकि, हाल के वर्षों में इन हवेलियों को अवैध रूप से तोड़कर व्यवसायिक भवनों के निर्माण की घटनाएं बढ़ी हैं। युवाओं का कहना है कि प्रशासन की उदासीनता के कारण यह अनमोल धरोहर तेजी से नष्ट हो रही है। प्रदर्शन के दौरान युवाओं ने %हमारी विरासत बचाओ, माफिया को भगाओ% और %प्रशासन जागो, हवेलियों को बचाओ% जैसे नारे लगाए। युवा नेता अंकित चौधरी ने कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि हमारी आंखों के सामने हमारी सांस्कृतिक धरोहर नष्ट की जा रही है। प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है और माफिया को खुली छूट मिल रही है। हमारी मांग है कि हवेलियों को तोड़े जाने पर तत्काल रोक लगाई जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो। स्थानीय निवासियों का कहना है कि फतेहपुर की हवेलियां केवल स्थानीय धरोहर नहीं, बल्कि वैश्विक पर्यटन का प्रमुख आकर्षण हैं। इनके संरक्षण के लिए ठोस नीतियों और प्रभावी प्रशासनिक हस्तक्षेप की आवश्यकता है। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने जल्द ही कार्रवाई नहीं की तो वे आंदोलन को और तेज करेंगे। जिला प्रशासन ने प्रदर्शनकारियों को आश्वासन दिया है कि उनकी मांगों पर विचार किया जाएगा और हवेलियों के संरक्षण के लिए उचित कदम उठाए जाएंगे। हालांकि, युवाओं का कहना है कि वे तब तक संघर्ष जारी रखेंगे जब तक ठोस परिणाम नहीं मिलते। इस घटना ने फतेहपुर ही नहीं बल्कि पूरे राजस्थान में सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण को लेकर बहस छेड़ दी है।

## रींगस में आवारा कुत्तों से लोग परेशान

रींगस, 8 मई। रींगस नगर पालिका क्षेत्र के कई वार्डों में लोग आवारा कुत्तों के कारण घरों से बाहर निकलने में डर रहे हैं। इस समस्या को लेकर मंगलवार को पार्षदों ने नगर पालिका कार्यालय पहुंचकर अधिशाषी अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। हाल ही में वार्ड नंबर 19 के नारायण मेहता पर आवारा कुत्ते ने हमला किया। इससे पहले वार्ड नंबर 20 के बालेश्वर मोहल्ला में राजेंद्र शर्मा पर सांड ने हमला किया था। पार्षद एडवोकेट हरदयाल सिंह बलोदा, राजू धायल, बाबूलाल राजोरिया और सीताराम कुलदीप ने बताया कि इस समस्या से कई लोग घायल हो चुके हैं। नगर पालिका अधिशाषी अधिकारी सरिता चौधरी ने समस्या के जल्द समाधान का आश्वासन दिया है। पार्षदों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो वे नागरिकों के साथ मिलकर आंदोलन करेंगे। पार्षदों का कहना है कि इस समस्या को लेकर पालिका प्रशासन को कई बार सूचना दी गई, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

## हनुमानगढ़ में बेसहारा पशुओं को मिलेगा घर

हनुमानगढ, 8 मई। हनुमानगढ़ में मुख्यमंत्री बजट घोषणा 2025 के अंतर्गत बेसहारा पशुओं के लिए बड़ी पहल की गई है। जिले की 269 ग्राम पंचायतों में स्थाई गौशालाएं और पशु आश्रय स्थल स्थापित किए जाएंगे। पशुपालन संयुक्त निदेशक डॉ. हरीश चन्द्र गुप्ता के अनुसार, प्रत्येक पशु आश्रय स्थल पर एक करोड़ रुपए तक की लागत से स्थायी संरचना का निर्माण होगा। इस परियोजना में राज्य सरकार 90 प्रतिशत राशि वहन करेगी। चयनित संस्था को 10 प्रतिशत अंशदान करना होगा। प्रत्येक नई गौशाला में कम से कम 200 गौवंश की देखभाल अनिवार्य है। निविदा में भाग लेने के लिए संस्थाओं के पास न्यूनतम 5 बीघा या 8000 वर्गमीटर भूमि होना आवश्यक है। यह भूमि स्वामित्व, सरकारी लीज या आवंटन के रूप में हो सकती है। जिन ग्राम पंचायतों में पहले से गौशाला नहीं है, उन्हें चयन में प्राथमिकता मिलेगी। इच्छुक संस्थाएं राज्य सरकार की वेबसाइट से या पशुपालन विभाग कार्यालय से 1000 रुपए शुल्क जमा कर निविदा प्रपत्र प्राप्त कर सकती हैं। निविदाएं 6 मई से 28 मई 2025 तक स्वीकार की जाएंगी। जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित समिति संस्थाओं का चयन करेगी।

# डिप्टी जेलर भर्ती एग्जाम 13 जुलाई को

अजमेर, 8 मई। राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से डिप्टी जेलर प्रतियोगी परीक्षा-2024 के लिए आवेदन फॉर्म में करक्शन व आवेदन फॉर्म विड्रो का मौका दिया है। 8 से 14 मई 2025 तक अभ्यर्थी का नाम, पिता का नाम, फोटो, जन्म तिथि व जेंडर के अतिरिक्त अन्य संशोधन ऑनलाइन कर सकते हैं। इस संबंध में विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। आयोग सचिव रामनिवास मेहता ने बताया- आयोग की ओर से परीक्षा का आयोजन 13 जुलाई 2025 को किया जाना प्रस्तावित है। इस परीक्षा के लिए जारी विज्ञापन शर्तों अनुसार ऑनलाइन संशोधन का अवसर अभ्यर्थियों को दिया गया है। ऑनलाइन संशोधन का अवसर अभ्यर्थियों के लिए सुविधा मात्र है। परीक्षा के लिए जारी विज्ञापन में उल्लेखित पात्रता की शर्तों के अनुरूप ही संशोधन मान्य होंगे। विज्ञापन की शर्तें पूर्वानुसार ही रहेंगीं। ऑफलाइन संशोधन स्वीकार नहीं किए जाएंगें। संशोधन चाहने वाले अभ्यर्थी को ई-मित्र/ऑनलाइन बैंकिंग के माध्यम से पांच सौ रुपए का शुल्क जमा कराना होगा। आयोग के ऑनलाइन पोर्टल पर उपलब्ध एप्लाई ऑनलाइन लिंक अथवा एसएसओ पोर्टल पर लॉगिन कर सिटीजन ऐप्स में उपलब्ध रिक्रूटमेंट पोर्टल का चयन कर संबंधित परीक्षा में ऑनलाइन संशोधन किया जा सकेगा। इस संबंध में किसी प्रकार की तकनीकी कठिनाई होने पर पर ई-मेल से अथवा फोन नं. 9352323625 व 7340557555 पर भी सम्पर्क किया जा सकता है। निर्धारित शैक्षणिक योग्यता अथवा अनुभव धारित नहीं होने के उपरांत भी ऑनलाइन आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 217 के अंतर्गत एवं आयोग की आगामी भर्ती प्रक्रिया से वंचित करने की कार्यवाही की जा सकती है। अत: ऐसे अभ्यर्थी भी उक्त अवधि के दौरान अपना ऑनलाइन आवेदन वापस ले सकते हैं। इसके लिए एसएसओ पोर्टल पर लॉगिन कर रिक्रूटमेंट पोर्टल का चयन कर माय रिक्रूटमेंट सेक्शन के अन्तर्गत संबंधित परीक्षा के समक्ष उपलब्ध विड्रो बटन पर क्लिक कर ऑनलाइन आवेदन वापस लिया जा सकता है।

# सीकर में एयर स्ट्राइक के बाद रेलवे स्टेशन की तलाशी

सीकर, 8 मई। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों द्वारा निर्दोष सैलानियों की जान लेने के बाद बीती रात इंडिया द्वारा पाकिस्तान में एयर स्ट्राइक की गई। इस एयर स्ट्राइक के बाद बुधवार को सीकर में रेलवे स्टेशन पर रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स के द्वारा सघन तलाशी अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान यात्रियों के समान और संदिग्ध वस्तुओं की तलाशी भी ली गई।

रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स के स्ड विनोद कुमार के मुताबिक आज मॉकड्रिल होना प्रस्तावित है। इसे देखते हुए रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स भी अलर्ट मोड पर है। आज स्टेशन पर रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स के द्वारा तलाशी अभियान चलाया गया। इस दौरान स्टेशन परिसर में यात्रियों के समान और संदिग्ध वस्तुओं की तलाशी भी ली गई। रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स स्टेशन पर हर गतिविधि पर नजर बनाए हुए हैं। वहीं आज सीकर में सिविल डिफेंस टीम के द्वारा किया जाएगा। मॉकड्रिल के पहले रिहर्सल भी किया गया है। इस मॉक ड्रिल का मुख्य उद्देश्य है कि आपातकाल स्थिति में लोग खुद जागरूक रहकर खुद की और दूसरों की सुरक्षा कर सके। आज शाम को सीकर में मॉकड्रिल होना प्रस्तावित है। इससे पहले आज सीकर में कलेक्ट्रेट परिसर में सिविल डिफेंस टीम ने आपात स्थिति में घायल लोगों को ट्रीटमेंट देने का सीन री-क्रिएट किया। एयरस्ट्राइक के बाद बुधवार को सीकर के पुरोहित जी की ढाणी इलाके में स्थानीय लोगों ने आतिशबाजी की। साथ ही तिरंगा लेकर हिन्दुस्तान जिंदाबाद के नारे भी लगाए। लोगों ने कहा कि पाकिस्तान ने जो हरकत की उसे इसका मुंहतोड़ जवाब मिला है।

## अजमेर में अवैध डोडा पोस्त के सप्लायर सहित दो गिरफ्तार

अजमेर, 8 मई। अजमेर जिले में पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए डोडा पोस्त के सप्लायर सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पीसांगन थाना प्रभारी प्रहलाद सहाय के अनुसार, यह कार्रवाई मांगलियावास थाना पुलिस द्वारा की गई एक पूर्व जब्ती की जांच के दौरान हुई। मामले के अनुसार, 2 अप्रैल 2025 को मांगलियावास पुलिस ने गोला गांव में एक किराना दुकान से 7 किलो 798 ग्राम अवैध डोडा पोस्त बरामद किया था। दुकान के मालिक कालू (30), पुत्र छोगाराम गुर्जर, उस समय फरार हो गया था। पुलिस ने 5 मई को कालू को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस रिमांड के दौरान कालू से की गई पूछताछ में एक बड़ा खुलासा हुआ। आरोपी ने अवैध मादक पदार्थ के मुख्य सप्लायर के रूप में महावीर सिंह (36), पुत्र केसर सिंह रावत, निवासी चान्दो का बाडिया गोपालसागर, ब्यावर सदर का नाम बताया। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए महावीर सिंह को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस दोनों आरोपियों से पूछताछ कर मामले की गहन जांच कर रही है। इस गिरफ्तारी से क्षेत्र में चल रहे अवैध मादक पदार्थों के कारोबार पर अंकुश लगने की उम्मीद है।

# खेत में बिना अनुमति लगाया बिजली का खंभा

जालोर, 8 मई। जालोर के सियाणा तहसील के मायलावास गांव में एक सोलर एजेन्सी के द्वारा किसान ममता प्रसाद के खेत में जबरदस्ती पीड़ित के घर के सामने करीब 10 फीट चौड़ा खंभा लगाया जा रहा है। जिस पर पीड़ित ने मंगलवार को कलेक्टर से मिल कर कार्य को रुकवाने व कम्पनी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। पीड़ित ने ज्ञापन में बताया कि जिले के सियाणा तहसील के मायलावास पटवार हल्का के भेंटाला में उसका कृषि बेरा है। जहां एक पक्का मकान व मवेशियों के लिए पशु शेड व अवाडा बना हुआ है। वह और उसका परिवार वहीं रहता है। लेकिन अभी एनर्जी आर.जे.पी प्राइवेट लिमिटेड रजिस्टर्ड (सोलर प्लांट) की कम्पनी द्वारा उसके मकान के पास करीब 10 फीट चौड़ा खंभा लगाकर निर्माण किया जा रहा है। जिससे मेरे आने जाने में भी परेशानी हो रही है। रास्ते में होने के कारण लोगों को करंट लगने का भी खतरा है।

पीड़ित ने बताया कि मेरे खेत में खंभा लगाने से अनुमति भी नहीं ली गई। पीड़ित द्वारा खम्भा लगाने के लिए मना करने व अन्य जगह लगाने की कहने पर उसके माता-पिता से गाली गलौज की, वहीं जाने से मारने की धमकी दी जा रही है, पीड़ित ने सोलर कंपनी के खिलाफ के खिलाफ एक्शन की मांग की है।

# हत्या प्रयास मामले में आरोपियों को 7-7 साल की जेल

सीकर, 8 मई। सीकर की एडीजे कोर्ट संख्या-4 ने 9 साल पुराने हत्या प्रयास के एक मामले में चार आरोपियों को 7-7 साल की सजा सुनाई है। कोर्ट ने हर आरोपी पर 25-25 हजार रुपए का जुर्माना लगाया और पीड़ित पक्ष को एक लाख रुपए मुआवजा देने का आदेश दिया। यह मामला जमीनी विवाद से जुड़ा था, जिसमें आरोपियों ने लाठी, सरिया और कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला किया था।

घटना में दो लोगों को गंभीर चोट आई थी। सरकारी वकील व अपर लोक अभियोजक धर्मेंद्र सिंह कुड़ी ने बताया- घटना 3 जुलाई 2017 को झीगर छोटी गांव में हुई थी। दादिया थाने में दी शिकायत जगदीश प्रसाद (36), मुकेश कुमार और संतरा देवी ने बताया कि उनकी पुश्तैनी जमीन और मकान गांव के पश्चिम में बीड के पास हैं। विवाद चुन्नाराम और उनके छोटे भाई गोविंदराम के परिवारों की साझा जमीन को लेकर था। घटना के दिन रिछपाल, उनके बेटे मनोहर और पुत्रवधू संतरा देवी अपनी जमीन पर बिजाई के लिए गए थे। उसी समय शिवभगवान, पूर्णमल, श्रवण, हीरालाल, केशर देवी, सुमन देवी, प्रकाश, संतोष कुमार, सुरेंद्र, इंद्रा देवी और आसाराम कुल्हाड़ी, गडासी और लाठियों के साथ आए और रिछपाल व मनोहर पर जानलेवा हमला कर दिया। पास के खेत में काम कर रहे मुकेश, राकेश और मनोज ने बीच-बचाव की कोशिश की, लेकिन आरोपियों ने उन पर भी हमला किया। हमले में रिछपाल और मनोहर को गंभीर चोटें आईं और वे बेहोश हो गए। आरोपियों ने उन्हें मृत समझकर छोड़ दिया लेकिन रिछपाल को होश आता देख शिवभगवान ने दोबारा कुल्हाड़ी से वार किया। जाते समय आरोपियों ने पूरे परिवार को खत्म करने की धमकी दी। पीड़ितों को पहले सीकर के एसके अस्पताल ले जाया गया जहां से गंभीर हालत के कारण जयपुर के एसएमएस अस्पताल रेफर किया गया। दोनों पीड़ित जिंदगी और मौत के बीच जूझते रहे। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। 9 साल तक चले मुकदमे के बाद एडीजे कोर्ट के जज वीरेंद्र कुमार मीणा ने बुधवार को आसाराम, शिवभगवान, हीरालाल और श्रवण को दोषी ठहराया। चारों आरोपियों को 7-7 साल की सजा सुनाई गई और 25-25 हजार का जुर्माना लगाया गया। सरकारी वकील धर्मेंद्र सिंह कुड़ी ने बताया कि कोर्ट का यह फैसला पीड़ितों को न्याय दिलाने में महत्वपूर्ण है।

# नए घर में शिफ्ट होने से पहले कर लें ये उपाय, बुरी नजर से बचे रहेंगे



**जब** कोई परिवार नए घर में जाता है, तो वह सिर्फ एक इमारत में नहीं जाता। वे नई उम्मीदों और सपनों के साथ एक नई शुरुआत करते हैं। लेकिन कई बार, नए घर में जाने के बाद कुछ परेशानियां आने लगती हैं। ऐसा बुरी नजर, वास्तु दोष या नकारात्मक ऊर्जा के कारण हो सकता है। परिवार के बीच में एक अजीब सा खालीपन, तनाव और दुख समा जाता है। ऐसा उस घर पर अशुभ प्रभाव के कारण हो सकता है। ऐसी नेगेटिव एनर्जी अपने घर या फिर किराए के घर में भी हो सकती है। इन समस्याओं से मुक्ति पाने के लिए हम आपको बता रहे हैं कुछ आसान से और असरदार उपाय। नया घर जीवन की एक नई शुरुआत का प्रतीक होता है। यह न केवल एक ठिकाना होता है, बल्कि वह स्थान होता है जहां परिवार के सपने, रिश्ते और भावनाएं फलती-फूलती हैं। लेकिन नए घर में शिफ्ट होने से पहले कुछ विशेष उपाय कर लिए जाएं, तो नकारात्मक ऊर्जा और बुरी नजर से सुरक्षा मिलती है और घर में शांति, समृद्धि और सकारात्मकता बनी रहती है। कई बार लोग अपना नया घर खरीदकर शिफ्ट होते हैं, लेकिन कई बार लोग किराए के दूसरे घर में शिफ्ट होते हैं। आप जब भी घर में शिफ्ट करें तो कुछ उपाय जरूर करें।

### नए घर में जाने से पहले करें ये उपाय

किसी भी नए घर में प्रवेश करते समय शुभ मुहूर्त जरूर देखना चाहिए। सोमवार, गुरुवार या शुक्रवार जैसे शुभ दिन और अमृत या लाभ की चोघड़िया में प्रवेश करना सर्वोत्तम माना जाता है। किसी अनुभवी पंडित से शुभ लग्न और नक्षत्र देखकर गृह प्रवेश की तारीख तय करें।

घर की नकारात्मक ऊर्जा को दूर करने के लिए सबसे पहले समुद्री नमक मिलाकर पूरे घर में पोंछा लगवाएं। यह पुरानी नकारात्मकता को समाप्त करता है और घर को ऊर्जावान बनाता है।

पूरे घर के हर कोने में गंगाजल या गौमूत्र का छिड़काव करें। इससे घर शुद्ध और पवित्र होता है और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। पूजा घर, रसोई और मुख्य द्वार पर विशेष ध्यान दें। पहली बार घर में प्रवेश करते समय एक मिट्टी का दीपक जलाएं और उसमें देशी घी डालकर रखें। साथ ही घर के वातावरण को पवित्र करने के लिए ? नमः शिवाय या गायत्री मंत्र का उच्चारण करें। तुलसी को घर में उत्तर-पूर्व दिशा में लगाना बेहद शुभ माना जाता है। यह सकारात्मकता का प्रतीक है और घर को रोग और बुरी शक्तियों से बचाती है। मुख्य द्वार पर एक नींबू और सात मिर्चियों को धागे में पिरोकर टांग दें। यह बुरी नजर से सुरक्षा प्रदान करता है। इसे हर शनिवार को बदलते रहें। घर में प्रवेश से पहले हवन या वास्तु शांति पूजा ज़रूर करवाएं। इससे पितृदोष, वास्तु दोष या राहु-केतु के प्रभाव को कम किया जा सकता है। खासतौर पर नवग्रह शांति और गणपति पूजन अत्यंत लाभकारी होते हैं। गृह प्रवेश वाले दिन किसी काले कुत्ते को रोटी और गाय को गुड़ और चना खिलाना शुभ माना गया है। इससे राहु-केतु के दोष दूर होते हैं और घर में शांति बनी रहती है। नए घर में पहली रात घर में दीपक जलाकर, भजन-कीर्तन या मंत्रजाप करते हुए जागरण करना अत्यंत शुभ माना गया है। यह सभी प्रकार की नकारात्मकता को समाप्त करता है और घर में दिव्य ऊर्जा का प्रवेश कराता है।

## पहली और आखिरी रोटी किसे खिलानी चाहिए? रोटी बनाने से जुड़े 5 वास्तु नियम



**वास्तु शास्त्र** में रोटी से जुड़े विशेष नियम भी मिलते हैं। इन नियमों के अनुसार अगर आप रोटियां गिनकर बनाते हैं, तो आपके घर में नकारात्मक ऊर्जा का वास हो सकता है। रोटियों को गिनकर बनाना सूर्यदेव का अपमान माना जाता है। बढ़ती महंगाई और अन्न की बर्बादी को रोकने के लिए रोटी खाने से पहले घर के लोगों से पूछना कि वे डिनर में कितनी रोटियां खाएंगे? ये एक अच्छा प्रयास माना जाता है लेकिन दूसरी तरफ वास्तु शास्त्र के अनुसार गिनकर रोटियां बनाना नकारात्मक माना जाता है। वास्तु शास्त्र के अनुसार कभी भी किसी से पूछकर रोटियां नहीं खिलानी चाहिए।

### रोटी गिनकर क्यों नहीं बनानी चाहिए

वास्तु शास्त्र के अनुसार रोटियां गिनकर नहीं बनानी चाहिए। हमेशा जरूरत से थोड़ी ज्यादा रोटियां बनानी चाहिए। रोटी बनाने के नियमों को लेकर एक मान्यता है कि रोटी गिनकर बनाने से सूर्य देव नाराज हो सकते हैं। इससे घर में सुख-शांति और धन की कमी हो सकती है। नौकरी और बिजनेस में भी नुकसान हो सकता है। नकारात्मक ऊर्जा का असर घर की सुख-शांति पर पड़ सकता है।

### पहली रोटी किसे



वास्तु शास्त्र के अनुसार रोटी बनाते समय एक नियम का और ख्याल रखना चाहिए। वास्तु शास्त्र के अनुसार, रसोई में बनने वाली पहली रोटी का बहुत महत्व है। पहली रोटी को गाय को खिलाना शुभ माना जाता है। अगर आपके आस-पास गाय नहीं है, तो आप यह रोटी किसी जरूरतमंद को भी दे सकते हैं। ऐसा करने से घर में हमेशा बरकत बनी रहती है। वहीं, आखिरी रोटी को कुत्ते के लिए रख देना चाहिए। इससे आपके घर में सकारात्मकता का वास होता है।

### बासी आटे या बहुत दिनों के आटे की न बनाएं रोटी

भागदौड़ भरी जिंदगी में लोगों के पास समय की कमी है इसलिए कई लोग फ्रिज में आटा गूंथकर रख देते हैं और फिर जरुरत के अनुसार रोटी बनाते रहते हैं। वास्तु शास्त्र के अनुसार ऐसा करने से घर में नकारात्मक ऊर्जा का वास होता है। इस नकारात्मक ऊर्जा से धन हानि होती है और सुख-शांति भंग होती है। बासी आटे का संबंध राहु से माना जाता है।

### चकले-बेलन को साफ रखें

वास्तु शास्त्र में चकला और बेलन का खास महत्व है। रोटी बनाने के बाद इन्हें साफ करके सही जगह पर रखना चाहिए। ऐसा न करने से घर में गरीबी आ सकती है और लक्ष्मी माता नाराज हो सकती हैं। अगर रोटी बनाते समय चकला-बेलन से आवाज आए, तो उसके नीचे कपड़ा रखना चाहिए।

### रोटी बनाते समय मन रखें सकारात्मक भाव

रोटी बनाते समय मन में सकारात्मक भाव ही रखना चाहिए। रोटी बनाते समय मन में कभी भी क्रोध, निराशा या फिर दुख का भाव न रखें। ऐसा करने से आपके मन से निकली नकारात्मक ऊर्जा का प्रभाव भी आपकी बनाई रोटियों पर पड़ता और खाने वाले लोग भी नकारात्मक ऊर्जा से घिर जाते हैं।

## हनुमानजी को 11 मंगलवार तक गुलाब चढ़ाने से बदलेगी जीवन की दिशा

**गुलाब** के फूल को सकारात्मक ऊर्जा से जोड़कर देखा जाता है। गुलाब का कई तरह से प्रयोग किया जाता है। इसी तरह अगर आप गुलाब के फूल के कुछ विशेष उपाय करेंगे, जैसे मंगलवार के दिन हनुमान जी को गुलाब चढ़ाएंगे, तो इससे आपके कष्ट दूर होने लग जाएंगे।

गुलाब के उपाय। माता लक्ष्मी की कृपा कमल के फूल के अलावा गुलाब के फूल पर भी मानी जाती है। वास्तु शास्त्र के अनुसार गुलाब के पौधे और फूल दोनों में सकारात्मक ऊर्जा का वास होता है। जिस घर में गुलाब के फूलों वाला पौधा होता है, वहां पर देवी लक्ष्मी का वास हमेशा बना रहता है। आप भी अगर अपने जीवन की दिशा बदलना चाहते हैं और आर्थिक तंगी को दूर करना चाहते हैं, तो आपको गुलाब के फूल के कुछ विशेष उपाय जरूर करने चाहिए।



### 11 मंगलवार तक हनुमान जी को चढ़ाए गुलाब का फूल

आप अगर समस्याओं से घिरे हुए हैं और आर्थिक संकट आपका पीछा नहीं छोड़ रहा है, तो आपको 11 मंगलवार तक हनुमान जी को गुलाब के फूल चढ़ाने चाहिए। ताजे गुलाब के ताजे गुलाबी फूल 11 मंगलवार तक हनुमान जी को चढ़ाने से सभी तरह के कष्ट, संकट और समस्याओं से मुक्ति मिलती है।

### गुलाब पर कपूर रखकर जलाएं

माता लक्ष्मी को प्रसन्न करने सभी तरह के आर्थिक संकट दूर करने के लिए शुक्रवार की शाम गुलाब के फूल के ऊपर कपूर रखकर जलाएं। जब यह कपूर पूरी तरह जल जाए, तो यह फूल माता लक्ष्मी को चढ़ाकर अगले दिन अपने पर्स में रख लें।

### पांच गुलाब के फूल में रखें ये चीजें

एक रूमाल लेकर इसमें पांच गुलाब के फूल लें।

इसमें थोड़े से चावल, गुड़ भी रख लें। इस रूमाल को लेकर 21 बार गायत्री मंत्र का जाप करके इसे मंदिर में चढ़ा दें या फिर किसी को दान में दे दें, इससे आपकी परेशानियां दूर होने लग जाएंगी।

### पान के पत्तों में रखें गुलाब की पंखुड़ियां

आपको अगर किसी तरह का भय सताता है या फिर मन में शांति नहीं रहती, तो आपको रोजाना 7 दिनों तक पान के पत्तों में गुलाब की पंखुड़िया रखकर देवी दुर्गा को अर्पित करना चाहिए, इससे आपके घर में सकारात्मक ऊर्जा का वास होगा।

### घर की उत्तर दिशा में लगाएं गुलाब के फूल या पौधा

घर की उत्तर दिशा धन आगमन की दिशा मानी जाती है। आप अगर देवी लक्ष्मी की विशेष कृपा पाना चाहते हैं, तो आपको घर की उत्तर दिशा में गुलाब के फूल के पौधे लगाने चाहिए। इससे आपके घर में सकारात्मक ऊर्जा का वास होगा और आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

## पूजाघर सही दिशा में होने से बनता है घर का भाग्य

**जीवन** में आने वाली समस्याएं हो जाती हैं छू-मन्तर जब पूजाघर सही दिशा में बना होता है एवं आप सही दिशा की ओर मुंह करके पूजा करते हैं। अगर आपके जीवन में एक समस्या के बाद दूसरी समस्या लगातार आपका पीछा नहीं छोड़ रही है, तो आपको अपनी ग्रह दशा के साथ-साथ वास्तु की दिशाओं का भी ध्यान रखना चाहिए। शुभ प्रभाव में वृद्धि के लिए सबसे पहले घर की उत्तर-पूर्व दिशा, जिसे ईशान कोण के नाम से जाना जाता है, का विशेष ध्यान रखना चाहिए।

पूजाघर घर का प्रमुख अंग है। सही बुद्धि का संचालन पूजागृह से ही होता है। अगर पूजागृह उत्तर-पूर्व कोण में बना हो और मूर्ति का मुख दक्षिण या पश्चिम की ओर हो तो निश्चय ही उस परिवार में सम्पन्नता बढ़ेगी। पूजागृह अन्य किसी कोण में बनाना उचित नहीं है।

## पीरियड्स में महिलाएं लड्डू गोपाल की सेवा कैसे करें

**लड्डू गोपाल** भगवान कृष्ण का सबसे मनमोहक रुप हैं। भगवान कृष्ण के इस स्वरूप की पूजा लगभग सभी घरों में होती है। मान्यता है कि जिस घर में लड्डू गोपाल की पूजा की जाती है उस घर में सुख समृद्धि बनी रहती है। वेद और भगवद गीता जैसे ग्रंथों में मासिक धर्म के दौरान महिलाओं के पूजा-पाठ पर कोई स्पष्ट रुप से निषेध नहीं है। गीता के अनुसार, जो भी भक्त प्रेम से पत्र, पुष्प, जल या फल अर्पित करता है, भगवान उसे स्वीकार करते हैं। इसलिए किसी भी पूजा में भक्ती, भाव और समर्पण होना बेहद जरुरी है।

### मासिक धर्म प्राकृतिक प्रक्रिया है

शास्त्रों में यह स्पष्ट है कि रजस्वला (मासिक धर्म में स्त्री) किसी दोष के कारण नहीं, बल्कि एक प्राकृतिक चक्र के अंतर्गत उस स्थिति में होती है। इस स्थिति में शारीरिक विश्राम की जरूरत होती है ना की भगवान से खुद को दूर करने की। हालांकि, इस अवधि में कुछ विशेष नियमों का पालन करते हुए आप अपनी भक्ति कर सकते हैं। नारद पुराण और भविष्य पुराण में बताया गया है कि यदि कोई व्यक्ति शारीरिक रूप से पूजा न कर सके, तो ऐसे में मन, भाव और स्मरण से ईश्वर का ध्यान करे, तो उसे भी उतना ही पुण्य प्राप्त होता है। ऐसे में मासिक धर्म के दौरान महिलाएं मानसिक रूप से लड्डू गोपाल की पूजा कर सकती हैं। लड्डू गोपाल की संध्या आरती, भोग, वस्त्र धारण और श्रृंगार आदि सेवा नहीं करनी चाहिए।



## अमरनाथ गुफा से बाबा बर्फानी की तस्वीर आई, यहां करें हिमानी शिवलिंग के पहले दर्शन

**अमरनाथ** की गुफा से बाबा बर्फानी की पहली तस्वीर सामने आई है। बाबा की तस्वीर अमरनाथ यात्रा से पहले जारी हुई है। इस बार बर्फ से बने शिवलिंग की ऊंचाई 7 फीट है। इसमें बाबा बर्फानी का दिव्य रूप दिख रहा है। अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से शुरू होगी, इससे पहले भक्त बाबा बर्फानी के दर्शन तस्वीर से कर सकते हैं।

### अमरनाथ गुफा का महत्व

बाबा बर्फानी का यह शिवलिंग प्राकृतिक रूप से बनता है। इसे हिमानी शिवलिंग कहा जाता है। यहां सूर्य की सीधी रोशनी काफी कम पहुंचती है जिससे गुफा की छत से टपकने वाला पानी जमते चला जाता है और इससे हिमानी शिवलिंग बनता है। मान्यता है कि अमरनाथ गुफा में शिवजी ने मां पार्वती को अमरत्व का मंत्र सुनाया था। साथ ही उन्होंने यहां लंबे समय तक तपस्या भी की थी। कहा जाता है कि जब भगवान शिव मां पार्वती को अमरत्व की





कथा सुना रहे थे तब कबूतरों के जोड़े और तोते ने सुन लिया था। ये तोता (शुक) बाद में शुकदेव के रूप में अमर हुए जबकि गुफा में कई बार कबूतर का जोड़ा भक्तों को दिखता है। इसे अमरपक्षी भी कहा जाता है।

### अमरनाथ यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन जारी

अमरनाथ यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन चल रहे हैं। करीब 38 दिन चलने वाली अमरनाथ यात्रा रक्षाबंधन को दिन पूरी होती है। अमरनाथ यात्रा पर जाने के लिए रजिस्ट्रेशन करवाना होता है। इसके लिए मेडिकल सर्टिफिकेट बनता है। श्रद्धालुओं को आधार कार्ड, यात्रा आवेदन पत्र, पासपोर्ट साइज फोटो और आरएफआईडी कार्ड अपने साथ रखना होता है। अमरनाथ यात्रा पर 70 साल से कम उम्र के लोग ही जा सकते हैं। इस बार पिछले बार से ज्यादा श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है। श्रद्धालु के अलग-अलग जगहों पर आराम करने के लिए व्यवस्थाएं बनाई जा रही हैं।

### यात्रा पर कैसे जा सकते हैं

अमरनाथ यात्रा पहलगाम और बालटाल रूट से की जा सकती है। जहां पहलगाम रूट से रास्ता आसान है और 16 किमी चलने के बाद 3 दिन में अमरनाथ गुफा पहुंचा जा सकता है वहीं बालटाल रूट से अमरनाथ गुफा पहुंचने में कम समय लगता है लेकिन इस रास्ते 14 किमी की चढ़ाई चढ़नी पड़ती है।

# ऑपरेशन 'सिंदूर' की गूंज पर अलवरवासी गद्-गद्

**अलवर, 8 मई ( निसं )।** भारतीय सेना द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में स्थित आतंकवादी ठिकानों पर सफल सर्जिकल स्ट्राइक कर सैकड़ों आतंकवादियों को मार गिराने की खबर से अलवर के मार्बल व्यापारियों में खुशी की लहर दौड़ गई।

अलवर मार्बल डीलर्स एसोसिएशन (रजि.) के अध्यक्ष सुरेश गुप्ता के नेतृत्व में व्यापारियों ने 200 फीट बाईपास रोड पर आतिशबाजी कर और लड्डू वितरित कर अपनी खुशी व्यक्त की।

इस कार्यक्रम में एसोसिएशन के संरक्षक राकेश गुप्ता, महामंत्री मुकेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष प्रमोद गोयल और अन्य सदस्य अभय सिंह यादव, शंभू सिंह जादौन, रविंद्र बिंदल, राजेंद्र जैन, नितिन जैन, राशिद खान, राम डाटा, जयदेव चौधरी, हरिनंदन सिंह, बिजेंदर महावर और महेंद्र पारीक उपस्थित रहे।





**खैरथल :** पाकिस्तान में छिपे आतंक के ठिकानों पर भारत द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की गूंज पूरे देश में सुनाई दी। बीती रात हुई इस जबरदस्त एयर स्ट्राइक के बाद खैरथल में जश्न का माहौल बन गया।

शहर के हेमू कालाणी चौक पर स्थित खैरथल संयुक्त व्यापार महासंघ के कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने लड्डू बांटे, पटाखे फोड़े और भारत माता की जय के नारों से आसमान गूंजा दिया।

महासंघ के अध्यक्ष ओमप्रकाश रोघा ने कहा, 'जिन आतंकियों ने हमारे देश की बहनों का सिंदूर उजाड़ा, उन्हें अब मुंहतोड़ जवाब मिला है। ऑपरेशन सिंदूर ने पूरे देश को गर्व और सम्मान का अहसास कराया है।' उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय सेना को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह हर देशवासी की आवाज थी और अब दुश्मनों को उनकी ही धरती पर सबक सिखाया गया है।

समाजसेवक पंकज रोघा ने भावुक होकर कहा, 'आज 140 करोड़ भारतीयों के दिल में गर्व और संतोष है। भारतीय सेना का यह कदम ऐतिहासिक है, जिसने न केवल आतंकवादियों को, बल्कि उन्हें पनाह देने वालों को भी सख्त संदेश दिया है।'

खैरथल के बाजारों में भी देशभक्ति के रंग बिखरे दिखे। दुकानदारों ने मिठाइयां बांटीं, युवाओं ने तिरंगा लहराया और चारों ओर से 'भारत माता की जय' के नारे गूंज उठे। इस दौरान संयुक्त व्यापार महासंघ अध्यक्ष ओमप्रकाश रोघा, समाजसेवी पंकज रोघा, पुरुषार्थी प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष सेवक लालवानी, नामदेव रामानी, अशोक महलवानी, टीकमदास मुरजानी, राजकुमार आसीजा, मोहनलाल पोपटानी, करमचंद लखवानी, अनार सिंह, अरविंद सिंह, नितिन किशनानी,सोनू प्रदनानी, देवानंद शंभू आहूजा, भागन आडवाणी, किशोर वाधवानी, ईश्वर मुंजवानी, नवनीत, विक्की कौशलानी, नरेश लखवानी, गिर्राज गुप्ता, निरंजन गुप्ता, सूरज सहित विभिन्न सामाजिक एवं राजनैतिक संगठनों के दर्जनों लोग मौजूद रहे।

**बहरोड़ :** भारतीय वायुसेना ने मंगलवार रात करीब 1 बजे पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में बड़ी कार्रवाई की। ऑपरेशन सिंदूर के तहत वायुसेना ने 9 आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया। इसे लेकर बहरोड़ के नए बस स्टैंड और ग्रामीण इलाकों में लोगों ने तिरंगा लहराते हुए भारत माता के जयकारे लगाते हुए बदले को लेकर खुशी जाहिर की।

नगर परिषद के पार्षद ओम यादव व राहुल सैनी ने कहा हमारे हिंदुस्तान की सेना हर तरह से सक्षम है। यहां की सेना और यहां के लोग कभी भी कायराना काम नहीं करते। हम कभी भी ऐसा काम नहीं करेंगे, जिससे हमारे देश की छवि खराब हो।

पाकिस्तान के द्वारा लगातार नापाक हरकत करते हुए हमारे देश के बेगुनाह हिंदू पर्यटकों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पहले उनसे धर्म पूछा और फिर उन्हें बर्बरता से मारा गया।

हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहले ही दिन चेतावनी दी थी कि इस घटना का बदला लिया जाएगा। भले ही उन्हें रणनीति बनाने में 15 दिन का वक्त लगा। मगर हिंदुस्तान ने पाकिस्तान के अंदर घुसकर आतंकी संगठनों को करारा जवाब दिया है। हमारे देश की सेना, हर जाबांज सैनिक और देश पर हमें गर्व है। इसके अलावा ग्रामीण इलाकों में भी जगह-जगह तिरंगा लहराया और लड्डू बंटे व देश की सेना का हौसला अफजाई किया।

**मालाखेड़ा :** भारतीय सेना, वायुसेना और नौसेना के संयुक्त अभियान में आतंकवादियों के ठिकानों पर सर्जिकल स्ट्राइक की सफलता से मालाखेड़ा क्षेत्र में उत्साह और गर्व का माहौल है। इस अवसर पर क्षेत्रवासियों ने 15 मिनट का प्रतीकात्मक ब्लैकआउट रखा, जिसके दौरान घरों और दुकानों की लाइटें बंद रखी गईं।

रात 8:15 बजे क्षेत्र में जोरदार आतिशबाजी की गई और मिठाइयां बांटकर खुशियां मनाई गईं। स्थानीय नागरिकों विजेंद्र सिंह राघव, बलराम सिंह, शोभा चौधरी, घनश्याम, प्रमोद सिंह, राहुल, मनीराम, और प्रहलाद चौधरी सहित अन्य लोग इस आयोजन में शामिल रहे।

सभी युवाओं ने वंदे मातरम और भारत माता की जय के नारों के साथ भारतीय सेना जिंदाबाद का जयघोष किया, जिससे पूरा क्षेत्र देशभक्ति के रंग में रंग गया।

**भिवाड़ी :** पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर भारत की कार्रवाई के बाद तिजारा में खुशी का माहौल है। बुधवार को तिजारा बार एसोसिएशन के सदस्यों ने तिरंगा लहराकर जश्न मनाया। वकीलों ने वंदे मातरम और भारत माता की जय के नारे लगाए।





बार एसोसिएशन के संयोजक एडवोकेट पुरुषोत्तम सैनी ने कहा कि पहलगाम हमले के बाद से देश की जनता पाकिस्तान के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रही थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर मिसाइल से हमला किया।

इस फैसले का पूरे देश में स्वागत हो रहा है। कार्यक्रम में कई वरिष्ठ अधिवक्ता मौजूद थे। इनमें रामानंद यादव, जीत राम चौधरी, विजय खटाना, इंद्रपाल कासाना, देवेंद्र, प्रमोद यादव, त्रिलोक चंद यादव, मनोज वर्मा, आसिन खान, जफरुद्दीन खान, सुरेश यादव, प्रेम प्रकाश नैन, ओम प्रकाश केला और नीरज तंवर शामिल थे।

## सार समाचार

### हरिओम शरण लक्ष्मणगढ़ तहसील के युवा अध्यक्ष

**अलवर, 8 मई ( निसं )।** आदर्श जाट महासभा के प्रदेशाध्यक्ष शिवकरण जानू एवं जिलाध्यक्ष तुहीराम चौधरी, महिला जिलाध्यक्ष कमलेश चौधरी की सहमति से युवा जिलाध्यक्ष रोहिताश फौजी ने हरिओम शरण पुत्र श्री नेकी राम चौधरी निवासी रोनीजा जाट तहसील लक्ष्मणगढ़ अलवर को लक्ष्मणगढ़ तहसील का युवा तहसील अध्यक्ष मनोनीत किया।



साथ ही शीघ्र ही अपनी तहसील कार्यकारिणी का गठन करने हेतु निर्देशित किया। यह जानकारी आदर्श जाट महासभा के जिला कार्यालय प्रभारी सुरेश बिजारणिया ने दी।

### श्रमिकों की जागरूकता के लिए शिविर



**बहरोड़, 8 मई ( निसं )।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अलवर के निर्देशानुसार ताह्लुका विधिक सेवा समिति बहरोड एवं श्रम विभाग के संयुक्त तत्वावधान में पंचायत समिति बहरोड़ में ई श्रम पोर्टल पर श्रमिकों के पंजीयन एवं श्रमिकों को जागरूक करने हेतु शिविर आयोजित किया गया।

शिविर में श्रम निरीक्षक प्रिया यादव द्वारा श्रमिकों का पंजीयन ई श्रम पोर्टल पर किया गया तथा सरकार द्वारा चलायी जा रही श्रमिकों के लिए योजनाओं की विस्तार से जानकारी उपस्थित लागों को दी गई। साथ ही तालुका विधिक सेवा समिति बहरोड़ के पीएलवी किरण द्वारा उपस्थित लोगो को आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 10 मई के संबंध में जानकारी प्रदान कर बताया कि जो भी पक्षकार अपने प्रकरण का निस्तारण आपसी समझाइश एवं राजीनामे के माध्यम से करवाना चाहते हैं वो 10 मई को न्यायालय परिसर में आकर करवा सकते हैं, साथ ही बाल विवाह रोकथाम के लिए लोगों को जागरूक किया तथा बताया कि बाल विवाह की जानकारी मिलने पर पुलिस को सूचित करें।

वहां उपस्थित लोगों को ई श्रम पोर्टल पर पंजीयन करने हेतु जागरूक किया गया, साथ ही वहाँ उपस्थित लोगों को महिलाओं के अधिकारों, मध्यस्थता, निशुल्क विधिक सहायता, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, लोक अदालत, स्थाई लोक अदालत, बाल श्रम, पीड़ित प्रतिकर, वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों, राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की गई।

### पटवार संघ की कार्यकारिणी का गठन

**बहरोड़, 8 मई ( निसं )।** कस्बे के हमींदपुर रोड स्थित पटवार संघ कार्यालय में बुधवार को बैठक आयोजित हुई। जिसमें राजस्थान पटवार संघ उपशाखा बहरोड़ के सदस्यों ने सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया। पटवारी अजय कुमार गैनन को अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। अनिल कुमार यादव को उपाध्यक्ष और भुवनेश कुमार कुमावत को कोषाध्यक्ष बनाया गया। कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए अन्य पदाधिकारियों की भी नियुक्ति की गई।



योगेश कुमार को संगठन मंत्री और बिजेंद्र सिंह को संयुक्त मंत्री चुना गया। हंसराज को मनोनीत सदस्य और मोनिका कुमारी को विधि मंत्री नियुक्त किया गया। इस दौरान बैठक में पटवारी रामपत यादव, अमित यादव, संदीप यादव, नरेन्द्र यादव, आरती, शर्मिला यादव, राजबीर यादव, सुगराम, रामनरेश और राकेश कुमार यादव सहित कई सदस्य मौजूद रहे।

### किसानों की समस्याओं पर कृषि विज्ञान केंद्र में विचार-विमर्श



**सोडावास, 8 मई ( निसं )।** कृषि विज्ञान केंद्र गुंता के प्रांगण में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के उप महानिदेशक फसल विज्ञान, डॉ. डी. के यादव के आगमन एवम भारतीय सरसों अनुसंधान संस्थान भरतपुर के निदेशक डॉ. बीबी सिंह केंद्र पहुंचने पर उपस्थित 15 गांवों के 70 किसानों के साथ बैठकर उनकी समस्याओं को सुनकर उनका शीघ्र ही निदान करने का आश्वासन दिए। किसानों द्वारा केंद्र पर मृदा परीक्षण लैब को सुचारू रूप से चलाने पर जोर दिया गया।

इस कार्यक्रम में केंद्र के प्रधान वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. सुशील कुमार शर्मा द्वारा उपस्थित किसानों एवं अतिथियों का स्वागत किया गया तथा केंद्र सभी विशेषज्ञों द्वारा पधारे अतिथियों को केवीके फॉर्म पर विजिट कराया गया।

### विजयलक्ष्मी ने सी.ओ. (गाइड) का कार्यभार संभाला

**अलवर, 8 मई ( निसं )।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट/गाइड राज्य मुख्यालय जयपुर के आदेशानुसार विजयलक्ष्मी वर्मा ने जिला मुख्यालय नजर बगीची, अलवर में सी.ओ. (गाइड) के पद पर कार्यभार ग्रहण कर लिया है। विजयलक्ष्मी वर्मा का स्थानांतरण उदयपुर से अलवर किया गया है। उन्होंने कल्पना शर्मा का स्थान लिया है, जिनका स्थानांतरण भरतपुर किया गया है। विजयलक्ष्मी वर्मा के आगमन पर स्काउट/गाइड कार्यालय के सदस्यों ने उनका स्वागत किया और उनसे संगठन की गतिविधियों को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की उम्मीद जताई।



### महिलाओं का कृष्ण रुक्मणी विवाह पर मंगलगान

**सकट, 8 मई ( निसं )।** क्षेत्र के जोनेटा गांव स्थित मंशा माता मंदिर पर क्षेत्र की खुशहाली व सुख समृद्धि की कामना के लिए मनसा माता ग्राम विकास समिति एवं ग्रामीणों के सहयोग से चल रहे पंच कुंडीय शतचंडी महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ के दौरान बुधवार को कृष्ण रुक्मणी विवाह का प्रसंग हुआ।



कथा के दौरान कथा प्रवक्ता प्रवीण दामोदर यति महाराज ने कहा कि भगवान प्रेम के भूखे होते हैं। भागवत श्रवण से मनुष्य के सभी मनोरथ सहज ही पूर्ण हो जाते हैं। ईश्वर की भक्ति में ही शक्ति निहित है। उन्होंने महारास गोपी विरह किशोरी उद्व मिलन कृष्ण रुक्मणी विवाह आदि के प्रसंगों का वर्णन किया। कृष्ण रुक्मणी विवाह में श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर कन्यादान किया। महिलाओं ने बधाई व मंगल गीत गाए। भगवान श्री कृष्ण रुकमणी जी के जयकारों से संपूर्ण वातावरण धर्ममय हो गया। वही मंदिर परिसर में बनी यज्ञशाला की यज्ञ वैदीयो में यज्ञाचार्य पं रामबाबू शास्त्री ने यजमानों से वैदिक मंत्रोचार के बीच आहुतियां दिलवाई।

यज्ञ कमेटी के अध्यक्ष लल्लू राम शर्मा व संरक्षक डॉ गिरवर सिंह राठौड़ ने बताया कि भागवत कथा के आयोजन में थानागाजी विधायक कांति प्रसाद मीणा ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि गुरुवार रात्रि 9 से कृष्णा एंड पार्टी हाथरस मथुरा के कलाकारों के द्वारा राजा हरिश्चंद्र नाटक मंचन किया जाएगा वहीं महायज्ञ एवं कथा का समापन पूर्णाहुति व भंडारे के साथ शुक्रवार को होगा।

## आदिनाथ पब्लिक स्कूल में ज्ञान मंदिर, किंडरगार्टन और लिफ्ट का लोकार्पण

**अलवर, 8 मई ( नसं )।** श्री आदिनाथ जैन शिक्षण संस्थान समिति के तत्वावधान में संचालित आदिनाथ पब्लिक स्कूल में 7 मई 2025 को नव-निर्मित ज्ञान मंदिर (मिनी थियेटर), किंडरगार्टन और लिफ्ट का भव्य लोकार्पण समारोह उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। इस अवसर पर पूरे परिसर में भव्य भक्तिमय वातावरण देखने को मिला।



कार्यक्रम का शुभारंभ 108 बार नमोकार मंत्र के सामूहिक उच्चारण और भक्तामर पाठ से हुआ, जिससे पूरे आयोजन स्थल पर आध्यात्मिक वातावरण व्याप्त हो गया। समारोह में श्री आदिनाथ जैन शिक्षण संस्थान समिति के अध्यक्ष अशोक कुमार जैन 'अगोनीज', सचिव नरेंद्र कुमार जैन, उपाध्यक्ष नीरज जैन, सह-सचिव मगन चंद जैन, कोषाध्यक्ष कुलदीप कुमार जैन सहित संस्थान के अन्य प्रमुख सदस्य उपस्थित रहे।

विशेष अतिथि के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी मनोज शर्मा, नवनिर्माण कार्य में मुख्य सहयोगकर्ता प्रदीप जैन (इंजीनियर, अंबेडकर नगर) और अशोक जैन (न्याय विभाग, अंबेडकर नगर) का स्वागत किया गया।

समारोह में दिगंबर जैन समाज के विभिन्न पंचायती मंदिरों के अध्यक्ष, श्री आदिनाथ जैन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अनीता सोनी, आदिनाथ जैन पीजी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अंशुल शर्मा, आदिनाथ पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य एड्रियन फ्रैंक और उपप्रधानाचार्या अल्पना जैन सहित समाज के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

संस्थान अध्यक्ष अशोक कुमार जैन 'अगोनीज' ने अपने उद्बोधन में कहा कि वे सदैव संस्था के हित में कार्य करते रहेंगे।

सह-सचिव मगन चंद जैन ने बताया कि आर.के. इंफ्रास्ट्रक्चर और श्री अशोक कुमार जैन 'अगोनीज' के सहयोग से रोटरी क्लब के माध्यम से अलवर शहर के 11 स्थानों पर 11 वाटर कूलर भेंट किए गए हैं, जिनमें से दो वाटर कूलर का उद्घाटन विद्यालय परिसर में किया गया।

सचिव नरेंद्र कुमार जैन ने कार्यक्रम का समापन करते हुए सभी अतिथियों और समाज के प्रतिष्ठित सदस्यों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने यह भी बताया कि संस्थान निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है और यह प्रगति अध्यक्ष महोदय के निर्देशन और सहयोग से ही संभव हो पाई है।

कार्यक्रम में संस्थान के सभी प्रवक्ता, अध्यापक-अध्यापिकाएं और समाज की महिलाओं की भी विशेष उपस्थिति रही।

### विद्युत आपूर्ति बाधित

**कोटकासिम, 8 मई ( निसं )।** गुरूवार को 132 केवी पुर जीएसएस पर मरम्मत कार्य के चलते विद्युत सब स्टेशन बीलियवास, बघाना, कतोपुर, कोटकासिम, जौडिया, डींगली, पुर, तिंगवा, बासनी एवं बीबीरानी जीएसएस से निकलने वाले सभी 11 केवी फीडरों की विद्युत सप्लाई 1 बजे से 5 बजे तक बंद रहेगी। यह जानकारी विद्युत कनिष्ठ अभियंता एचटीएम अंकिता यादव ने दी।

### चालक व परिचालक की सवारियों से बदसलूकी

**मुंडावर, 8 मई ( निसं )।** मुंडावर क्षेत्रवासियों के लिए परिवहन सेवाएं नासूर बनी गई है। बहरोड़-खैरथल रूट पर कोटपूतली आगार की पहले से ही मात्र चार बसों के संचालन से रूट की सवारियां परेशान चल रही थी। बुधवार को तो रूट पर मात्र दो बसे ही चली। जिनका संचालन दो घंटे के अंतराल में हो रहा था। जिससे हर बस स्टैंड पर सवारियों का हूजूम होना लाजमी था। लेकिन इन दो बसों में से एक बस आरजे 2273 के चालक व परिचालक की सवारियों से बदसलूकी ने हद ही कर दी।

बहरोड से चलकर मुंडावर सुबह करीब 9:30 खैरथल के लिए रवाना हुई बस के चालक व परिचालक की ओर से रास्तेभर में सवारियों से यह कहकर बदसलूकी की कि बस में बैठने के लिए हमने कोई न्योता थोड़ी दिया। चालक व परिचालक द्वारा यह वाक्यांश कई सवारियों से कहने पर इस बदसलूकी पर बस में सवारियों ने हंगामा कर दिया।

इससे झलाए चालक ने सड़क के बीच में बस को खड़ा कर बस को आगे ले जाने के लिए मना कर दिया। करीब 20 मिनट खड़ी बस में बैठी कुछ सवारियों ने चालक को समझाने पर चालक आगे चलने के लिए रवाना हुआ।

चालक व परिचालक की इस बदसलूकी की सूचना विधायक ललित यादव एवं कोटपूतली आगार प्रबंधक को दी गई। जिस पर आगार प्रबंधक ने चालक और परिचालक के खिलाफ कार्रवाई करने की आश्वासन दिया।

## सार समाचार

### विश्व शांति के लिए नौतपा तपस्या

**सोडावास, 8 मई ( निसं )।** कैरो वाले महादेव मंदिर चतरपुरा धाम पर संत दीपाई नाथ महाराज अत्यधिक तापमान व लू के मौसम में विश्व शांति के लिए नौ तपा तपस्या में 7 मई बुधवार से 15 मई गुरुवार तक अपनी तपस्या में लीन रहेंगे। आपको बता दें कि गर्मी व लू के इस मौसम में 9 दिन तपस्या में लीन संत दीपाई नाथ महाराज चतरपुरा रहेंगे।



संत दीपाई नाथ महाराज पिछले साल भी भीषण गर्मी व लू में 21 दिन तपस्या कर चुके है। श्रद्धा और आस्था का प्रतीक नौ तपा तपस्या मानी जाती है। संत दीपाई नाथ महाराज का कहना है कि वे विश्व शांति के लिए 9 दिन की तपस्या में लीन है। मंदिर सेवकों व ग्रामीणों ने बताया कि नौ तपा तपस्या पूर्ण होने पर मंदिर धाम 16 मई शुक्रवार सुबह 11:15 बजे से प्रसादी ( भंडारे) का आयोजन एवं दोपहर 1:15 बजे से हरियाणा के गायक कलाकार नरदेव बेनीवाल एंड पार्टी बाबा के भजनों का गुणगान करेंगे।

देखने वाली बात तो यह है एक ओर जनता एसी व पंखों का सहारा लेकर भी गर्मी से निजात नहीं पा रहे है। वहीं संत दीपाई नाथ महाराज मानव जाति के कल्याण की चिंता है। ये संत प्रचंड गर्मी में भी नौ तपा तपस्या कर रहे हैं। ताकि मानव जाति का कल्याण हो सके।

### खाटू श्याम मंदिर के महोत्सव में कलश व शोभायात्रा

**रामगढ़, 8 मई ( निसं )।** कस्बे के बहादुरपुर रोड स्थित नवनिर्मित खाटू श्याम मंदिर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। बुधवार को मंदिर से भव्य कलश और शोभा यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में खाटू श्याम बाबा की मूर्ति को चांदी के रथ पर विराजमान किया गया।

कलश यात्रा में 3000 से अधिक महिलाओं ने 1100 से अधिक कलशों के साथ भाग लिया। शोभायात्रा में राधा कृष्ण और शिव पार्वती की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। पुरुषार्थी समाज, यादव समाज और अन्य समाजों ने तोरण द्वार बनाकर शोभायात्रा का स्वागत किया।



मंदिर में विद्वान आचार्य जगदीश शरण शास्त्री और सहआचार्य दीपक शास्त्री ने भगवान के विग्रहों का फलाधिवास और पुष्पाधिवास कराया। मंगलवार को समाजसेवी अनिल जैन और श्री श्याम जनकल्याण सेवा समिति अध्यक्ष जवाहरलाल तनेजा ने धर्म जागरण यात्रा का शुभारंभ किया। शोभायात्रा बहादुरपुर मार्ग, रामलीला मंच, मुख्य बाजार, नौगावां तिराहा, गोविंदगढ़ मोड़, बस स्टैंड और गुरुद्वारा मोड़ से होते हुए श्री श्यामेश्वर धाम मंदिर पर संपन्न हुई। गुरुवार को मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम और रात्रि जागरण होगा। शुक्रवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। मंदिर के मुख्य पुजारी हेमंत वशिष्ठ और मदन गोपाल ने बताया कि बुधवार सुबह 5 बजे यजमान दिनेश शर्मा-रेखा शर्मा और महेंद्र गोपालिया-लाजवंती गोपालिया द्वारा देव विग्रहों का विशेष अनुष्ठान कराया गया।

## पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सार्थक कदम 'बर्तन बैंक योजना'

**खैरथल, 8 मई ( निसं )।** प्लास्टिक के उपयोग को कम करने, पारंपरिक आयोजनों के लिए किफायती विकल्प प्रदान करने और समाज में एकजुटता को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार 'बर्तन बैंक योजना' के रूप में एक अभिनव पहल कर रही है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशानुरूप यह योजना न केवल प्रदेश बल्कि पूरे देश में एक सकारात्मक मॉडल के रूप में कार्य कर सकती है जो पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक समरसता की दिशा में एक नया मार्ग प्रशस्त करेगी।

राज्य सरकार की वर्ष 2025-26 की बजट घोषणा के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में प्लास्टिक के उपयोग से हो रहे पर्यावरण दुष्प्रभाव को देखते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में बर्तन बैंक खोलने घोषणा की गई थी, जिसकी अनुपालना में ग्राम पंचायतों पर स्टील के बर्तन उपलब्ध करवाते हुए बर्तन बैंक बनाया जाएगा। प्रथम चरण में एक हजार ग्राम पंचायतों को एक-एक लाख रुपये के स्टील के बर्तन उपलब्ध कराये जाएंगे। चरणबद्ध तरीके से प्रदेश की अन्य ग्राम पंचायतों में भी बर्तन बैंक प्रारंभ किए जाएंगे।

कोटा जिले के रामगंजमंडी विधानसभा क्षेत्र की खैराबाद पंचायत समिति में प्रदेश का पहला स्टील बर्तन बैंक विधिवत रूप से प्रारंभ किया गया है। खैराबाद पंचायत समिति द्वारा इस बर्तन बैंक का संचालन किया जाएगा। प्रारंभ में इस बर्तन बैंक में 900 सेट स्टील बर्तन रखे गए हैं। बाद में आवश्यकता अनुसार इनकी संख्या में वृद्धि की जाएगी।

बर्तन बैंक में विभिन्न प्रकार के स्टील के बर्तन जैसे प्लेट, चम्मच, गिलास, कटोरी आदि के सेट उपलब्ध कराये जाएंगे, जिन्हें ग्राम पंचायत/गांव स्तर पर बैंक के रूप में रखा जाएगा।

प्रत्येक ग्राम पंचायत हेतु बर्तन के न्यूनतम 400 सेट उपलब्ध होंगे। प्रत्येक सेट में एक प्लेट, 3 कटोरी, एक चम्मच एवं एक गिलास सहित कुल 6 बर्तन होंगे, जिस पर संबंधित ग्राम पंचायत की मार्किंग की जाएगी। बर्तन बैंक में बर्तनों को व्यवस्थित तरीके से रखने एवं प्रदर्शित करने के लिए एक रैक की व्यवस्था भी होगी। बर्तन बैंक के संचालन हेतु आवश्यक श्रमिक/ मानवीय सेवाएं राजीविका के स्वयं सहायता समूह द्वारा उपलब्ध करवाई जाएगी।

बर्तन बैंक स्थापित करने के लिए ग्राम पंचायत एवं स्वयं सहायता समूह का चयन 'पहले आओ पहले पाओं' की तर्ज पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा किया जाएगा, जिसमें अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद, अधिषाषी अभियंता, जिला परिषद और जिला परियोजना समन्वयक, राजीविका सदस्य होंगे।

बर्तन बैंक की स्थापना के बाद नियमित संचालन का पर्यवेक्षण ग्राम पंचायत द्वारा किया जाएगा, जिसकी समीक्षा समय-समय पर स्वच्छ भारत मिषन (ग्रामीण), राजीविका तथा जिला/ब्लॉक स्तर के अधिकारियों द्वारा की जाएगी।

राज्य सरकार की यह योजना न केवल प्लास्टिक के उपयोग को कम करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि यह पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। प्लास्टिक का अत्यधिक उपयोग पर्यावरणीय संकट, प्लास्टिक कचरे की बढ़ती समस्या, और जलवायु परिवर्तन के खतरे को बढ़ाता है। राज्य सरकार का उद्देश्य यह है कि लोगों को ऐसे विकल्प उपलब्ध कराए जाएं, जिनसे वे प्लास्टिक का उपयोग कम कर सकें और बर्तनों का पुन: उपयोग करें।


**कार्यालय चिकित्सा अधिकारी प्रभारी आर.आर. सामु.स्वा. केंद्र बर्डोद ( कोटपुतली-बहरोड़ )**

क्रमांक :- 2025-26/153 दिनांक : 07.05.2025

**निविदा सूचना :**

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बर्डोद पर लैब और एक्से का कन्यूमेबल सामान उपलब्ध कराने हेतु सीलबंद निविदा दिनांक 13.05.2025 तक आमंत्रित की जाती है। निविदा की विस्तृत जानकारी निविदा प्रपत्र, नियम व शर्तें www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

UBN No. : MHS2526GSRC00778

NIB No. : MHS2526A0413

सचिव

मेडिकेयर रिलिफ सोसायिटी, बर्डोद


स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक सरोज शर्मा के लिए सांध्य ज्योति दर्पण प्रिंटर्स, डी.एल.टॉवर3-ए, विद्याश्रम इंस्टीट्यूशनल एरिया, जे.एल.एन. मार्ग, जयपुर से मुद्रित करा कर सांध्य ज्योति दर्पण कार्यालय केडलगंज , अलवर से प्रकाशित है। संपादक सी.पी. सैनी, फोन नं. 0144-2335105, 2701531 जयपुर कार्यालय : संसार चन्द्र रोड, जयपुर, सम्पादक : महेन्द्र यादव - फोन : 2364412, 2361816, फैक्स : 0141-2361816। नागौर कार्यालय - 1/44 व्यास कॉलोनी, नागौर - सम्पादक : रमेश जैन, फोन : 240071 फैक्स- 01582-240071, भरतपुर कार्यालय - कोतवाली रोड, भरतपुर- सम्पादक : जगदीश अग्रवाल, फोन : 223780, पोस्टल रजि.नं. आरजे-779, आरएनआई नं. 48648/90